रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 25 फरवरी 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-184 मूल्य 3.00 ₹

# देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान : पीएम मोदी

## छत्तीसगढ़ में 34 हजार 427 करोड़ रुपए की योजना का किया लोकार्पण-शिलान्यास

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी रायपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रदेश में 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इनमें 18 हजार 897 करोड़ रुपए की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपए की एक परियोजना का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के विकास में छत्तीसगढ़ का विशेष योगदान है। विकसित छत्तीसगढ़ से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पास परिश्रमी किसान हैं। प्रतिभाशाली नौजवान हैं और प्रकृति का खजाना है। विकसित होने की सारी संभावना मौजूद है। छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले से जुड़े, सौर ऊर्जा से जुड़े और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पाएगी। हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनाना चाहते हैं। राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार अपनी गारंटियों को पूरा कर रही है वो बहुत प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। डबल इंजन सरकार ने यह गारंटी पूरी कर दी है। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच का आदेश दे दिया गया है। मैं छत्तीसगढ़ की बहनों को महतारी वंदन योजना की बधाई देता हूँ इससे लाखों महिलाओं को लाभ होगा। हम जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।

## छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी पर हो रहा तेजी से काम : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में बताया कि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ को संवारने का काम तेजी से हो रहा है। मोदी ने छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि हमारी सरकार आने पर सुशासन स्थापित करते हुए नागरिकों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लायेंगे। इसके परिपालन में सरकार ने पहले ही दिन से ही प्रधानमंत्री जी की गारंटियों पर अमल शुरू कर दिया गया। 18 लाख परिवारों को पक्का आवास देने, किसानों को 2 साल का बकाया बोनस का भुगतान करने, 3100 रुपए क्विंटल के भाव से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने, विवाहित माताओं-बहनों को हर महीने 1 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू करने जैसी अनेक गारंटियों को हम पूरा कर चुकें हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य देश के सामने रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए छत्तीसगढ़ भी पूरे मनोयोग के साथ अपनी भागीदारी के लिए तत्पर है। 'विकसित भारत' के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमने 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण का लक्ष्य स्वयं के सामने रखा है। राष्ट्र को नवनिर्माण के लिए एकजुट करने और हर नागरिक तक शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए 16 दिसम्बर 2023 से छत्तीसगढ़ में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शुरू हुई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इसमें प्रदेश के सवा करोड़ लोग शामिल हुए, माताओं-बहनों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें से 1 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन संकल्प में भी भाग लिया। संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविरों में 66 लाख से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, 55 लाख लोगों ने टीबी जांच कराई, 35 लाख लोगों ने सिकल सेल की जांच कराई। 4 लाख 35 हजार आयुष्मान भारत कार्ड, 47 हजार क्रेडिट कार्ड, 10 हजार सॉइल हेल्थ कार्ड और 45 हजार माई भारत वालंटियर का पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए 847 करोड़ 45 लाख रुपए लागत की 1180 किलोमीटर लंबाई वाली 333 सड़कों की निर्माण की स्वीकृति दी गई है। इससे विशेष पिछड़ी जनजातियों की 366 बसाहटें लाभान्वित होंगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस योजना से 29 हजार 439 परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है। इनमें से 15 हजार से अधिक परिवारों को आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। 13 हजार 188 परिवारों को पहली किश्त की राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश की 7 लाख 82 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ को संवारने के हमारे महती प्रयासों को बल मिलेगा और विकसित भारत के प्रधानमंत्री के सपने को विकसित छत्तीसगढ़ बनाकर हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं की राशि भी भेंट की। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी अपना संबोधन दिया।


### क्विक न्यूज

### एक जुलाई से लागू हो जायेंगे तीनों आपराधिक कानून

**नयी दिल्ली।** आपराधिक न्याय व्यवस्था से संबंधित तीनों नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,भारतीय न्याय संहिता 2023और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आगामी एक जुलाई से लागू होंगे। गृह मंत्रालय ने शनिवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की पहली अनुसूची में शामिल धारा 106(2) से संबंधित प्रविष्टि के प्रावधानों पर फिलहाल रोक लगा दी है ।

### हरदम राष्ट्रविरोधी बातें करने वालों से सावधान रहें युवा : धनखड़

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखने और ऐसे



तत्वों से सावधान रहने को कहा जो हमेशा भारत विरोधी कहानियां गढ़ने और फैलाने में लगे रहते हैं और इस काम से उनका मन नहीं ऊबता। धनखड़ राजधानी में दिल्ली विश्वविद्यालय के 100वें वार्षि दीक्षांत समोरोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा कि विकसित भारत की राह की सफलता की कुंजी देश की युवा पीढ़ी के हाथ में है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के युवाओं को न केवल अपने लिए बल्कि देश और पूरी दुनिया के लिए अपनी विशिष्ट छाप छोड़नी है क्यों कि 'हम वसुधैव कुटुंब' की अवधारणा में विश्वास रखते हैं।

### हिमाचल में सड़क हादसा में दो की मौत, तीन घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा-जोत मार्ग पर कुट नाला के पास कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि, हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को चुवाड़ी अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी में मृतकों की पहचान रविंद्र सिंह राणा व साहिल निवासी मलिकपुर पठानकोट के तौर पर हुई है। हादसे में कुलदीप कुमार पुत्र लाल चंद व नरेंद्र शेट्टी पुत्र ओमप्रकाश दोनों निवासी गांव नुरोट मेहरा सारना पठानकोट व रोहित पुत्र प्रकाश चंद निवासी मलकापुर पठानकोट गंभीर रूप से घायल है।

### इंडिया गठबंधन में सात राज्यों में सीट बंटवारे पर सहमति : वेणुगोपाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि इंडिया गठबंधन के बीच सात राज्यों में सीटों के बंटवारे पर



सहमति हो गयी है जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में इस मुद्दे पर अभी खामोशी है। वेणुगोपाल ने आज ट्वीट कर कहा, पिछले सप्ताह के दौरान इंडिया गठबंधन ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली गोवा, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ में महत्वपूर्ण सीटों के बंटवारे पर मुहर लगा दी है और उम्मीद है कि गठबंधन अन्य सीटों के लिए भी जल्द ही सकारात्मक निष्कर्ष पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे का काम चल रहा है लेकिन राजग में इस मुद्दे पर खामोशी है क्योंकि वह अवसरवादी गठबंधन है। उन्होंने सवाल किया राजग में क्या हो रहा है। क्या सभी गलत सोच वाले, भ्रष्ट और अवसरवादी 'एम एंड ए' सौदे भाजपा की रातों की नींद हराम कर रहे हैं। बिहार में अभी तक सीटों का बंटवारा क्यों नहीं हुआ। महाराष्ट्र में लोकतंत्र पर हथौड़ा उठाया है। जो पार्टी 400 से अधिक सीटें जीतने का दावा करती है क्या उसे उन दलों ने बंधक बना लिया है जिन्हें वह हड़पना चाहती थी। इस बीच कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक तथा आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक और आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की बीच सीटों के बंटवारे को लेकर समझौता हो गया है।

### एशियाई खेलों में सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं की प्रोत्साहन राशि को मंजूरी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गत सितंबर-अक्टूबर में चीन के हांगझू में आयोजित 19 वें एशियाई खेलों और चौथे एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन को मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों के साथ-साथ एशियाई पैरा खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 लाख रुपये, रजत पदक विजेताओं को 15 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 10 लाख रुपये का नकद इनाम मिलेगा। सशस्त्र बलों के अनेक एथलीटों ने इन खेलों में देश को गौरवान्वित किया था। रक्षा मंत्री ने उनकी वापसी पर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने सात पैरा एथलीटों सहित 45 पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने की भी मंजूरी दी थी। इन 45 एथलीटों ने एशियाई खेलों में 09 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य पदक और एशियाई पैरा खेलों में 01 स्वर्ण, 04 रजत और 02 कांस्य पदक जीते। रक्षा मंत्रालय की ओर से पहली बार घोषित यह वित्तीय प्रोत्साहन इन एथलीटों को पेरिस ओलंपिक-2024 की क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### श्रद्धालुओं को सुगमता से स्नान करने के लिए 12 घाट तैयार कराए गए

## संगम में 25 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया माघी पूर्णिमा स्नान

एजेंसी < प्रयागराज
www.dailypioneer.com



दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माघ मेला के पांचवे माघी पूर्णिमा स्नान पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र जल में 25 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगयी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अपराह्न 12 बजे तक 25 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। प्रशासन ने करीब 30 लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने की संभावना जताई है। प्रशासन ने बताया कि श्रद्धालुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में स्नान शुरू कर दिया। मेला क्षेत्र में स्नान करने आए श्रद्लुओं से अपने लोगों का हाथ पकड़े रहने तथा छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की लगातार लाउड स्पीकर पर उद्घोष कर रहा है। प्रभारी माघ मेला अधिकारी दयानंद ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगमता से स्नान करने के लिए 12 घाट तैयार कराए गए हैं। मेला क्षेत्र में प्रवेश के साथ ही निकास पर अधिक जोर रहेगा। मेला क्षेत्र में सभी व्यवस्था मौनी अमावस्या वाली ही है। ब्रह्ममुहूर्त बेला से कल्पवासी, साधु-संत और दूर-दराज से स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने स्नान शुरू कर दिया था। मौसम सुहावना होने से भोर से ही संगम तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही है। बुजुर्ग, युवा, बच्चे, महिलाएं, गरीब-अमीर श्रद्धालु बिना किसी भेदभाव के संगम में ऊं नमः शिवाय, हर-हर गंगे और हर हर महादेव, जय गंगा मइया का जयघोष करते हुए आस्था की डुबकी लगायी। स्नान के बाद श्रद्धालु विशेषकर महिलाओं ने सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया, कोई गंगा मां को पुष्प और दुग्ध अर्पण कर रहा तो कोई धूप-दीप और अगरबत्ती सुलगा कर मां गंगा की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना किया। माघ मेला के लघु भारत में अनेकता में एकता का नजारा देखने को तब मिलता है जब श्रद्धालुओं का समूह एक साथ संगम में बिना भेदभाव के आस्था की डुबकी लगायी। उस समय अमीरी-गरीबी और छुआछूत की दीवार भरभरा कर ढ़ह गयी। वैदिक शोध संस्थान एवं कर्मकाण्ड प्रशिक्षण केन्द्र के पूर्व आचार्य डा आत्माराम गौतम ने बताया कि शनिवार को माघी पूर्णिमा लंबे अंतराल के बाद मघा नक्षत्र में पड़ रही है। इस बार पूर्णिमा पर एक साथ चार दुर्लभ राजयोग का संयोग भी बन रहा है। उन्होंने बताया कि बुध-सूर्य के जहां कुंभ राशि में होने से बुधादित्य राज योग होगा, वहीं शनि के कुंभ राशि पर होने से शश योग बनेगा। इस स्नान पर्व पर लक्ष्मी महायोग भी मिल रहा है। लक्ष्मी योग और शश योग भी मिल रहे हैं। ऐसे में संगम में स्नान का फल कई गुना अधिक होगा ही। पुलिस कमिश्नर रिमत शर्मा ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर मेला क्षेत्र में हाईअलर्ट के साथ पुलिस, पीएसी, आरएएफ के जवान समेत पुलिस और निजी गोताखोर स्नान घाटों पर तैनात किये गये है। पूरे मेला क्षैष्क्षेत्र की अलग अलग टीमें बनाकर एंटी सबाटोज टीम एवं खोजी स्वान संग फोर्स जांच पड़ताल कर रही है। हनुमान मंदिर, संगम नोज समेत मेला क्षेत्र के प्रत्येक संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्थ भी बढ़ाई गयी है। मेला क्षेत्र में पीएसी की 10 कंपनियों के साथ ही एटीएसए के कमांडो भी कैंप कर रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आरएएफको भी मुस्तैद किया गया है।



# डीए की मांग को लेकर फेडरेशन ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



एक बार पुनः डी ए सातवें वेतनमान एवं अंतिम एरीयर्श की माँग सहित विभिन्न माँगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन जिला संयोजक केडी राय, जिलाध्यक्ष मो. जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके को ज्ञापन सौंपा गया। डीए की माँग को लेकर प्रदेश भर के कर्मचारी आक्रोशित हैं। पूर्व सरकार मे भी कर्मचारी आंदोलनरत रहे हैं। सौपे गये ज्ञापन मे माँग की गई है कि शासन-प्रशासन को समय-समय पर ज्ञापन देकर अनुरोध किया जाता रहा है। लेकिन खेद का विषय है कि निराकरण नही होने के कारण कर्मचारी-अधिकारी आक्रोशित हैं। सौंपे गये ज्ञापन मे प्रमुख मांगे मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से दिया जावे। डी ए की लंबित एरियर्श राशि का समायोजन जीपीएफ खाते मे किया जावे। पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजिनक किया जावे। सातवें वेतनमान का अंतिम किश्त की एरीयर्श राशि जारी किया जावे। अनुरोध किया गया है कि लोकसभा चुनाव आचार संहिता लगने के पूर्व उपरोक्त मुद्दों का तत्काल कार्यवाही करने का निवदेन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आपकी मांगे शासन-प्रशासन तक पहूँचाई जायेंगी। प्रतिनिधि मंडल मे महेश शेट्टी, वीरा राजा बाबु, बी एल पुजारी, डी सुबैया, राजेश मिश्रा, अप्पाराव, राजेन्द्र पसपुल, पवन ठाकुर, महेन्द राणा, नारायण मूर्ति, डॉ खेश, सी वेंक्टेश्वर, मंजूलता कूजूर सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

# स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न



**कोंडागांव।** कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत अंतर्गत स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के तहत जिलाशिक्षाधिकारी मधुलिका तिवारी और सीएमएचओ आर के सिंह के आदेशानुसार फरसगांव विकास खंड के तृतीय चरण में 59 शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण डीएनके स्थित सीएमएचओ भवन कोंडागांव में संचालित किया गया। फरसगांव विकास खण्ड के प्रथम चरण में 90 द्वितीय में 90 तृतीय चरण में 59 अलग-अलग माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के 239 शिक्षकों को एससीईआरटी द्वारा तैयार 11 माड्यूल पर शिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किया गया हैं। स्टेट ट्रेनर शिवचरण साहू, नीरज ठाकुर, स्वाथ्य विभाग से ड्रा चंद्रकला ठाकुर ड्रा जोनाथन विनय ब्लॉक मास्टर ट्रेनर यागवेंद्र यादव ईश्वर दयाल मन्नाराम मोहन बोगा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिवस हेमंत मरकाम द्वारा इंटरनेट और सोशल मिडिया का सुरक्षित उपयोग पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बच्चों को किया गया स्टडी बैग वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ पखांजूर
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र नंदनमारा विकास खंड कांकेर के अंतर्गत संचालित 6 शासकीय प्राथमिक विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला माकड़ीखूना, टप्पापारा, माकड़ी सिंगराय, नंदनमारा बड़ेपारा, नंदनमारा छोटेपारा एवं माटवाड़ा लाल बड़ेपारा के कक्षा पहली में अध्यनरत कुल 21 बालक-बालिकाओं को मोहन मंडावी सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर के अनुशंसा पर गेल इंडिया कंपनी द्वारा प्रदत्त स्टडी कीट का वितरण जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन व विकास खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक के मार्ग दर्शन में सभी स्कूलों में जनप्रतिनिधि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्यों, पालकों, शिक्षक व बच्चों की उपस्थिति में वितरण किया गया।

उक्त प्राप्त स्टडी कीट को देख कर सभी लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए इस सराहनीय कार्य के लिए सांसद की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिये।

# जनजाति क्षेत्र में रिक्त पदों को भरने के लिए समयबद्ध हो प्रभावी कार्यवाही : मिश्र

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने जनजाति क्षेत्रों में विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों को भरने के लिए समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मिश्र शनिवार को राजभवन में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग से संबंधित विकास योजनाओं की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि अनुसूचित क्षेत्र के लोगों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का समुचित और समय पर लाभ मिले। उन्होंने जनजाति क्षेत्र में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़े जाने, उनके कौशल प्रशिक्षण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत तथा पेयजल सेवाओं की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को गंभीर होकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को गरीबी और अभावों से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने अनुसूचित क्षेत्र में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के बकाया प्रकरणों को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस संबंध में लापरवाही को भविष्य में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जनजाति क्षेत्रों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का सही रूप में और शत–प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल की धीमी प्रगति पर रोष जताते हुए इसे गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। मिश्र ने आदिवासी क्षेत्रों में उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं को तैयार करने के लिए भी विशेष जोर दिया। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों के विपणन से जुड़ी उद्यमिता विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने जनजाति क्षेत्र विकास विभाग एवं जनजाति उपयोजना मद में बजट आवंटन और व्यय की गई राशि के संबंध में विशेष रूप से समीक्षा की तथा कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने से संबंधित सभी योजनाओं की अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जनजाति क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों, खेल छात्रावास, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली तथा कहा कि इन्हें भरने के लिए कागजी कार्यवाही नहीं, परिणाममूलक ठोस प्रयास हों। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार ही वह माध्यम है जिससे वहां विकास को व्यावहारिक रूप में क्रियान्वित किया जा सकता है। अनुसूचित क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल उपलब्धता की प्रगति की राज्यपाल ने बैठक में विशेष समीक्षा की। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर ग्रामीण परिवार को नल से पानी के कनेक्शन की शत–प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए।

# बांकेबिहारी मन्दिर के आनन्द उत्सव में बहती है श्रद्धा, भक्ति और संगीत की त्रिवेणी

एजेंसी ➤ मथुरा
www.dailypioneer.com

बांकेबिहारी मन्दिर वृन्दावन का मशहूर आनन्द उत्सव 25 फरवरी से शुरू हो रहा है। इसमें मन्दिर में श्रद्धा, भक्ति और संगीत की त्रिवेणी प्रवाहित होती रहती है। इसे भक्तों के कल्याण के लिये कन्नौज के राजा द्वारा 125 वर्ष पूर्व प्रारंभ कराया गया था। कन्नौज के राजा ने इसकी शुरूवात मन्दिर के तत्कालीन राजभोग सेवा अधिकारी ब्रज बिहारी लाल गोस्वामी से कराई थी तथा इस पर आनेवाले खर्च को स्वयं ही वहन किया था। उस समय यह उत्सव एक छोटे रूप में शुरू किया गया था किंतु समय के साथ इसमें परिवर्तन होते गए और बांकेबिहारी मन्दिर की प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत डॉ आनन्द किशोर गोस्वामी ने तो इसे वृहद रूप दिया था। उन्होने मन्दिर की सजावट को न केवल भव्य रूप दिया था बल्कि देहरी पूजन, संत सेवा ,भक्तों में प्रसाद लुटाने जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उत्सव को नया कलेवर दिया था । मन्दिर में भक्तों की संख्या बहुत अधिक बढने के कारण सजावट में जहां परिवर्तन किया गया है वही प्रसाद लुटाने की परंपरा को बन्द कर दिया गया है क्योंकि मन्दिर के जगमोहन से जब फल, मिठाई, वस्त्र , बांसुरी आदि लुटाए जाते थे तो प्रसाद लेने की लूट मच जाती थी और उसमें दुर्घटना होने का बहुत अधिक खतरा पैदा हो गया था। मन्दिर के सेवायत आचार्य ज्ञानेन्द्र किशोर गोस्वामी ने बताया कि 15 दिन तक चलनेवाले इस उत्सव का सबसे महत्वपूर्ण भाग बांकेबिहारी मन्दिर के गर्भ गृह में प्रवेश करने या निकलने वाला देहरी पूजन है।

द्वापर में कान्हा के कुछ बड़े होने तथा उनके देहरी से बाहर निकलने में कहीं उन्हें चोट लगने से बचाने के लिए उनकी मां यशोदा ने उस समय देहरी पूजन कराया था। वर्तमान परंपरा उसी की पुनरावृत्ति है। देहरी पूजन में पहले देहरी को पंचामृत से रगड़ रगड़कर साफ किया जाता है और फिर कई केन गुलाब जल से धोया जाता है और फिर विधिवत पूजन होता है जिसमें पुष्प, ठाकुर की पोशाक, बिस्तर, मिठाई, मेवा, केशर आदि ठाकुर को अर्पित किये जाते हैं तथा उन्हें आभूषण धारण कराये जाते हैं। देहरी के सामने के कटघरे को गुलाबजल से धोया जाता है तथा देहरी से लेकर कटघरे तक को सुगंधित इत्र की 108 बड़ी शीशियों में भरे इत्र से आच्छादित किया जाता है और फिर मन्दिर में लगनेवाले झंडे को लेकर वाद्य यंत्रों के साथ मन्दिर की परिक्रमा की जाती है।

देहरी पूजन शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक अनवरत एक ओर''राधे राधे जपो चले आएंगे बिहारी'', ''बांकेबिहारी तेरी आरती गाऊं'' जैसे भक्तिपूर्ण गीतों का संगीत चलता रहता है तो दूसरी ओर वेदमंत्रों से मन्दिर का कोना कोना गूंजता रहता है। राजभोग आरती के बाद मन्दिर बन्द हो जाता है। वर्तमान में भक्त की इच्छा पर फूल बंगले का भी आयोजन किया जाता है। संत या साधु सेवा इस उत्सव का अन्य महत्वपूर्ण भाग है इसमें साधुओं और संतो को प्रसाद दिया जाता है तथा यह प्रयास किया जाता है कि प्रसाद वितरण के समय आनेवाला कोई साधु इससे वंचित न रह जाय।

# जिला पंचायत सीईओ नीलम टोप्पो ने संभाला कार्यभार



**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा का पाठ्य पुस्तक निगम में स्थानांतरण के पश्चात 14वें जिला पंचायत सीईओ के रूप में नीलम टोप्पो ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते हुए नीलम टोप्पो ने कहा कि, शासन के विकास कार्यों को पूर्ण करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इन कार्यों में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना को शत प्रतिशत पूर्ण करना उनका लक्ष्य है। इसी तरह विकास कार्यों को पूर्ण करने के साथ विकास कार्यों की निरंतर गति भी बनाए रखेंगे।

# बैलगाड़ी शब्द से बनाए हिन्दी अंग्रेजी के 35 शब्द

***आओ खेल खेल में शब्द अंताक्षणी खेलें***




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रीडिंग एक्शन प्लान शिक्षा अभियान में एम जे एफलायन मधु यादव लायंस क्लब रायपुर शिखर द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला विवेकानंद नगर में कक्षा चौथी और पांचवीं के बच्चों और शिक्षकों के साथ शब्द अंताक्षणी खेल के साथ बच्चों को पढ़ाया गया। बैलगाड़ी खिलौने से गणित विषय में मनगणित अभ्यास और पर्यावरण विषय में आवागमन के साधन समझाया गया। हिंदी और अंग्रेजी में बच्चों ने इंग्लिश लेटर्स को आगे पीछे करके 30 और हिन्दी में तुकांत शब्दों से 15, शब्द बनाए। सबसे अधिक सवालों के जवाब देने वाले बच्चों इशिका सोनकर, झंकार जैन और अक्षा सिंह को इनाम दिया गया। कार्यशाला में लायन शैली दुबे प्रधान पाठिका विनीता शर्मा, शिक्षिका हेमप्रभा साहू, हर्षा तिवारी, मंजू सोनी उपस्थित हुई।

# समाजवादी पार्टी करती है किसान आंदोलन का समर्थन : अखिलेश यादव



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को दोपहर में निजी हेलीकॉप्टर से बहराइच पुलिस लाइन पहुंचे और कहा कि दिल्ली में किसान अपने हक के लिए धरना दे रहे हैं। हम किसानों के साथ हैं। इसके बाद वह पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के आवास की ओर रवाना हुए। यादव ने दिल्ली में चल रहे किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और पीडीए किसानों के साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं। पूर्व मुख्यमंत्री आज एक बजे के आसपास पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड स्थल हेलीकाप्टर से पहुंचे। इसके बाद वह शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के आवास के लिए रवाना हुए। शाह के आवास रवाना होने से पहले पत्रकार वार्ता में श्री यादव ने कहा कि दिल्ली में किसान अपने हक के लिए धरना दे रहे हैं।

हम किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसान की मांगों पर अमल करे, इसके लिए पीडीए गठबंधन पूरा सहयोग कर रहा है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों की पार्टी है। हक और सम्मान के लिए उनकी पार्टी किसानों के साथ रहेगी। इस दौरान पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, रामतेज यादव, विधायक आनंद यादव, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, महिला जिलाध्यक्ष मुन्नी देवी, गोंडा से सूरज सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# कासगंज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 22 हुई, परिजनों को सहायता राशि देने की घोषणा

एजेंसी ➤ कासगंज
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में शनिवार को हुये ट्रेक्टर ट्राली हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 22 तक पहुंच गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गयी है। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतकों के परिजनों से मिलने और उनको ढांढस बंधाने के लिए तथा मृतकों का सम्मान जनक दाह संस्कार की निगरानी के लिए आगरा जोन की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अनुपम कुलश्रेष्ठ एटा जिले के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव पहुंचने वाली हैं। आज सुबह एटा जनपद के जैथरा थाना क्षेत्र के कसा गांव निवासी ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार होकर माघ पूर्णिमा स्नान के लिए कादरगंज गंगा घाट जा रहे थे। श्रद्धालुओं से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए। एटा के जिला अधिकारी प्रेम रंजन सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश कुमार सिंह ने कसा गांव का दौरा कर मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बधाया। जिला अधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि सभी मृतकों का दाह संस्कार जिला प्रशाशन कराएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गयीं हैं। जिला अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को परिवार के मुखिया की मृत्यु होने की दशा में कृषक बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये का कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक इस हादसे में 22 श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जतायी है।

# निवाई में अनियमितताएं मिलने पर छात्रावास अधीक्षक को किया गया निलंबित

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने टोंक जिले में देवली और निवाई में राजकीय अंबेडकर छात्रावासों का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान निवाई में अनियमितताएं मिलने पर छात्रावास अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान देवली स्थित छात्रावास में कोई छात्र उपस्थित नहीं पाया गया वहीं निवाई में निरीक्षण के दौरान चार छात्र फर्जी रूप से उपस्थित मिलें। जिस पर गहलोत के आदेशानुसार छात्रावास अधीक्षक राजेंद्र चौधरी को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। गहलोत ने बताया कि दुर्गापुरा ढाणी स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास के औचक निरीक्षण के दौरान भी कोई छात्र उपस्थित नहीं पाया गया। छात्रावास में 50 स्टूडेंट्स के लिए स्वीकृति है इनमें से 38 स्टूडेंट का हॉस्टल में नामांकन है एवं रजिस्टर चेक करने पर 25 बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर में मिली लेकिन हॉस्टल में एक भी स्टूडेंट नहीं था। इस दौरान वॉर्डन भागचंद चौधरी से इस सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इसके बाद गहलोत राजकीय अंबेडकर छात्रावास निवाई के औचक निरीक्षण पर पहुंचे जहां उन्हें 13 छात्रों में से चार फर्जी रूप से रहते हुए पाए गए। उन्होंने बताया कि रजिस्टर में 39 बच्चों का रजिस्ट्रेशन दिखाया हुआ था। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमिताओं की जांच के लिए राजेन्द्र कुमार शर्मा, उप निदेशक (छात्रावास), मुख्यालय को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महाराष्ट्र मंडल में मुफ्त राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर आज

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में रविवार को सुबह 10:30 बजे निःशुल्क राशन कार्ड नवीनीकरण शिविर लगाया जा रहा है। चिरहुलडीह वार्ड के पार्षद दीपक जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शिविर का उद्घाटन करेंगे। सह सचिव परितोष डोनगांवकर ने बताया कि राशन कार्ड नवीनीकरण की प्रक्रिया से पहले परिवार के किसी भी सदस्य का ई- केवायसी होना अनिवार्य है। ई- केवायसी अपने संबंधित राशन दुकान में करवाना अनिवार्य है और बिना ई- केवायसी के राशन कार्ड का नवीनीकरण संभव ही नहीं है। महाराष्ट्र मंडल के शिविर में भी लाभार्थियों को राशन कार्ड लाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए 99260-00300 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# यादव ने पर्यटन विभाग को दी बधाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड÷ के अवार्ड से सम्मानित होने पर प्रदेश के नागरिकों और पर्यटन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि यह उपलब्धि पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और पर्यटन गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के राज्य सरकार के सतत प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, विश्व धरोहर स्मारक सांची, भीमबेटका, खजुराहो जैसे अनेक प्रसिद्ध और ऐतिहासिक स्थलों तथा अपार प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध है।

# हिन्दू हित ही देश का हित और हिंदू संस्कृति ही इस देश की संस्कृति : परांडे

एजेंसी ➤ अयोध्या
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को कहा कि हिन्दू हित ही देश का हित और हिंदू संस्कृति ही इस देश की संस्कृति है। विहिप के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री परांडे ने श्रीरामजन्मभूमि न्यास कार्यशाला राजघाट में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए पत्रकारों से कहा कि विहिप जन्म से ही देश में हिन्दू समाज के लिये कार्य कर रहा है। संगठन को साठ वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। अपने इस षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत विहिप देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। एक सवाल के जवाब में विहिप अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि अयोध्या, काशी और मथुरा का संकल्प सम्पूर्ण हिंदू समाज का था। भव्य राम मंदिर निर्माण से अयोध्या का संकल्प पूर्ण हुआ। मंदिर वहीं बना जहां हम सबने संकल्प लिया था। काशी, मथुरा के बारे में सारे विषय आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी साक्ष्यों से यही लग रहा है कि हिन्दू समाज का काशी, मथुरा का भी संकल्प पूर्ण होने वाला है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में हिन्दू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके से ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मान्तरण जैसे विषयों पर मंथन किया जायेगा। इससे निपटने की कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विहिप के ये प्रन्यासी मण्डल की आवश्यक बैठक विलम्ब से और रामजन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीरामलला के दिव्य, भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरान्त अयोध्या धाम में सम्पन्न होने जा रही है। उन्होंने कहा कि संकल्प की सिद्धि का सुखद आनंद सभी ध्येय निष्ठ कार्यकर्ताओं के हृदयों को स्वाभिमान और गर्व से झंकृत कर रहा है। यहां आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की देरी होने कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना, रचना को गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस बैठक में विहिप देश के एक लाख स्थानों पर संगठन विस्तार करने की योजना बनायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी विहिप सहित उसके अनुसांगिक संगठनों जैसे बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा।

# राष्ट्रीय राजमार्ग से 15 दिन के लिए हटा अवरोधक व्यापारियों ने जिलाधिकारी का जताया आभार

एजेंसी ➤ भदोही
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के गोपीगंज नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग चौराहे पर विगत कई वर्ष से लगाए गए बैरिकेटिंग को जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर 15 दिन के ट्रायल पर हटा दिया गया, जिसे लेकर व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया और जिलाधिकारी का आभर जताया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रमुख चौराहे पर अवरोधक लगाकर नगर को दो भाग में विभक्त कर दिया गया था। नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल इसे हटाने की लगातार मांग कर रहा था। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल, महामंत्री दिनेश उमर ने अधिकारियों का ध्यानाकृष्ट कराते हुए इससे व्यापार प्रभावित होने व्यापारियों के व्यापार पर पड़ रहे असर की बात को लेकर अवरोधक हटाने की आवाज बुलंद कर रहे थे। वर्षो बाद जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर व्यापार मंडल से जूम मीटिंग में समस्या सुनने के बाद 15 दिनों के ट्रायल पर अवरोधक हटाने का निर्देश दे दिए। कहा कि इस बीच सब कुछ ठीक ठाक रहा तो हमेशा के लिए हटा दिया जाएगा। अवरोधक हटने के बाद नगर के व्यापारियों ने जहां जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया।

# महावीर प्रसाद जैन का निधन भाजपा और राजनैतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति : जोशी

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व सरकारी मुख्य सचेतक महावीर प्रसाद जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि जैन राजस्थान की राजनीति में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह हंसमुख स्वभाव, व्यवहार कुशल एवं कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने अपना जीवन वंचितों के सशक्तिकरण के लिए समर्पित किया। हम सब कार्यकर्ताओं को उनसे प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि जैन का निधन भाजपा परिवार और राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति देने की प्रार्थना की।

# जावंगा ऑडिटोरियम में हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के जिला स्तरीय कार्यक्रम गीदम स्थित ऑडिटोरियम जावंगा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने के लिए हितग्राहियों महिलाओं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सभी ने हमें जो आशीर्वाद दिया। इसी का परिणाम है कि आज हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आपके बीच आये हैं। गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के सशक्तिकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा।यह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से बनेगा। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले से जुड़े, सौर ऊर्जा से जुड़े और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। इन योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ के भाई-बहनों को बधाई देते हुए उन्होंने आगे कहा कि आज एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है।इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पाएगी। हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनाना चाहते हैं। आज ही राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी। भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पावर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। हम छत्तीसगढ़ के हर घर को सूर्यघर बनाने के साथ-साथ हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वहीं बिजली बेचकर आय का एक और साधन देना चाहते है। इसी उद्देश्य के साथ पीएम सूर्योदय योजना शुरू की गयी है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी तो सरकार बिजली खरीद लेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रुपए की कमाई होगी। सरकार का जोर हमारे अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का भी है। सोलर पंप के लिए खेत के किनारे बंजर जमीन पर छोटे सोलर प्लांट लगाने सरकार मदद दे रही है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार अपनी गारंटियों को पूरा कर रही है वो बहुत प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी हमारे द्वारा दी गयी थी। और डबल इंजन सरकार ने यह गारंटी पूरी कर दी है। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, को भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। राज्य में पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच का आदेश दे दिया गया है।

इसके साथ ही उन्होने छत्तीसगढ़ की बहनों को महतारी वंदन योजना की बधाई दी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के पास परिश्रमी किसान, प्रतिभाशाली नौजवान और प्रकृति का खजाना है। विकसित होने के लिए जो भी चाहिए, छत्तीसगढ़ के पास पहले भी मौजूद था। आज भी है। आपके सपने पूरा करना ही शासन का संकल्प हैं। उन्होंने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प दोहराते हुए कहा कि आज मुफ्त राशन, सस्ती दवाएं, गरीबों के लिए घर, घर घर कनेक्शन, साफ जल, हर घर टायलेट ये सारे काम हो रहे हैं। जिन गरीबों ने इन सुविधाओं की कल्पना भी नहीं की थी उनके घर में भी यह सुविधाएं पहुंच रही हैं। हम एक ऐसा भारत बनाएंगे जिसके सपने हमारी पहले वाली पीढ़ी ने बहुत आशा के साथ देखा था, इन्हें संजोया था।

बीते दस साल में हमने चौतींस लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डीबीटी अर्थात डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर से पैसे भेजे। देश की जनता के बैंक खातों में शासन ने इतनी बड़ी राशि भेजी और मुद्रा योजना के तहत भी युवाओं को करोड़ों रुपए की मदद दी है। साथ ही पीएम सम्मान निधि के तहत पौने तीन लाख करोड़ रुपए किसानों को दिये। आज हमारी सरकार है जो गरीबों को अपना अधिकार दिला रही है। जब भ्रष्टाचार रूकता है तो विकास की योजनाएं आरंभ होती हैं। रोजगार बढ़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य की आधुनिक सुविधाएं भी बनती हैं। जो चौड़ी सड़कें, रेल लाइन बन रही है ये हमारे सुशासन का ही नतीजा है। ऐसे ही कामों से विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा होगा। छत्तीसगढ़ विकसित होगा तो भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक पाएगा।

## लता उसेंडी ने सदन के प्रश्नकाल मे रेत को लेकर मामला उठाने के बाद तुरंत विष्णु सरकार ने पीएम आवास में रेत की फ्री

**मुखमंत्री विष्णूदेव ने पीएम आवास के लिए रेत फ्री किया बहुत बहुत आभार लता उसेंडी**



पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

प्रश्नकाल में कोंडागांव विधानसभा में अधिकारियों द्वारा रेत लें जा रहें ट्रेक्टर को रोककर चालानी कार्यवाही कर रहें हैं जिससे ट्रेक्टर वाले रेत लाना बंद कर दिया है जिसमे कोंडागांव में बन रहें प्रधानमन्त्री आवास, निर्माण कार्य में रेत के ना मिलने से सभी कार्य बंद हो गए है।

ऐसे में हमारी सरकार ने चुनाव में वादा किया था कि प्रधानमंत्री आवास मैं कोई बाधा नहीं आयेगी, लेकिन रेत की ना मिलने से निर्माण बंद हों गए। इसमें हमारी सरकार को ठोस कदम उठानी चाहिए ताकी निर्माण कार्य हो सके। विधायक लता उसेंडी के प्रश्न के बाद ही विधानसभा के अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह ने हामी भरते हुये कहा कि बिलकुल सही है इसका निराकरण तुरन्त सरकार को लेना चाहिए। उसके बाद ही विष्णुदेव सरकार मे वित मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमन्त्री आवास के लिए निशुल्क रेत कि घोषणा कर प्रदेशवासियों को सौगात दी। जिसके तहत लता उसेंडी ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय वित मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक हुई शामिल

**विधायक द्वारा 11 आयुष्मान कार्ड, 9 को केसीसी, 20 को राशन कार्ड व 3 लोगों को उज्ज्वला कनेक्शन का लाभ प्रदान किया गया**



पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ थीम पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन कोंडागांव के जिला मुख्यालय स्थित गुण्डाधुर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलायें, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रदेश को 34 हजार 427 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक कोंडागांव लता उसेंडी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी, पीएम आवास योजना चलाई जा रही है। उन्होंने सभी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक बताते हुए बताया कि, शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम लेते हुए स्वसहायता महिला समूहों को रेडी टू ईट निर्माण का कार्य पुनः प्रदान जा रहा है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा किसानों के हित में फैसला लेते हुए 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान का उपार्जन किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, शासन द्वारा रामलला दर्शन योजना के माध्यम से लोगों को तीर्थ दर्शन कराने के साथ निःशुल्क चावल वितरण एवं डीबीटी के माध्यम से सीधे योजनाओं के लाभ की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई हैं और आयुष्मान योजना द्वारा लोगों को निःशुल्क उपचार भी उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर विधायक द्वारा 11 लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत कार्ड, 09 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 20 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 03 हितग्राहियों को उज्ज्वला कनेक्शन प्रदान करने के साथ आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी आय में वृद्धि कर लखपति दीदी योजना के तहत लखपति बनने वाली महिला समूह की 04 दीदियों को सम्मानित किया गया।

# घायल ग्रामीण की मदद को पहुंचे केरिपु 85 बटालियन के जवान

**विगत 02 दिन पूर्व माओवादियों द्वारा लगाये बुबी ट्रेप की चपेट में आकर घायल हुआ था कांवड़गांव का युवक सोना**

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



शासन की विकासोन्मुखी योजनाओं को अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीणों तक पहुचाने के उद्देश्य से क्षेत्र के विकास के लिये जिले के अति संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प स्थापित किये गये है ताकि क्षेत्र के विकास में बाधक माओवादियों से विकास कार्यो में सुरक्षा प्रदान की जा सके एवं क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान को गति प्रदान की जा सके। विकास की राह में बाधक माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलो को नुकसान पहुचाने के उद्देश्य से बुबी ट्रेप, प्रेशर आईईडी जैसे अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते है। विगत दिनों थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कांवड़गांव पटेलपारा के ग्रामीण सोना माओवादियों के लगाये गये बुबी ट्रेप की चपेट में आकर घायल हो गये। कैंप कांवड़गांव 85 वी बटालियन केरिपु को इसकी सूचना मिलने पर ग्रामीण के घर पहुचकर ग्रामीण को प्राथमिक उपचार दिये एवं घायल ग्रामीण को जवानों ने कंधे में उठाकर अस्पताल की 108 एम्बुलेंश वाहन तक पहुचाये। अपने आप को संवेदन बताने वाले माओवादियों की संवेदना तब कहा जाती है जब ऐसे अनुचित संसाधनों (प्रेशर आईईडी एवं बुबी ट्रेप) की चपेट में आकर निरीह मवेशी एवं निर्दोष ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो जाते है। इन्हें अपनी जान गवानी पड़ती है।

## पीएमश्री योजना के तहत् जिले के विद्यार्थियों को कराया गया एक्सपोजर भ्रमण

**नारायणपुर।** पीएमश्री योजना के तहत् सत्र 2023-24 में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के एक्सपोजर भ्रमण हेतु राज्य स्तर पर विभिन्न अंतर जिला प्रतियोगिता में शामिल होने गणित एवं विज्ञान से जुड़े गतिविधियों में शामिल होने हेतु जिले के पीएमश्री स्कूल पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय देवगाँव, ओरछा के प्रारंभिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर के कुल 200 विद्यार्थियों को 24 फरवरी को प्रातः 7.30 बजे विज्ञान सेंटर, ऊर्जा पार्क नया रायपुर एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं का शैक्षणिक भ्रमण हेतु कलेक्टर बिपिन मांझी एवं जिला शिक्षा अधिकारी नीतू राठौर के द्वारा बच्चों को सुरक्षित सफर करने खिड़की के बाहर हाथ नहीं निकालने एवं शिक्षकों के निर्देशों का पालन कर अनुशासित होकर भ्रमण का मनोरंजन करने की समझाइस देते हुये शुभ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और झण्डी दिखा कर रवाना किया गया।

## किरन्दुल परियोजना क्षेत्र में 5230 महिलाओं को मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ



**किरन्दुल।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थियों के गाँवों और वार्डों के अनुसार सूची जारी की है। जिसमें प्रदेश के सभी विवाहित महिलाओं को उक्त योजना का लाभ मिलेगा। सुपरवाइजर उषा मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि किरन्दुल परियोजना क्षेत्र में कुल 5370 महिलाओं का फॉर्म भरा गया। जिसमें 5230 महिलाओं का इस योजना के लाभ हेतु स्वीकृति मिली हैं एवं 140 महिलाओं का आधार कार्ड, बैंक खाते एवं अन्य दस्तावेज के कमी के कारण नाम निरस्त हुआ हैं।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव में सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत



**कोंडागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वाधान में विकासखंड बड़े राजपुर में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन का शुभारंभ हुआ हुअ। डिप्टी कलेक्टर पूर्व सैनिक आनंद नेताम ने गोला फेंक कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया और बच्चों को सेना में जाने के लिए प्रेरित किया। विदित हैं कि, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा विकासखंड कोंडागांव, केशकाल और फरसगांव में अग्निवीर एवं छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल के पदों की भर्ती के लिए निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे कि, कोंडागांव जिला से अधिक से अधिक संख्या में युवक एवं युवतियों का चयन हो सके। इसी कड़ी में विकासखंड बड़ेराजपुर में निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के मार्गदर्शक डिप्टी कलेक्टर पूर्व सैनिक आनंद नेताम, संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज कुमार यादव, सचिव उमेश साहू, विकासखंड बडेराजपुर के ब्लाक अध्यक्ष चंदूलाल जैन, ब्लॉक सचिव संतोष मरकाम, ब्लॉक उपाध्यक्ष रुपउराम मरकाम, सदस्य रामकुमार मरकाम, सेवारत सैनिक भारत मरकाम, ग्राम पंचायत विश्रामपुरी सरपंच पुष्पा चांदेकर, हेड कांस्टेबल आर के सोम, जिला जिला रोजगार कार्यालय के स्टाफ नरेश, बस्तर फाइटर के आरक्षक और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लड़के एवं लड़कियां उपस्थित रहें।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दुकानों में खाद्य सामग्रियों की जांच की



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कोंडागांव शहर में खाद्य सामाग्री बेचने वाले खाद्य व्यवसायियों की दुकानों में मोबाईल फूड लैब की टीम के साथ जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन ने निरीक्षण किया। इस दौरान दल ने 10 दुकानों से 72 नमूनों की जांच की गई। जिसमें अधिकांश बच्चों द्वारा खाये जाने वाली खाद्य सामाग्रियां थीं। कुछ दुकानों में मिथ्याछाप कैण्डी, टॉफी, चॉकलेट्स आदि पाई गई जबकि कुछ में एक्सपायरी खाद्य सामाग्रियां पाई गई, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराने की कार्यवाही की गई साथ ही व्यापारियों को इस प्रकार के खाद्य सामाग्रियों की खरीदी बिक्री न करने के सख्त निर्देश दिये गए। इसके पूर्व भी एक खाई खजाना बेचने वाली दुकान आकांक्षा गारमेंट्स का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक के पास वैध लाइसेंस नहीं पाया गया। जिस पर उनके विरुद्ध प्रकरण तैयार किया गया और नमूना संकलन कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है।

## साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नारायणपुर।** साइंस एंड टेक्नोलॉजी क्विज़ में पूछे गए चौटजीपीटी, डीपफेक, विज्ञान दिवस की थीम इसरो के वर्तमान अध्यक्ष जैसे प्रश्न शासकीय स्वामी आत्मनानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के ग्रन्थालय विभाग और भौतिकी विभाग के द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे भाग लेने हेतु कुल 45 प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया था, क्विज में 37 प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष संजय कुमार पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियां है। यह दिवस हमारे देश के महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन की खोज जो श्रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है कि स्मृति में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए नवाचारों से अवगत कराना तथा उनका सार्थक प्रयोग अपने शैक्षणिक कार्य एवं सामाजिक कल्याण के लिए करने हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रतियोगिता में जागृति नेताम प्रथम, पुखराज समरथ एवं डिगलेश्वर द्वितीय तथा हितेश कुमार तथा वंदना कुमेटी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें प्रमाण पत्र एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में चौटजीपीटी, दीपफेक, इसरो के वर्तमान अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम जैसे बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष बी. डी. चांडक ने सी. वी. रमन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस हमारे देश के महान वैज्ञानिकों की खोजो और उनकी उपलब्धियो को याद करने का दिन है।

# एफएलएन कविता कहानी लेखन हेतु राज्य स्तर पर मधु तिवारी सम्मानित



**कविता व कहानी पुस्तक का विमोचन समारोह आयोजित**

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत गुणवत्ता पूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का समर्थन व विकास हेतु छत्तीसगढ़ के 35 शिक्षकों द्वारा लिखित कविता व कहानी संग्रह एफएलएन कविता का विमोचन समारोह साक्षरता भवन विवेकानंद ऑडिटोरियम दुर्ग में संपन्न हुआ। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ योगेश शिवहरे अपर संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर अध्यक्षता अभय जायसवाल जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ परदेसी राम वर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार गुलवीर सिंह भाटिया विशेष अतिथि सुरेंद्र साय जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सुरेंद्र साय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग के करकमलों से किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा ने सभी रचनाकारों की कविताओं कहानी की सारगर्भित समीक्षा प्रस्तुत की। कोंडागांव की शिक्षिका साहित्यकार मधु तिवारी को उनकी पुस्तक में लिखी कविता व कहानी के लिये शाल श्रीफल प्रशस्ति पत्र मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक समस्त संकुल समन्वयक शिक्षक उत्कृष्ट शिक्षक ग्रुप के सदस्य नवाचारी शिक्षक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में विधायक एवं कलेक्टर हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2023-24 का आयोजन प्री मेट्रिक बालक छात्रावास मैदान में किया गया। इस अवसर पर सभी विकासखण्डों के बच्चों ने इस अभियान में अपने-अपने मॉडल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विधायक लता उसेण्डी एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत भी शामिल हुए। जहां विधायक एवं कलेक्टर द्वारा सभी स्टालों पर जाकर बच्चों से चर्चा करते हुए उनके बनाए हुए मॉडल को देखा तथा उन्होंने उनके द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की। इस अवसर पर विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि जिले के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कबाड़ से जुगाड़ द्वारा बनाये गए मॉडल सराहनीय हैं। इनके माध्यम से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को प्राप्त होता है। उन्होंने सभी का प्रोत्साहन करते हुए कहा कि विज्ञान में प्रायोगिक के साथ सैद्धान्तिक परीक्षाओं में भी बच्चे अच्छा प्रदर्शन करें इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा में बताए गए बिंदुओं पर जरूर ध्यान देना चाहिए ताकि बच्चे आगामी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करें एवं परीक्षाओं के प्रति उनका डर समाप्त हो। उन्होंने सभी को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य रामलाल सलाम सहित आकाश मेहता, संजू पोयाम एवं शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे सहित सभी बीईओ, विकासखंडों के शिक्षके एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बच्चों ने कलेक्टर से पूछा परिचय

इस दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों के मॉडल का निरीक्षण करते हुए सभी का प्रोत्साहन किया। जहां कोंडागांव विकासखण्ड के नन्हें बच्चों ने खुद का परिचय देने के साथ-साथ कलेक्टर से भी उनका परिचय पूछा। जहां कलेक्टर द्वारा आत्मीयतापूर्वक अपना परिचय देते हुए बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की और उनका प्रोत्साहन भी किया।

### कबाड़ से प्रधानचेर्रा के बच्चों ने बनाई मक्के की मिजाई मशीन

इस आयोजन में जहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा द्वारा सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उच्चतर माध्यमिक शाला प्रधानचेर्रा के बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ द्वारा मक्के की मिजाई हेतु साइकिलिंग द्वारा दानों को अलग करने की मशीन बनाई गई। वहीं केशकाल विकासखंड के बच्चों द्वारा कचरे से विद्युत उत्पन्न करने की विधि का प्रदर्शन किया। कुछ बच्चों ने आंखों से दृष्टि बाधित लोगों के लिए सेंसर युक्त वाकिंग स्टिक, लेजर सिक्योरिटी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, वॉटर अलार्म, मैजिकल कैलेंडर, फायर अलार्म, जल चक्र, जल से बिजली उत्पन्न करने की मशीन का प्रदर्शन किया।

## फरसगांव प्लेसमेंट कैम्प में 26 बच्चों का हुआ चयन



**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल कैरियर सेंटर में सेफ इंटेलीजेंस सिक्योरिटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर एवं लेबर के पदों पर भर्ती करने हेतु जनपद पंचायत फरसगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। इस प्लेसमेंट कैम्प में कुल 64 बेरोजगार युवक-युवतियों ने भाग लिया। जिसमे से 26 प्रतिभागियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअल किया लोकार्पण और शिलान्यास

## जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर ने की शिरकत

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com






विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ संकल्प यात्रा के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। धमतरी जिले में इस कार्यक्रम का आयोजन तीनों विधानसभा क्षेत्र धमतरी, कुरूद और नगरी में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन के लिये एल.ई.डी. स्क्रीन की व्यवस्था की गई और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल भी लगाये गये। जिला स्तरीय कार्यक्रम कुरूद विधानसभा के पुराना उप मंडी परिसर में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किये। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये चन्द्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करेंगे। महत्वपूर्ण बात है कि आम नगरिक के जीवन रोशनी लाने हेतु शासन की योजनायें उनके घर तक पहुंचे और यह आम आदमी को महसूस भी हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के करोड़ों लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया है। चन्द्राकर ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, गरीब एवं वंचित लोगों की सेवा करने से जो आत्मीय सुख मिलता है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने बताया कि शासन ने गरीबों की मदद के लिये शौचालय, पेयजल, गैस कनेक्शन, कुपोषण मुक्त अभियान चलाया, जिसका लाभ उन्हें मिला। विधायक चन्द्राकर ने कहा कि जिस राष्ट्र को महान बनाने में नागरिकों की भूमिका होती, उसे महान बनने से कोई नहीं रोक सकता। प्रधानमंत्री मोदी की लड़ाई में हम सभी अपनी सहभागिता देने तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक चन्द्राकर ने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये। इसके अलावा विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक का वितरण भी मंच से अतिथियों द्वारा किया गया। धमतरी विधानसभा में पुराना कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक रंजना साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। इसी तरह सिहावा विधानसभा में कर्णेश्वर मेला मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिहावा पिंकी शिवराज शाह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासकीय योजनाओं को दर्शाते कैलेण्डर और ब्रोशर भी वितरित किये गये।

## समाज एवं घर परिवार को स्वस्थ रखने का काम करती है मितानिन : महेन्द्र साहू



पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

मितानिनों का संकुल स्तरीय 28 वां चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम गिर्रा के हाई स्कूल में सम्पन्न हुआ। तृतीय शिफ्ट के समापन अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने वहां पहुंचकर उन सबसे मेल मुलाकात कर सभी हाल जाना। उन्होंने मितानिनों के साथ अपने विचार साझा करते हुये उनके द्वारा किये जा रहे निःस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए सबका उत्साहवर्धन कर कहा कि गर्भवती में खतरे के लक्षण, स्तनपान, नवजात बच्चों को कंगारू विधि से गर्म रखना, बीपी, शुगर, मिरगी, बुखार, टायफाइड, सिकलसेल एनीमिया, सांस की बीमारी, नाक कान गला की समस्या, बुजुर्गों की देखभाल, एड्स, दुर्घटना से बचाव, दांतो की सुरक्षा, कुत्ते के काटने से बचाव, महिलाओं के अधिकार जैसे विषयों पर जांच, जानकारी, उपाय एवं निःशुल्क दवाई वितरण कर समाज एवं घर परिवार को स्वस्थ रखने का काम मितानिन करती है। उन्होंने मितानिनों से आग्रह करते हुये कहा कि विनम्रता के साथ मीठा बोली बोलते हुए सेवाभाव के साथ काम करने में आपको जनता से जुड़ने का ज्यादा सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने ब्लाक समन्वयक लक्ष्मी साहू का शाल एवं श्रीफल से सम्मान भी किया। संचालन जनपद सदस्य मितानिन टिकेश्वरी वर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन मितानिन महेश्वरी आडिल ने किया। इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक लक्ष्मी साहू, मितानिन ट्रेनर सुशीला साहू, फाल्गुनी मिश्रा, सावित्री साहू, शशि आडिल, तुलसी पुरैना, रोहणी वर्मा, सरोज वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, सावित्री डहरिया, ईश्वरी साहू, मितानिन लता वर्मा, शांति चंद्राकर, रेणुका वर्मा, डगेश्वरी साहू, केंवरा साहू, धनेश्वरी साहू, मुन्नी वर्मा, निशा देवांगन, ममता साहू, राधा वर्मा, मोतिम वर्मा, निर्मला साहू, सुनीता फेकर, लैनि निशा, लीला साहू, राजकुमारी वर्मा, पार्वती वर्मा, वर्षा तारक सहित सैकड़ों मितानिन उपस्थित थे।

# माघ पूर्णिमा पर रूद्री, कर्णेश्वर, कुलेश्वर, कोदोरास डोंगापथरा, लोमश ऋषि आश्रम मगरलोड में लगा मेला

## मेले में उमड़ी भारी भीड़, पूजा-अर्चना करने लगी भक्तों की कतार





पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर जिले के विभिन्न स्थानों के साथ ही रूद्री स्थित रूद्रेश्वर धाम में मेला लगा। मेले में शामिल होने हजारों लोग रूद्रेश्वर घाट पहुंचे। मेले में शामिल होने शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। जहां आज सुबह से ही मेला स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी। लोग रूद्रेश्वर मंदिर स्थित भगवान रूद्रेश्वर की पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ लिया। उल्लेखनीय है कि रुद्रेश्वर मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है। पौराणिक मान्यता के अनुसार वनगमन के समय में भगवान श्रीराम व सीता माता व लक्ष्मण जी रुद्रेश्वर मंदिर पहुंचे। उस दौर में घनघोर जंगल हुआ करता था। उन्होने रुद्रेश्वर महादेव की पूजा की थी आज भी भगवान राम के चरणपादुका के निशान मौजूद है। रुद्री के अतिरिक्त माघ पूर्णिमा पर मगरलोड के लोमश ऋषि आश्रम, देवपुर के डोगापथरा, भखारा के ग्राम सिलौटी के पास कोदोरास, सिहावा में कर्णेश्वर धाम, मनकेश्वरी देवी मंदिर स्थल, कुलेश्वर धाम में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। मेले में जिले के साथ अन्य जिलों के लोग शामिल हुए। माघ पूर्णिमा के अवसर पर डुबकी लगाने का विशेष महत्व है। आज शनिवार की सुबह रूद्रेश्वर घाट के महानदी तट सहित कई स्थानों पर डुबकी लगाने सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बच्चेए महिलाएं पुरूष सभी वर्गो में माघ पूर्णिमा में डुबकी लगाने विशेष उत्साह देखा गया। जिला प्रशासन व पुलिस बल पर्याप्त संख्या मेला स्थल पर व्यवस्था बनाने जुटे रहे। आधुनिकता के दौर में आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक साधन का उपयोग हो रहा है। आज माघ पूर्णिमा में रूद्री में भव्य मेला का आयोजन हुआ। जिले में कई स्थानों में मेले का आयोजन किया गया जिसमें आज भी कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पारंपरिक साधन बैल गाड़ी से लोग मेला देखने पहुंचे। बैलगाड़ी से मेला पहुंचने वाले लोगों की माने तो बैलगाड़ी का सफर का मजा कुछ और ही है। मंदिर व मेला स्थल में हजारों की भीड़ उमड़ी और व्यवस्था बनाने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किये है। मेला स्थल पर विभिन्न थानो के अलावा पुलिस लाईन के बलों को तैनात किया गया है। साथ ही सादे वर्दी में पुलिस के जवान मेला स्थल की निगरानी रखी गई ताकि चैन स्नेचिंगए छेड़छाड़ व कोई अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार कर रही तेजी से कार्य : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## प्रदेश के विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास








पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से राजिम त्रिवेणी संगम और मैनपुर खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान प्रदेश के विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों का वर्चुअली लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए के 10 परियोजनाओं की सौगात दी। राजिम में त्रिवेणी संगम मेला स्थल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदू लाल साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत रीता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और मेला में आए श्रद्धालुगण शामिल हुए। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को समाग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले, सौर ऊर्जा और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्योदय योजना शुरू की गई है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी, तो सरकार बिजली खरीद लेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रूपए की कमाई होगी। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है, वह प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। महतारी वंदन योजना लाखों महिलाओं को लाभ होगा। निःशुल्क राशन, सस्ती दवाएं, गरीबों के लिए घर, घर-घर नल कनेक्शन, साफ जल, हर घर टायलेट ये सारे काम हो रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाड़ी इसलिए ही गांव-गांव आई थी।

# वाणी ही अमृत बनता है और वाणी ही जहर : पं. परमानंद शास्त्री



पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

वाणी ही अमृत बनता है और वाणी ही जहर बनता है। इसलिए वाणी का इस्तेमाल बहुत सोच समझकर करना चाहिए। क्योंकि हमारी वाणी से ही कोई पराया अपना बन जाता है। और कोई अपना पराया बन जाता है। उक्त बातें कथावाचक भागवत भूषण पंडित परमानंद शास्त्री मढ़ी वाले ने कही। ठाकुरदेव चौक मढ़ी में समस्त मोहल्ला वासियों की ओर से आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को कथा व्यास ने व्यास देव जन्म, सुकदेव कथा, परीक्षित श्राप की कथा सुनाई। कथा का वर्णन करते हुए भगवताचार्य ने कहा कि, भगवान की लीला आनंद की लीला है। इसलिए आनंद मन से भगवान की कथा सुननी चाहिए। कथा व्यास ने आगे कहा कि, श्रीमद्भागवत पढ़ने व सुनने का विशेष महत्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार श्रृंगी ऋषि ने जब राजा परीक्षित को सात दिन में मृत्यु का श्राप दिया, तब शुकदेव मुनि ने मुक्ति के लिए उन्हें ये पुराण सुनाया था। पिता ऋषि वेदव्यास से ज्ञान पाकर देवताओं को महाभारत की कथा भी मुनि शुकदेव ने ही सुनाई थी। मुनि शुकदेव एक शुक यानि तोता थे, जो भगवान शंकर के डर से 12 वर्ष तक मां के गर्भ में रहे थे। मुनि शुकदेव भगवान वेदव्यास के पुत्र थे। इनके जन्म के संबंध में कई कथाएं मिली हैं। कहीं इन्हें व्यास की पत्नी वाटिका तो कहीं पिता वेदव्यास के तप से मिला भगवान शंकर का वरदान कहा गया है। एक कथा के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी के अवतार के समय ये राधा के साथ खेलने वाले शुक थे।

# हमारी दुनिया हमारा शांतिपूर्ण भविष्य की थीम पर मनाया चिंतन दिवस

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ व स्थानीय संघ के कुशल निर्देशन में लार्ड बेडेन पॉवेल और लेडी बेडेन पॉवेल के जन्मदिवस को विश्व चिंतन दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं पदेन ग्रुप लीडर मनोज पटेल, अध्यक्षता व्याख्याता महेश नायक, विशिष्ट अतिथि व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ, दिनेश कुमार कर रहे। इस ख़ास अवसर पर एच डब्ल्यू बी स्काउट मास्टर यशवंत कुमार चौधरी, सहायक स्काउट मास्टर विनोद कुमार चौधरी,गाइडर रश्मि राजा एवं दलनायक, उप दलनायक, टोली नायक, द्वितीय/सहायक टोली नायक,टोली सदस्य सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत वर्दीधारी स्काउटर द्वारा स्कार्फ लगाकर क्रमशः किया गया। स्काउट मास्टर यशवन्त कुमार चौधरी के नेतृत्व में विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पॉवेल एवं लेडी बेडेन पॉवेल के तैल्य छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजन-अर्चन, पुष्प, श्रीफल अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वर्ल्ड थिंकिंग डे बोर्ड को डेकोरेट करने में गाइड-तनुष्का नायक, पूनम पटेल, वर्षा पटेल, लीजा प्रधान का अमूल्य योगदान रहा। सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी ने उत्साह के साथ सर्वधर्म सभा में भाग लिया। विश्व चिंतन दिवस (वर्ल्ड थिंकिंग डे) की थीम हमारी दुनिया, हमारा शांतिपूर्ण भविष्य के माध्यम से इस दिवस विशेष का आयोजन किया गया। यशवंत चौधरी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए स्काउटिंग आंदोलन एवं इसके इतिहास के संबंध में सारगर्भित जानकारी/संदेश दिया। मुख्य अतिथि सेजेस प्राचार्य एवं पदेन ग्रुप लीडर मनोज पटेल ने संबोधित करते हुए स्काउट्स/गाइड्स को कहानी के माध्यम से सकारात्मक चिन्तन एवं जीवन में चिन्तन के महत्व को स्पष्ट किया। वहीं अध्यक्षता कर रहे व्याख्याता महेश नायक ने स्काउट्स एवं गाइड्स को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और जीवन में अनुशासन, सेवा, प्रबंधन, चिंतन के महत्व के सन्दर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता प्रदीप नारायण सेठ ने स्काउटिंग अन्तर्गत सेवा सहयोग हेतु तत्परता की सराहना की और नियमित सीखने, गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता दिनेश कर ने स्काउट गाइड संगठन से जुड़कर व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास के संबंध में जानकारी दी। स्काउट मास्टर यशवंत चौधरी ने स्काउटिंग अन्तर्गत होने वाली शिविरों, कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सहभागिता हेतु प्रेरित किया। सहायक स्काउट मास्टर विनोद कुमार चौधरी ने संबोधित करते हुए सच्ची लगन,निष्ठा, सक्रियता, सद्चिंतन की जरूरत पर बल दिया वहीं गाइडर रश्मि राजा ने अवसर और चुनौतियों दोनों ही परिस्थितियों में चिंतन कैसे कारगर है इसे स्पष्ट किया।उपस्थित स्काउट्स एवं गाइड्स को वर्ल्ड थिंकिंग डे के इतिहास के बारे में सारगर्भित उद्बोधन देते हुए स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पॉवेल एवं लेडी बेडेन पॉवेल के कार्यों की सराहना करते हुए उनके कार्यों को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का विधिवत संचालन एवं आभार प्रदर्शन एच.डब्ल्यू.बी. स्काउट मास्टर यशवंत कुमार चौधरी द्वारा किया गया।

# कोडार जलाशय से करनी कृपा प्लान्ट को नहीं मिलेगा पानी

पायनियर संवाददाता महासमुंद
www.dailypioneer.com



तुमगाँव, पीढ़ी, भोरिंग, सिरपुर, खैरझिटी, जैसे सैकड़ों गाँवों की जीवनदायिनी कोडार बांध का पानी उद्योगों को बेचने में तुले राजनेता, राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा ने दो साल लगातार सत्याग्रह कर करणी कृपा उद्योग से उद्योग के लिए पानी नहीं लेने का संकल्प लिखित समझौता किया 25 फरवरी 2024 को सत्याग्रह स्थगित होगा, पंडाल मुख्य मार्ग से करणी कृपा फैक्ट्री के बाउण्ड्री के अंदर मोर्चा के भूमि पर लगेगा कार्यालय। उक्त बातें प्रेस वार्ता में किसान मोर्चा के सदस्यों ने कहा।आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने सत्ता को व्यापार का दर्जा दे दिया था। जिसके चलते शासकीय कर्मचारी, सचिव से लेकर चपरासी तक धन उगाही में लगा था। जिसका परिणाम चारों ओर भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड, सचिव अनिल टूटेजा, जिलाधीश राणू साहू, सचिव समीर, आबकारी सचिव त्रिपाठी, आई.जी. आरिफ शेख, आकाश राव. पुलिस अधीक्षक प्रतिदिन थाने में दुकान लगाकर अपराध कराकर पैसा उगाही का धंधा कर रहे थे जिसका मुख्यमंत्री कार्यालय राजधानी मुख्य केन्द्र था। छत्तीसगढ़ की जनता में इतनी जागरूकता आ गई है कि धंधा करने वाले राजनेता अब चल नहीं सकते और यही कारण है कि कांग्रेस ने कर्नाटक में भाजपा के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर सत्ता हासिल किया था। छत्तीसगढ़ के बेवकूफ कांग्रेसी कैसे भूल गये कि छत्तीसगढ़ का भ्रष्टाचार उन्हें पुनः सत्ता देगा। आज इस भ्रष्टाचार की बली तुमगाँव परिक्षेत्र के सैकड़ों गाँव चढ़ गये थे जिसे छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के गांधीवादी सत्याग्रह ने कोडार का पानी किसानों का और किसानों का ही रहेगा के नारे को जीत दिलाई है। जिसके लिए राज्य आंदोलनकारी सत्याग्रह और आंदोलन के मुखिया संचालनकर्ता अनिल दुबे को पुलिस अधीक्षक महासमुंद ने शिवानंद, नसीरूद्दीन, पवार, सहित दर्जनों वर्दीधारी कारखाने के पैसे के दम पर खरीदने का भी प्रयास किया। राज्य आंदोलनकारी अनिल दुबे ने पैसा लेने के बजाय जेल जाना स्वीकार किया और तीन महासमुंद जेल में रहे। क्षेत्र के किसान, महिला किसानों, आदिवासी किसानों ने सड़क की लड़ाई लड़ी, जेल से छूटे और आज पुलिस अधीक्षक, एस.डी.एम., जिलाधीश माननीय उच्च न्यायालय में आरोपी हैं। इसी क्रम में कारखाना के संचालक निर्णय चौधरी, प्रकाश ने किसानों से आवेदन देकर मांग पूरी करने की लिखित में दिया जिसमें सत्याग्रही किसानों ने एजेण्डा भेजा जिसमें प्रमुख मांग कोडार बांध का पानी करणी कृपा प्रा.लि. नहीं लेगा। क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन से उसका समझौता है। जिस पर उसका पैसा भी लगा है। पर कम्पनी ने किसानों के लगातार संघर्ष को स्वीकार करते हुए कोडार से पानी नहीं लेने का लिखित समझौता किया। किसानों ने दूसरी मांग के रूप में आदिवासी भूमि, शासकीय भूमि, नेशनल हाईवे की भूमि, सिंचाई विभाग की भूमि पर प्रकरण की सुनवाई के साथ सशर्त डायवर्सन जिलाधीश महासमुंद का भ्रष्टाचार के निर्णय पर दोनों पक्ष स्वीकार करेंगे उसे भी कंपनी प्रबंधन ने स्वीकार कर लिया। ऐसी स्थिति में किसानों ने सत्याग्रह स्थगित कर कानूनी लड़ाई जारी रखने का फैसला किया है। 25 फरवरी को राज्य आंदोलनकारी, प्रदेश किसान अध्यक्ष अनिल दुबे, जी.पी. चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, वेगेन्द्र सोनबेर, विमल ताम्रकार, गोवर्धन वर्मा, महेन्द्र कौशिक, श्रीधर चंद्राकर, छन्नू साहू, चेतन देवांगन, राधा बाई सिन्हा, श्याम बाई ध्रुव, डिगेश्वरी चंद्राकर, कुमारी ध्रुव, रमशीला पटेल, सरस्वती वैष्णव, दिनेश यादव, तोषण सिन्हा, लातूराम सिन्हा, बोधन यादव समापन में शामिल होंगे एवं हाईवे में लगा पंडाल करणी कृपा प्रा.लि. परिसर के अंदर किसान द्वारा दान में दिए किसान मोर्चा के 6 डिसमिल भूमि पर लगेगा। किसान मोर्चा सतत निगरानी रखेगा कोडार बांध से पानी लेने का प्रयास उद्योग न करें। ज्ञात रहे एक हजार बोर अर्थात् महासमुंद के एक हजार बोर का पानी भी करणी कृपा प्रा. लि. को कम पड़ेगा। करणी कृपा के संचालक द्वारा कोडार बांध से पानी नहीं लेने का किसान मोर्चा ने खुले मन से स्वागत किया है। जागेश्वर प्रसाद हेमसागर पटेलअशोक कश्यप, छन्नू साहू, दशरथ,दशरथ सिन्हा, वेगेन्द्र सोनबेर, डेविड चंद्राकर राधा बाई सिन्हा, श्याम बाई ध्रुव, डिगेश्वरी चंद्राकर, कुमारी ध्रुव, रमशीला पटेल, सरस्वती वैष्णव, दिनेश यादव, तोषण सिन्हा, लातूराम सिन्हा, बोधन यादव सहित सभी सत्याग्रही किसान के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## भाजपा नेता पवन साहू ने वर-वधु को दिया आशीर्वाद



**लवन।** कसडोल विधानसभा के जनहितैषी लोकप्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता पवन कुमार साहू विगत दिनों पलारी में भाजपा नेता दुर्गा माहेश्वर के सुपुत्र के विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद दिये। इस अवसर पर योगेश चंद्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, सुनील टोन्डरे सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति रहा।

## राजिम कुंभ मेला के मद्देनजर देशी/विदेशी मदिरा दुकान मगरलोड को बंद रखने शुष्क दिवस घोषित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा राजिम कुंभ मेला के दौरान देशी, विदेशी मदिरा दुकान राजिम (बाह्य) को मेला प्रारंभ 24 फरवरी 2024 से 08 मार्च 2024 तक कुल 14 दिवस राजिम मेला क्षेत्र के आसपास देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान राजिम (बाह्य) को बंद रखने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में धमतरी जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान मगरलोड को 24 फरवरी से 08 मार्च तक कुल 14 दिवस तक बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

# छत्तीसगढ़वासियों को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं की सौगात

## दुर्ग के बैगापारा मिनी स्टेडियम में प्रधानमंत्री को सुनने बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित हुए

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के तहत जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग शहर विधानसभा अंतर्गत बैगापारा मिनी स्टेडियम में बड़ी संख्या में नगरवासी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत छत्तीसगढ़वासियों को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है। इनमें 18 हजार 897 करोड़ रुपए की लागत वाली 9 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 15 हजार 530 करोड़ रुपए लागत की 01 परियोजना का शिलान्यास शामिल है। दुर्ग जिले की भिलाई-चरौदा में 280 करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित रेलवे सोलर पावर प्लांट जिसकी क्षमता 50 मेगावाट का भी लोकार्पण किया गया है। इस सोलर पावर प्लांट के माध्यम से सौर ऊर्जा द्वारा रेलगाड़ी का परिचालन किया जाएगा। जलवायु परिवर्तन से बढ़ते खतरे निपटने में यह सोलर पावर प्लांट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़वासियों को वर्चुअल सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े थे, उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं का सौगात दे रहे हैं। उन्हेंने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री जी का आभार प्रगट किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का स्नेह और अनुग्रह हमेशा हमारे ऊपर रहता है। छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी गारंटी पर भरोसा किया। आपकी गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए हैं। 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया। विवाहित महिलाओं को साल में बारह हजार रुपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमने लिया है। विकसित भारत में हम विकसित छत्तीसगढ़ बनाने तत्पर हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ हुई। इसमें प्रदेश के बड़ी संख्या में लोग आये। हमारे छत्तीसगढ़ में जो पांच विशेष पिछड़ी जनजाति हैं इनके लिए 15 हजार आवास स्वीकृत हुए हैं। इनके बसाहट के लिए आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए सड़कों स्वीकृति हुई है। इस योजना में पीवीजीटी लोगों के 366 बसाहटों में रोड पहुंचेगा। उन्होंने आभार प्रगट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को संबल प्रदान किया है। लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पूरा करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के द्वारा किये गये लोकार्पण शिलान्यास से राज्य की अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी और प्रदेश के लिए विकास के नये युग का सूत्रपात होगा। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि यह बहुत सौभाग्य की बात है कि आज हम विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की सोच को लेकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए है। विधायक यादव ने प्रधानमंत्री जी का गारंटियों को जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मोदी की गारंटी को क्रमशः पूरा करने जा रही है। उन्होंने दुर्ग वासियों को भरोसा दिलाया कि उन्हें मकानों का पट्टा वितरण भी शीघ्र होगी। कार्य जिला प्रशासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है।

# महतारी वंदन योजना के तहत अंतिम सूची जारी दावा-आपत्ति की अंतिम तिथि 25 फरवरी तक

## 1 मार्च को अंतिम सूची का प्रकाशन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य की महिलाओं को आर्थिक सम्बल प्रदान करने हेतु राज्य शासन द्वारा महतारी वंदन योजना प्रारंभ की गई है जिसके तहत पात्र महिलाओं को 1000 रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत दुर्ग जिले में 4,00,296 महिलाओं द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त समस्त आवेदन पत्रों के सत्यापन उपरान्त राज्य शासन द्वारा महिलाओं की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। यह सूची प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा वार्डों/आंगनबाड़ी केन्द्रों में आम जनता के अवलोकन हेतु चस्पा की जा रही है। इस सूची में आवेदनकर्ता महिला से संबंधित जानकारियां अंकित है जो संबंधित महिला ने आवेदन करते समय अपने आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत की थी। उपरोक्त अंतिम सूची पर 25 फरवरी 2024 को संध्या 6 बजे तक दावा/आपत्तियां संबंधित ग्राम पंचायतां अथवा वार्ड कार्यालयों में प्रस्तुत की जा सकती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी अनुसार दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु राज्य शासन द्वारा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु संबंधित आवेदक को राज्य शासन के महतारी वंदन योजना के पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के समय उसके मोबाईल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसकी एण्ट्री करने पर दावा आपत्ति का फार्म खुल जायेगा। फार्म में आवश्यक प्रविष्टियां करते हुए वांछित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा। दावा/आपत्ति पंजीकृत होने की सूचना आवेदक को उसके मोबाईल नंबर पर प्राप्त होगी। इसी प्रकार आफलाईन आवेदन करने वाले आवेदकों को संबंधित ग्राम पंचायतों अथवा वार्ड कार्यालयों मे जाकर आवेदन पत्र वांछित अभिलेखां सहित प्रस्तुत करना होगा जिसमें आवेदक का नाम, पता तथा मोबाईल नंबर दिया जाना अनिवार्य होगा। आवेदक को दावा/आपत्ति के समर्थन में अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस प्रकार आफलाईन प्राप्त दावा/आपत्तियों को संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी अथवा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा अपने लॉगिन से सॉफ्टवेयर में अपलोड भी किया जाएगा जिसकी सूचना संबंधित आवेदक को उसके द्वारा दिये गये सक्रिय मोबाईल नंबर पर भी प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि दावा/आपत्तिकर्ता को जिस महिला के संबंध में दावा/आपत्ति करनी है उसका पंजीयन क्रमांक देना अनिवार्य होगा। यह पंजीयन क्रमांक अनन्तिम सूची में प्रत्येक महिला हेतु युनिक नंबर के रूप में अंकित किया गया है। इन दावा/आपत्तियों का निराकरण ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय निकायों में पृथक-पृथक गठित आपत्ति निराकरण समिति द्वारा किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों हेतु इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, तहसीलदार/नायब तहसीलदार, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास एवं नगरीय निकायों हेतु तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका/पंचायत अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग शामिल है। यह समिति योजना के प्रावधानों के अनुरूप प्राप्त दावा/आपत्तियों का विधिवत परीक्षण करते हुए 29 फरवरी 2024 तक उनका निराकरण करेगी।

# संकल्प यात्रा के तीसरे चरण में 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे चरण की शिविर में 5 हजार से ज्यादा लोग जुड़े। अंतिम दिन शिविर नेवई बस्ती व मौहरी मरौदा में लगाया गया। शनिवार को शिविर में 1000 से ज्यादा लोगो ने योजना का लाभ लेने पंजीयन कराया। इस अवसर पर पार्षद ईश्वरी साहू ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से न केवल शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार हो रहा है, बल्कि हितग्राहियों को लाभ भी मिल रहा है। शिविर में आधार कार्ड अपडेट से लेकर लगभग दस योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, दशरथ साहू, विक्की सोनी, अजीत चैधरी, सोनू राम सिंह आदि उपस्थित थे। अतिथियों और हितग्राहियों को निगम सचिव रोहित साहू ने संकल्प दिलाया। मिला त्वरित उपचार-शिविर में पहुंचे हितग्राही की अचानक तबियत खराब हो गई। कुछ देर के लिए वह बेहोश हो गया था। शिविर में मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चेक किया, इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया।

# शराब पीने के लिये पैसे मांग करने व चाकु दिखाकर धमकाने वाले को वैशाली नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com




पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 21.02.2024 को तकरीबन रात्रि 09.30 बजे कवरा भट्टी के पास प्रार्थी ओमप्रकाश गुर्जर शराब लेने भट्टी जा रहा था कि प्रगति नगर कैम्प-1 का रहने वाला पवन उर्फ ब्रुसली प्रार्थी ओमप्रकाश के पास आकर शराब पीने के लिये पैसे की मांग करने लगा। प्रार्थी द्वारा पैसा नही है बोलने पर आरोपी पवन उर्फ ब्रुसली द्वारा प्रार्थी को गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकु को निकाल कर लहराते हुये प्रार्थी के पेट में टिकाने की रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में अप00-44/2023 धारा 294, 506, 323, 327 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी के निर्देशन में निरीक्षक ममता अली शर्मा थाना प्रभारी वैशाली नगर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी कर आरोपी पवन उर्फ बुसली को हिरासल में लेकर थाना लाकर पुछताछ किया आरोपी का कथन लेते हुये आरोपी द्वारा अपने घर के आलमारी से निकाल कर एक नग चाकू पेश किया जिसे जप्त किया गया। आरोपी द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किये जाने से गिरफ्तार कर आरोपी पवन उर्फ ब्रुसली को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# आचार्य विद्यासागर की 25 को विनयांजलि सभा ऋषभदेव परिसर शिवपारा में

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



संत शिरोमणी जैनाचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की सल्लेखना पूर्वक समाधि विगत अष्टमी तिथि 17 फरवरी को धर्म नगरी चंद्रगिरि तीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ में हो गई थी। ऐसे अपराजेय साधक, महान संत का सल्लेखना पूर्वक समाधि छत्तीसगढ़ की धरा पर होना, विश्व पटल पर छत्तीसगढ़ का अमिट स्थान बनाता है। इसी तारतम्य में गुरुवर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए सकलजन समाज एवं सकल समाज दुर्ग के तत्वाधान में विनयांजलि का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम ऋषभ देव परिसर, चंडी मंदिर चौक, शिवपारा में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के मध्य आयोजित है। विनयांजलि कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक डोमन लाल कोरसेबाडा, पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रदीप चौबे, राजेंद्र साहू सहित शहर के समस्त पार्षदगण के अलावा सभी समानितजन आमंत्रित है। विनयांजलि कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की विनयांजलि का कार्यक्रम कराए जाने की रूपरेखा निर्धारित की गई है।

# नंदनी रोड एवं दुर्ग शहर में नो एंट्री समय मे प्रवेश करने वाले भारी वाहन चालकों पर की गयी कार्यवाही

## जप्त वाहन चालक को अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया

- **5 भारी वाहन चालकों पर कार्यवाही की गयी,चेकिंग के दौरान एक भारी वाहन चालक द्वारा शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने पर वाहन जप्त किया गया**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, के निर्देश एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) सतीष ठाकुर, संदानंद विध्यराज के नेतृत्व मे यातायात जोन प्रभारी आकाशगंगा निरीक्षक पी डी चंद्रा एवं दुर्ग जोन प्रभारी निरीक्षक आनंद शुक्ला के द्वारा अपने-अपने जोन क्षेत्र में नंदनी रोड एवं दुर्ग शहर में नो एंट्री समय पर प्रवेश करने वाले 05 भारी वाहन चालकों पर कार्यवाही कर भविष्य के लिए चेतावनी दी गई कार्यवाही के दौरान एक भारी वाहन चालक शराब का सेवन कर वाहन चलाते पाया गया उक्त वाहन चालक का वाहन जप्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु चालक को न्यायालय भेजा गया है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर विशेष अभियान विगत 23 दिनों से चलाया जा रहा है देर रात शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको की, की गई चेकिंग में 83 वाहन चालको पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए वाहन चालको को अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

जिस पर न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालक को 10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित कर संबधित वाहन चालक का लायसेंस सस्पेड की कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रीय स्वयं संघ का जिला स्तरीय गुणात्मक तथा पथ संचलन का सफल आयोजन

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वयं संघ का जिला स्तरीय गुणात्मक तथा पथ संचलन



का आयोजन संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला स्तरीय गुणात्मक पथ संचलन का आयोजन किया गया, जहां जिले भर के स्वयंसेवक शामिल हुए, पथ संचलन बेसिक स्कूल मैदान से अपरण 3:00 बजे प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड सिग्नल चौक होते हुए, गस्ती चौक से नया पर होते हुए मुख्य मार्ग से गुजरते हुए बेसिक स्कूल प्रांगण में समापन हुआ, उक्त गुणात्मक पथ संचलन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत के किसान कार्य प्रमुख उत्तर जी ने गुणात्मक पथ संचलन के विषय में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किये।

# 50 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना से रेलगाड़ियां चलाने के लिए सौर ऊर्जा का होगा उपयोग, भिलाई चरौदा में प्रारंभ हुआ 50 मेगावट का सोलर प्लांट

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेल मंत्रालय अंतर्गत 583 करोड़ रूपए के 2 प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया, जिसमें 280 करोड़ रूपए की लागत से 50 मेगावाट सोलर प्लांट की स्थापना से रेलगाड़ियाँ चलाने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग होगा, हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। भिलाई चरौदा में भारतीय रेल का सबसे अधिक सोलर क्षमता वाला प्लांट है। इससे आसपास के लोगों को बिजली मिलेगी। भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पावर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। उनका लक्ष्य हर घर को सूर्य घर बनाना है। हर परिवार को घर में बिजली बनाकर वहीं बिजली बेचकर कमाई का साधन बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना शुरू की है। इस योजना में एक करोड़ परिवारों के लिए घर की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सरकार मदद देगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रुपए की कमाई होगी। उन्होंने हमारे अन्नदाता को ऊर्जा दाता बनाने पर जोर दिया। सोलर पंप के लिए खेत के किनारे बंजर जमीन पर छोटे-छोटे सोलर प्लांट लगाने के लिए भी सरकारी मदद देगी।

**50 मेगावाट सोलर पावर प्लांट भिलाई की उपलब्धियां**-नेट कार्बन जीरो की दिशा में अर्थात हरित ऊर्जा का प्रयोग करते हुए कार्बन उत्सर्जन कम करने हेतु प्रभावी भूमिका निभाएगा इससे सौर ऊर्जा के माध्यम से ट्रेन चलाई जाएंगी। इसके चलते कार्बन डाई आक्साइड के उत्सर्जन में 86 हजार 34 टन की कमी प्रति वर्ष न्यूनतम सौर ऊर्जा शुल्क 2 रुपए 91 पैसा 25 सालों के लिए 20 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत रेलवे की खाली जमीन का नवीनीकरणीय ऊर्जा के लिए बेहतर उपयोग होगा। यह प्लांट 50 मेगावाट का प्लांट है और यह करीब 194 एकड़ भूमि में फैला हुआ है। इसका रेलवे के परिचालन में इस्तेमाल होता है। यह यहां से कुछ दूर पावर ग्रिड का 400 के.व्ही. का सबस्टेशन उपलब्ध है। इस प्लांट को चलाने के लिए आरएमसीएल एक रेलवे की कंपनी है। रेल एनर्जी मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड द्वारा डिजाइन पर यह प्लांट बना हुआ है। राज्यसभा सांसद सरोज पाडेण्य ने कहा कि आज सोलर प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा लोकार्पण किया गया। आज हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हम अपने इस दुर्ग नगर में रहते हैं। दुर्ग नगर और भिलाई स्टील प्लांट बहुत सी रेल की तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। हम सौभाग्यशाली अपने आप को मानते हैं कि हम ऐसे नगर में रहते हैं। मेरी बहुत सारी शुभकामनाएं है कि हम इसी प्रकार से अपने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे बढ़े और हमारे प्रधानमंत्री जी इसी प्रकार से देश की सेवा करते रहे इन्हीं शब्दों के साथ धन्यवाद जय भारत जय छत्तीसगढ़। डीआरएम संजीव कुमार ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का रेल कैपिटल है। सोलर प्लांट से विकसित भारत और आज का भारत बदल रहा है। बदलते भारत की तस्वीर हम सब देखेंगे। देश के प्रधानमंत्री जिस मूल मंत्र को लेकर भारत को आगे बढ़ने का प्रयास किया है। प्रधानमंत्री जी ने जिस प्रकार से पिछले 10 वर्षों में लगातार भारत को आगे बढ़ाने की कोशिश के साथ नई सोच और नए विचार के साथ सबका साथ सबका विकास के इस मूल मंत्र के साथ उन्होंने देश को एक नई पहचान दी है।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

# एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

## परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13(12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060115985760, धनंजय कुमार साहू (ऋणी), श्रीमती शकुन्तला साहू (सहऋणी) | 16-नवम्बर-23 ₹ 5,04,029/- पांच लाख चार हजार उनतीस रूपये मात्र 15-नवम्बर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन अंग स्थित सर्वे नं. 273/57, वार्ड नं. 23, पीएच नं. 4, आर पी नगर, मौजा पोंडीबहार, तहसील एवं जिला कोरबा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.04 एकड, पूर्वः रास्ता, पश्चिमः रोहित यादव का मकान, उत्तरः मालन शाह की भूमि, दक्षिणः सत्यनारायण जी मंदिर | 20-फरवरी-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060819414930, धनंजय साहू (ऋणी), श्रीमती शकुन्तला साहू (सहऋणी), श्रीमती उर्मिला साहू (सहऋणी) | 16-नवम्बर-23 ₹ 2,55,907/- दो लाख पचपन हजार नौ सौ सात रूपये मात्र 15-नवम्बर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 4, खसरा नं. 273/57, ग्राम कोरबा, तहसील कोरबा छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.016 हैक्टैयर पूर्वः रास्ता, पश्चिमः रोहित यादव का मकान, उत्तरः मालन शाह की भूमि, दक्षिणः सत्यनारायण जी मंदिर | 20-फरवरी-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060117163746, टीकाराम साहू (ऋणी), खमहन लाल साहू (सहऋणी), सुदर्शन प्रसाद साहू एवं चक्र कुमार साहू (गारंटर) | 13-सितम्बर-23 ₹ 7,32,589/- सात लाख बत्तीसहजार पांच सौ नवासी रूपये मात्र 12-सितम्बर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 38, खसरा नं. 1050/52, 1050/54, 1050/85 मौजा ग्राम कोरबी कोरबा पाली छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.113 हैक्टेयर, पूर्वः धरसा, पश्चिमः ओमप्रकाश की भूमि, उत्तरः दाउ राम की भूमि, दक्षिणः ओमप्रकाश की भूमि | 21-फरवरी-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060822167482, टीकाराम साहू (ऋणी), तीजराम साहू (सहऋणी), चक्र कुमार साहू (सहऋणी), सुदर्शन प्रसाद साहू (सहऋणी), सियाराम साहू (सहऋणी), खमहन लाल साहू (सहऋणी) | 13-सितम्बर-23 ₹ 4,31,876/- चार लाख इकत्तीस हजार आठ सौ छिहत्तर रूपये मात्र 12-सितम्बर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम एवं ग्राम पंचायत कोरबी, खसरा नं. 1050/52, 1050/54, 1050/85, पीएच नं. 17, आर.एन.एम. हरदी बाजार, तहसील पाली, जिला कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1351.46 वर्ग गज, पूर्वः धरसा, पश्चिमः ओमप्रकाश की भूमि, उत्तरः दाउ राम की भूमि, दक्षिणः बहादुर की भूमि | 21-फरवरी-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060720609182 & L9001061121243752, पी.एम फ्रूट कम्पनी जरिये प्रोपराइटर महेन्द्र कुमार (ऋणी), श्रीमती रूपा सोनकर (सहऋणी), महेन्द्र कुमार सोनकार (सहऋणी) | 11-अक्टूबर-23 ₹ 63,01,535/- तिरेसठ लाख एक हजार पांच सौ पैंतीस रूपये एवं ₹ 2,90,612/- दो लाख नब्बे हजार छः सौ बारह रूपये मात्र 10-अक्टूबर-23 क | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 14, ब्लॉक- सी-5, विजय कॉम्पलेक्स व्यावसायिक योजना, कैम्प 2 भिलाई, तहसील एंव जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 340 वर्ग फीट, पूर्वः रोड, पश्चिमः रोड एवं प्लॉट नं. 14, उत्तरः रोड, दक्षिणः प्लॉट नं. 13 एवं प्लॉट नं. 16 | 21-फरवरी-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124594821, पी.एम फ्रूट कम्पनी जरिये प्रोपराइटर महेन्द्र कुमार (ऋणी), श्रीमती रूपा सोनकर (सहऋणी), महेन्द्र कुमार सोनकार (सहऋणी) | 11-अक्टूबर-23 ₹ 3,46,479/- तीन लाख छियालीस हजार चार सौ उनयासी रूपये मात्र 10-अक्टूबर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 14 क्षेत्रफल 340 वर्ग फीट व प्लॉट नं. 15 क्षेत्रफल 170 वर्ग फीट ब्लॉक सी-5, विजय कॉम्पलेक्स व्यावसायिक योजना, कैम्प 02, भिलाई, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ, पूर्वः रोड, पश्चिमः प्लॉट नं. 14, उत्तरः रोड, दक्षिणः प्लॉट नं. 16 | 21-फरवरी-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119314629, बाबा सेल्स एण्ड सर्विस जरिये प्रोपराइटर दिलशाद खान (ऋणी), श्रीमती दिलशाद खान (सहऋणी), मुखताज अहमद खान (सहऋणी) | 16-नवम्बर-23 ₹ 4,83,135/- चार लाख तिरासी हजार एक सौ पैंतीस रूपये मात्र 15-नवम्बर-23 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित नगर निगम 199/48 रायपुर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 700 वर्ग फीट, पूर्वः मोहम्मद जाहिद खान का मकान, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः मुस्लिम की भूमि, दक्षिणः मोहम्मद इरफान खान की भूमि | 21-फरवरी-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं। और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांकः 23/02/2024**
**स्थानः छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**



# राशा थडानी जल्द करने वाली है बालीवुड डेब्यू

## बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी है राशा

बालीवुड एक्टर अजय देवगन और उनके भतीजे अमन देवगन के साथ राशा थडानी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। राशा बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी है। इसी बीच रवीना अपनी बेटी को लेकर एक हैरान करने वाली बातों का खुलासा किया है।

एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि राशा को इंस्टाग्राम पर रील्स बनना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह इस बात के लिए अपनी मां रवीना को डांट देती हैं। रवीना को इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर करना और रील्स बनाना बेहद पसंद है। वह अक्सर अपने फैंस को लुभाने के लिए अपने सोशल अकाउंट पर अपनी वीडियो-फोटो शेयर करती रहती हैं। हालांकि इस मामले में उनकी बेटी राशा एक कदम पीछे हैं। हमेशा अपने लुक को लेकर खबरों में छाई रहने वाली राशा को रील्स बनाना पसंद नहीं है।

रवीना ने रवीना ने कहा, 'जब इंस्टाग्राम की बात आती है, तो मैं बहुत बेकार हूं और मुझे इसके बारे में कुछ भी नहीं पता है। मैं रील्स बनाते हुए सच में बहुत गलतियां करती हूं। जब मेरी टीम मुझसे रील पोस्ट करने के लिए कहती है, तो मैं कोई मजेदार रील बनाने के लिए चुनती हूं, क्योंकि मुझे ऐसी ही रील्स पसंद आती हैं। मैं बिना यह सोचे कि मैं एक कलाकार हूं, इस तरह की रील्स बनाती हूं। तब राशा मुझसे कहती हैं, 'मम्मा, आप ये रील्स नहीं बना सकतीं, ये अच्छी नहीं हैं। लेकिन, मुझे रील्स बहुत पसंद आती हैं।' रवीना ने आगे बताया कि कुछ महीने पहले जब 'वाह' ट्रेंड चला, तो उन्होंने भी इस पर रील बनाई थी। लेकिन राशा को यह पसंद नहीं आई। राशा ने तुरंत अपनी मां से इस रील्स को इंस्टाग्राम से हटाने के लिए कह दिया था। हालांकि, तभी इस ट्रेंड पर दीपिका पादुकोण ने रील बनाई और उन्होंने अपनी बेटी को भेजा और कहा, 'देखो, हर कोई इसे बना रहा है, सिर्फ इसलिए कि दीपिका ने इसे बनाया।' बता दें कि हाल ही में रवीना को वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में देखा गया था। इस सीरीज में उन्होंने इंद्राणी कोठारी का रोल निभाकर हर किसी का दिल जीत लिया था। रवीना के आलावा इसमें वरुण सूद और नम्रता शेठ भी काम किया था।

# भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की फिल्म भक्षक ने एक और मील का पत्थर स्थापित किया है जो भारत को वैश्विक कंटेंट मंच पर गौरवान्वित करता है। यह विश्व स्तर पर शीर्ष 5 गैर-अंग्रेजी फिल्मों में से एक है! भूमि भक्षक में अपने शानदार अभिनय के लिए मिल रही सर्वसम्मत सराहना और प्यार का आनंद ले रही हैं। फिल्म में भूमि का बेहद सूक्ष्म और शानदार प्रदर्शन उन्हें अविश्वसनीय सराहना मिल रही है। करियर के इस बड़े पड़ाव और अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों को देखते हुए, भूमि हॉलीवुड में करियर तलाशने की इच्छुक हैं। हमने सुना है कि पश्चिम में कुछ दिलचस्प, बड़ी परियोजनाओं के लिए उनसे संपर्क किया गया है और मार्च या अप्रैल में किसी समय लॉस एंजिल्स में मीटिंग के लिए जा सकती हैं।' एक ट्रेड सूत्र ने बताया कि ऋभूमि अब लगभग 9 वर्षों से अपने अभिनय के गेम में शीर्ष पर हैं। उनकी अधिकांश फिल्मों को दुनिया भर में दर्शक मिले हैं, यह देखते हुए कि वे कितनी आगे की विषय-वस्तु वाली हैं। भक्षक का मामला लीजिए – यह विश्व स्तर पर ट्रेंड कर रहा है और उसके प्रदर्शन ने पश्चिम में फिल्म निर्माताओं का ध्यान आकर्षित किया है। उनके काम को देखते हुए और कैसे दुनिया स्थानीय दिल से वैश्विक कहानियां बनाना चाहती है, भूमि चीजों की योजना में बिल्कुल फिट बैठती हैं, सूत्रों ने जानकारी दी कि ऋभूमि की निश्चित रूप से हॉलीवुड की आकांक्षाएं हैं लेकिन वह सिर्फ इसके लिए फिल्म नहीं चुनेंगी। वह यहां सही स्क्रिप्ट चुनने में बहुत सावधानी बरत रही हैं और भूमि पश्चिम में भी सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट चुनने में अपना समय लेंगी। भूमि के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना और भारतीय महिलाओं को सिनेमा में सही ढंग से चित्रित करना बहुत महत्वपूर्ण है।




# गोविंदा मेरी रगों में, लेकिन पता किसी को नहीं: राधिका मदान

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के प्रति अपनी आत्मीयता की घोषणा करते हुए एक्ट्रेस राधिका मदान ने कहा, गोविंदा मेरी रगों में हैं, और इसके बारे में किसी को भी पता नहीं है। यह घोषणा दर्शकों को प्रतिष्ठित अभिनेता की ऊर्जा, शैली और मसाला फिल्म शैली के लिए बेजोड़ स्वभाव के प्रति उनकी प्रशंसा की झलक देती है। व्यावसायिक मसाला फिल्मों में काम करने की राधिका की इच्छा विभिन्न सिनेमाई अनुभवों को अपनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ड्रामा से लेकर कॉमेडी तक की फिल्मों में सम्मोहक प्रदर्शन देने के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, व्यावसायिक सिनेमा की जीवंत दुनिया में राधिका मदान के उद्यम का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। अपनी प्रामाणिकता और जीवंत ऑन-स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली, मसाला फिल्म क्षेत्र में राधिका मदान की यात्रा निश्चित रूप से इस शैली में एक नया और गतिशील परिप्रेक्ष्य लेकर आएगी।

जैसे ही वह नए क्षितिज पर अपनी नजरें जमाती है, प्रशंसक और फिल्म उद्योग समान रूप से उस जादू का इंतजार कर रहे हैं जो वह निस्संदेह बड़े पर्दे पर लाएगी। आगे देखें तो, राधिका की आगामी फिल्मों में 12 जुलाई को अक्षय कुमार के साथ सरफिरा, उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म सना और रूमी की शराफत शामिल हैं। बता दें कि हाल ही में एक कार्यक्रम में, बॉलीवुड सनसनी राधिका मदान ने पूर्ण विकसित व्यावसायिक मसाला फिल्मों के क्षेत्र में उद्यम करने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की। विभिन्न भूमिकाओं में अपने शानदार अभिनय के लिए मशहूर बहुमुखी अभिनेत्री ने मुख्यधारा सिनेमा की जीवंत और मनोरंजक दुनिया का पता लगाने के लिए अपनी उत्सुकता साझा की।

# होली के अवसर पर रिलीज होगी रानी चटर्जी की फ़िल्म बदला गंगा गीता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री रानी चटर्जी की फिल्म बदला गंगा गीता होली के अवसर पर रिलीज होगी। अभिनेत्री रानी चटर्जी फिल्मों में कम बैक करने जा रही हैं। रानी चटर्जी, दिलीप गुलाटी निर्देशित फ़िल्म बदला गंगा गीता से कमबैक कर रही हैं। फ़िल्म बदला गंगा गीता में रानी चटर्जी के साथ प्रेम सिंह, रवि यादव, मनोज द्विवेदी, जीतू शुक्ला, पप्पू यादव, सागर पांडेय, रमज़ान, आशा लता चौहान, अमित गौड़, पूनम चोपड़ा, जतिन तिवारी ने भी अभिनय किया है। फ़िल्म गंगा और गीता को सेंसर सर्टिफिकेट मिल चुका है और यह फ़िल्म आगामी होली के शुभ अवसर पर रिलीज करने की तैयारी है। लेखक-निर्देशक दिलीप गुलाटी ने बताया, फ़िल्म बदला गंगा गीता का एक जबरदस्त एक्शन फिल्म है और इसे सेंसर से यूए सर्टिफिकेट मिला है जो काफी सराहनीय है। फ़िल्म को हर वर्ग के दर्शक, हर उम्र के लोग देख सकते हैं। फ़िल्म के निर्माता कोमल हैं। वहीं संगीत अमन श्लोक ने दिया है, गीत दिल दिलीप ने लिखा है, वहीं फ़िल्म का छायांकन अनील ढांडा ने किया है। फ़िल्म गंगा और गीता का संकलन योगेश पांडेय का है, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कोमल हैं, वहीं फ़िल्म में मारधाड़ जय यादव ने कराया है, जबकि नृत्य निर्देशन गोपी किशन का है।




# फिल्में नहीं बल्कि सेना में जाना चाहती थीं जया बच्चन



दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस जया बच्चन अपने बेबाक स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। जया बच्चन एक्टिंग के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में जया बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन नंदा के साथ अपनी पोती नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो में नजर आईं। नव्या का 'व्हाट द हेल नव्या' का दूसरा सीजन हाल ही में रिलीज हुआ था। इस पॉडकास्ट में जया बच्चन, श्वेता बच्चन और नव्या कई विषयों पर बातचीत करती हैं। शो में लैंगिक समानता पर टिप्पणी की गई। इसके अलावा जया बच्चन ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों पर भी टिप्पणी की। इस दौरान कमेंट करते हुए जया बच्चन ने बताया कि वह एक्टिंग के क्षेत्र में नहीं बल्कि सेना में शामिल होना चाहती थीं, लेकिन उस समय समाज में लोगों की गलत सोच और पुरुषों के बीच भेदभाव के कारण जया बच्चन का यह सपना अधूरा रह गया। जया बच्चन ने कहा, 'मुझे आज भी याद है कि मैं सेना में शामिल होना चाहती थी, लेकिन मुझे ऐसा नहीं मिला जिससे मैं बहुत निराश हो गई थी। उस समय सेना में महिलाओं को केवल नर्स के रूप में भर्ती किया जाता था। मुझे अभिनय से ज्यादा सेना में शामिल होने में दिलचस्पी थी। जया बच्चन के बयान को दोहराते हुए, श्वेता बच्चन ने भी पुरुषों और महिलाओं के बीच भेदभाव पर टिप्पणी की। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है, अब कार में बैठे पुरुष और कार चलाती महिला की तस्वीर बेहद आम मानी जाती है। श्वेता बच्चन ने भी ये टिप्पणी की। जया बच्चन पिछले साल करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आई थीं। इस फिल्म में भी पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता पर अच्छी टिप्पणी की गई थी। इसके अलावा, जया बच्चन ने हाल ही में अपनी नेटवर्थ के बारे में खुलासा किया, जिससे वह सुर्खियों में आ गईं। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की कुल संपत्ति 1578 करोड़ है।



# खुद के मरने का नाटक करने वाली पूनम पांडे पहुंची भगवान के दरबार में

सर्वाइकल कैंसर से मौत की खबर फैलाने वाली अभिनेत्री पूनम पांडे भगवान के दर्शन करने मंदिर पहुंची। मुंबई के अंधेरी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में नजर आईं पूनम को एक ट्रेडिशनल येलो कुर्ता, मैचिंग प्लाज़ो और गुलाबी दुपट्टा पहने हुए देखा गया। उन्होंने अपने लुक को खुले बालों के साथ कंप्लीट किया। इस दौरान वह बिना मेकअप के थीं और उनके हाथ में पूजा की थाली थी। पूनम पांडे इस दौरान पैपराजी को फोटो-वीडियो के लिए पोज देती हुईं नजर आईं। इस दौरान एक पैपराजी ने पूनम से पूछा, आप कैसी हैं?, जिस पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, एक दम फर्स्ट क्लास! पैप ने फिर मजाक में कहा, आपने हमें डरा दिया था। इस पर पूनम मुस्कुराते हुए जबाव दिया कि उन्होंने किसी को नहीं डराया। पूनम पांडे ने हंसते हुए कहा, आप डर गए थे, मैंने डराया बिल्कुल भी नहीं था। फिर एक ने पूछा आप यहां किसलिए आई हैं। इस पर पूनम ने कहा, मैं दर्शन करने आई हूं। इसके बाद मंदिर में चली गईं। वीडियो में पूनम को मंदिर के अंदर प्रार्थना करते और भगवान का आशीर्वाद लेते हुए देखा गया। बता दें कि मॉडल पूनम पांडे ने इस महीने की शुरुआत में अपनी मौत की खबर फैलाकर खूब लाइमलाइट बटोरी। पूनम के इंस्टा अकाउंट से एक पोस्ट किया गया था जिसमें बताया गया कि था कि सर्वाइकल कैंसर की वजह से मौत हो गई। उनकी मौत पर किसी को विश्वास नहीं हुआ। बात में यह उनकी मौत का एक नाटक ही साबित हुआ। हालांकि इसके पक्ष में उन्होंने कहा कि वह सर्वाइकल कैंसर को लेकर जारुकता फैलाना चाहती थी। एक ब्रैंड के लिए उन्होंने इसका प्रमोशन भी किया था। इस मामले में उन्होंने कई लीगल नोटिस भी मिले हैं।

# महिला किरदारों को सशक्त बनाने में भूमिका अदा की तमन्ना ने



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की बाहुबली- द बिगिनिंग में एक महिला योद्धा के उनके किरदार ने न सिर्फ दर्शकों को एंटरटेन किया बल्कि मेनस्ट्रीम सिनेमा में महिला किरदारों को सशक्त बनाने की एक मिसाल भी कायम की। अवंतिका के जरिये, जी करदा एक्ट्रेस ने ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया की बाहुबली- द बिगिनिंग में कुशल योद्धा अवंतिका की भूमिका ने भारतीय सिनेमा में उनके लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ ला दिया। इससे वीमेन ओरिएंटेड जॉनर की ओर बदलाव आया। एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल जेंडर स्टीरियोटाइप को चुनौती दी और अधिक विविध कहानियों के लिए मार्ग खोल।

अपनी डिजिटल फिल्म बबली बाउंसर से उन्होंने महिलाओं के बाउंसर होने की धारणा को तोड़ दिया। तमिल वेब सीरीज़ नवंबर स्टोरीज़ के साथ ओटीटी पर डेब्यू करते हुए, तमन्ना ने पहले कभी नहीं देखी गई फीमेल करैक्टर सेंट्रिक जॉनर में कदम रखा। उनकी अगली वेब सीरीज़ जी करदा में उन्होंने लावण्या का किरदार निभाया और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आखिरी सच में इंस्पेक्टर आन्या स्वरूप और लस्ट स्टोरीज़ 2 में शांति के रूप में तमन्ना की एक्टिंग ने एक एक्टर के रूप में जटिल किरदारों को निभाया। इतना ही नहीं खुद को अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। भारतीय सिनेमा में उनका योगदान उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से परे है। वह बिज़नेस में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और प्रतिनिधित्व का प्रतीक बन गई हैं, जो उनकी पैन इंडिया पॉपुलैरिटी को बढ़ाता है। अवंतिका से जी करदा, लस्ट स्टोरीज़ 2 और आखिरी सच में अपने लेटेस्ट रोल्स तक तमन्ना भाटिया इंडियन सिनेमा के लैंडस्केप को नया आकार देने की उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण देती है।

# जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**करहीभदर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में आम नागरिक हुए शामिल**





पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बालोद जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक उपस्थित हुए थे। बालोद ब्लॉक के ग्राम करहीभदर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा डौंडीलोहारा के जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन एवं नगर पंचायत गुंडरदेही के सामुदायिक भवन में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुना। जिले के तीनों स्थानों में आयोजित कार्यक्रम स्थल में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित थे। जिले के ग्राम करहीभदर में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पूर्व विधायक भोजराज नाग, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं राकेश यादव तथा केसी पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम बालोद शीतल बंसल, एसडीएम गुरूर जीडी वाहिले सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को सामग्री का भी वितरण किया गया।

### 25 हितग्राहियों को किया गया नवीन राशन कार्ड वितरण

इसके अंतर्गत बालोद ब्लॉक के ग्राम करहीभदर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत तीन हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 25 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड के वितरण के अलावा कृषि विभाग के द्वारा 04 हितग्राहियों को मूंग बीज का वितरण तथा कुपोषित बच्चों की माताओं को सुपोषण किट का भी वितरण किया गया। इस दौरान अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उनके विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली गई। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टॅाल में चिकित्सकों के द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां भी वितरित की गई।

### गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि हुए शामिल

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत डौंडीलोहारा एवं गुंडरदेही मुख्यालय में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दी। इसके अंतर्गत सामुदायिक भवन डौंडीलोहारा में आयोजित सामुदायिक भवन में पूर्व अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, नगर पंचायत चिखलकसा के अध्यक्ष भीखी मसिया, जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, देवेन्द्र जायसवाल, रमेश सिन्हा सदस्य अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को नवीनीकृत राशन कार्ड तथा मूंग बीज का वितरण किया गया। इसी तरह गुंडरदेही के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के अलावा जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चन्द्राकर, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, पवन सोनबरसा, थानसिंह मण्डावी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सामग्रियों का वितरण किया गया।

## छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति हमारी धरोहर : योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम हरदी (भिंभौरी) में श्री जनकल्याण समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय लोक कला महोत्सव में राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है। छत्तीसगढ़ की पहचान न केवल भारत वर्ष में अपितु विदेशो में भी है, ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल में रहने वाले कलाकारों को मंच प्रदान होता है। गांव में भी इस तरह का वृहद आयोजन होना अपने आप में गौरव की बात है। गांव में इस तरह का आयोजन, सराहनीय है। इस तरह की परंपराओं को जीवित रखना जरूरी है। ताकि आज की युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति व परंपरा को जानने व समझने का मौका मिले। वही लोगो का अपने धर्म और संस्कृति के लिए झुकाव बढ़ता है। इस दौरान पाल, सुनील देशलहरे, उभयराम पाल, राजकुमार पाल, कौशल वर्मा, दीपक निर्मलकर, वेदराम सेन, अश्वनी साहू, हिकेश्वर पाल, डोमार वर्मा, निखिल वर्मा उपस्थित थे।

## प्रदेश की भाजपा पात्र अपात्र की सूची जारी कर महिलाओं के साथ कर रही धोखा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार की सत्ता सीन होने में यदि महत्वपूर्ण भूमिका है तो वह है महतारी वंदन योजना, चुनाव के दौरान भारतीय जानता पार्टी द्वारा अपने घोषणा पत्र में यह योजना मोदी गारंटी के साथ प्रस्तुत किया साथ ही अपने कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर बाक़ायदा विवाहित महिलाओं का फ़ार्म भराया गया। वहां पर उम्र 21 वर्ष निर्धारित नहीं किया गया था इस प्रकार से भाजपा और इनकी सरकार द्वारा जैसे ही सरकार पर काबिज हुई पात्र अपात्र की सूची जारी कर महिलाओं के साथ धोखा करने लगा सीमा अनंत पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष ने सरकार की नियत पर सवाल उठाते कहाँ कि जब सरकार की गाइड लाइन में युवती की शादी की उम्र 18 वर्ष है और उनकी शादी हो गई है तो 18 वर्ष से 21 वर्ष के शादी शूदा लाखों पात्र महिलाओं को महतारी वंदन योजना लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है ये हमारी महिला बहनों के साथ सरासार धोखा है साथ आज महिलाओं को यदि आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो वह उम्र है वृद्ध अवस्था में है यहाँ पर भी सरकार महिलाओं के साथ छलावा किया हुआ है पेंशन धारी महिलाओं के अधिकारों में भी कटौती कर मिलने वाली पेंशन राशि व महतारी वंदन योजना के माध्यम से दी जानी वाली राशि में कटौती की गई है अनंत ने सरकार से माँग की है कि ज़रूरत मद महिलाओं पेंशन के अलावा उन्हें 1000 रुपये दिये जाने की माँग की है साथ ही उम्र के आधार अपात्र माने गये 18 से 21 वर्ष के शादी शू दा महिलाओं को लाभार्थी के दायरे में लाकर मदद किया जाना चाहिए।

## सेवानिवृत्त प्रधान पाठक ने अपनी पत्नी की पुण्यतिथि पर कराया न्योता भोज



**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार न्योता भोज का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंडरदल्ली राजहरा में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामकिशोर प्रसाद द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय मीना देवी प्रसाद की प्रथम पुण्यतिथि में किया गया। जिसमे न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों एवं अतिथियों को भोजन परोसा गया। भोजन में खीर, पूड़ी ,चांवल, दाल एवं सब्जी बनाया गया। कार्यक्रम में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधान पाठिका शीला खांडेकर, अभिलाषा, राजेश्वरी सोनगेर, साधना मानकर, दीप्ति पांडे,रेखराज साहू, तुमेन्द्र कुमार साहू, सावित्री ,द्रोपती, बबीता, निर्मला, उमा, केसरी,संकुल समन्वयक नया बाजार राजहरा राजमल जैन, संकुल समन्वयक पुराना बाजार राजहरा रोहित सोनगेर एवं शाला विकास समिति के सदस्य गण सम्मिलित हुए।

## अंचल में आज से मनाया जायेगा मानस बासंती पर्व एवं राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ब्लाक बेरला के अंतर्गत ग्राम नेवनारा, खमतराई, देवादा, गोडगिरी एवं सुरहोली में एक ऐसा कार्यक्रम होने जा रहा है जैसे मनुष्य के जीवन में राम के नाम से जो सुकून व्यक्ति को मिलता है ठीक वैसे ही ऋतु के राजा बसनत के आने पर प्रकृति खिल उठती है। ऐसे में अंचल के राम भक्तो ने ऋतु राज बसंत के आगमन पर इसे मानस बसंत उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जो को 25 एवं 26 फरवरी को आयोजित होगी। कार्यक्रम के संयोजक चेतन साहू एवं देवलाल सिन्हा ने बताया की बासन्ती मानस उत्सव में छात्र के विख्यात मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। बेहतर प्रस्तुति के लिए सभी मंडलियों के लिए पुरस्कार की भी व्यवस्था आयोजक समिति द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की आमंत्रित मंडलियों में जिसमे विधी हरि हर मानस मंडली भिंभोरी, कर्मा महिला मानस मंडली तिरईया (रायपुर), राम रसिया मानस परिवार चमारी (नवागढ़), जय अंबे मानस मंडली रायतुम (महासमुंद), भरत भाई मानस मंडली भटगांव (धमतरी) सत्यम सुन्दर मानस मंडली साजा (गुंडरदेही), श्री राम किंकर मानस परिवार करमदा (बलौदाबाजार), हे सारदे बालिका मानस मंडली रणजीतपुर (कवरधा), चंचल मानस मंडली टोनाटार (बलौदाबाजार), आदर्श राम भक्त मानस मंडली रकशे कवॅर्धा, चंचल मानस मंडली रेवे (बेरला), नव दिप बालिका मानस मंडली (अंबागढ़-चौकी), सत्यम शिवम सुन्दर मानस मंडली घटिया खुर्द, कारीपाठ मानस मंडली शिवानी (अभनपुर), गीता संदेश बालिका मानस मंडली बोहरभेड़ी (मानपुर मोहला), श्री राम कृष्ण मानस परिवार लोहारा (कवरधा), आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार, चतुर साहू रघुवर मानस मंडली चर्चा (कुरुद), सुर सरिता मानस परिवार मोगरा पाली (उड़ीसा), प्रज्ञा सुमन मानस मंडली रतनपुर (बिलासपुर), जनक राम साहू/ रामपयारी साहू, आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार, जय दुर्गा मानस परिवार आमगांव (बांधाबाजार) आदि सम्मिलित है। कार्यक्रम की तैयारी में सभी आयोजक समिति के पदाधिकारी सहीत खमतराई से राजेंद्र मानिकपुरी, गोपी बिरेंद्र निषाद सुरहोली गोपिचरन साहू, खोमकरन, हरीश वर्मा विष्णु साहू, ओमप्रकाश साहू (सरपंच) नेवनारा चेतन साहू सालिक साहू मोहन निषाद देवादा राम कुमार शर्मा जीवन साहू हेमधर सहित ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधि कार्यक्रम को एतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए राम भक्तो को अधिक संख्या में उपस्थित होकर राम कथा रसपान करने की अपील की है।

## केंद्र के बराबर देय तिथि से मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर प्रदेश के कर्मचारी संगठन हो रहे हैं एकजुट

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



केंद्र के बराबर देय तिथि से मंहगाई भत्ता की मांग को लेकर प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठन एकजुट हो रहे हैं। 23 फरवरी को प्रदेश मे इसकी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन और ज्ञापन को शालेय शिक्षक संघ ने पूर्ण समर्थन दिया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने उक्त प्रदर्शन मे शामिल होने की अपील सभी कर्मचारियों से की है। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मोदी की गारंटी मे कर्मचारियों को केंद्र के बराबर देय तिथि से मंहगाई भत्ता प्रदाय करने का संकल्प लिया गया है, अतः माननीय मुख्यमंत्री साय जी से अनुरोध है कि समस्त कर्मचारियों की सुधि लेते हुए इस गारंटी पर अमल शीघ्र हो। साथ ही उन्होंने शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को छह महीने के भीतर पदोन्नति देने के कमिटमेंट पर धन्यवाद ज्ञापित किया और मांग किया कि पदोन्नति पहले सम्पन्न हो फिर सीधी भरती हो। संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने शिक्षा मे सुधार हेतु त्वरित निर्णय लेने हेतु छ्ग की साय सरकार के कदम को सराहनीय बताते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्री का आभार व्यक्त किया और आग्रह किया कि प्रदेश मे जब समावेशी विकास की बात हो रही है तो ऐसे मे कर्मचारियों की उपेक्षा नही की जा सकती। प्रदेश के कर्मचारी केंद्र के बराबर देय तिथि से मंहगाई भत्ता की बाट जोह रहे हैं, जिसे शीघ्र पुरा कर मोदी जी के संकल्प की गारंटी को पूर्ण किया जा सकता है। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी,जिला पदाधिकारी कन्हैया तिवारी, कर्नल तिवारी, राकेश सोनी, मुन्नवर बेग, संतोष शर्मा, विष्णु कौशिक, भानू राजपूत, विष्णु कौशिक, दिनेश बर्वे, शरद वर्मा, देवानंद त्रिपाठी,सूरज पाली, यशवंत कौशिक, ब्लॉक अध्यक्ष कवर्धा अमित मिश्रा, लोहारा राकेश जोशी, पंडरिया मोहन राजपूत, बोड़ला रामकुमार वर्मा आदि पदाधिकारियो ने सरकार से उपरोक्त मांगो पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

## नवधा रामायण में गुपचुप खाने से 60 ग्रामीण हुए उल्टी दस्त के शिकार

### 11 जिला अस्पताल और 8 थान खमरिया अस्पताल में भर्ती

**शेष मरीज गांव के स्कूल में लगाए गए स्वास्थ्य कैंप शिविर में भर्ती है**

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



साजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत ग्राम डांगनिया में बीते शुक्रवार शाम को नवधा रामायण समापन कार्यक्रम के दरमियान गांव के कार्यक्रम स्थल पर लगे दुकान गुपचुप खाने से लगभग 60 से अधिक ग्रामीण फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए गुपचुप खाने के बाद धीरे-धीरे मरीजों के पेट में दर्द और उल्टी दस्त शुरू हो गई देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई। गांव में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल साजा बीएम ओ एवम थान खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को इलाज के लिए भर्ती किया गया, जिसमें से 11 पेसेन्ट जिनकी हालात गंभीर होने पर दो एंबुलेंस में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिसमे केशव ध्रुवे 34 साल, प्रकाश पटेल37साल, सुरुचि ध्रुव साल 24 फिरता पटेल 40 साल, गोमती पटेल 16 पुस्कर पटेल 8साल, सूर्यांस 16 साल कविराज, 14 साल हेमा 4, शिवानी एवं झानसी उल्टी दस्त, से गंभीर रूप से पीड़ित थे जिला अस्पताल में भर्ती केशव धुर्वे ने बताया कि 24 घंटे का समय बीतने को है लेकिन अभी तक उन्हें उल्टी दस्त से आराम नहीं मिल पाया है ऐसे ही हालत अन्य मरीजों के भी है और सभी मरीज पेट में मरोड़ और दर्द से परेशान है मरीजो को सलाइन की बोतले चढ़ाई गई है इस संबंध में डॉक्टर ओमप्रकाश साहू ने बताया कि हफ्ते में एक दिन ही उनकी ड्यूटी जिला अस्पताल में लगाई जाती है और 2:00 बजे शिफ्ट बदला है डायरिया के कहां और कौन से मरीज भर्ती है में फाइल देखकर ही बता पाऊंगा कि मरीजों की हालत कैसी है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों के अनुसार डायरिया से पीड़ित मरीजों को 24 घंटे का समय होने को है जिला अस्पताल के इलाज से कोई लाभ नहीं हो पाया है और जनरल वार्ड में मरीजो को भर्ती कर दिया गया है जिला अस्पताल में जगह नहीं मिलने पर एम सी एच के एक-एक कमरे में एक-एक मरीज को भर्ती किया गया है जिससे शिशु वार्ड में बड़े मरीजों को भर्ती किया गया है जहां पर डॉक्टर अनुपस्थित थे और मरीज की हालत दस्त नहीं रुकने से परेशान है। साजा बीएमओ डॉक्टर अरुण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डंगनिया गांव में शु वार के रात्रि लगभग 10 बजे 60 लोगों को फूड पॉइजनिंग के कारण उल्टी दस्त की शिकायत की जानकारी मिली तत्काल मौके पर मरीजों को इलाज की सुविधा दी गई और थान खमरिया के अस्पताल में 8 मरीज और 11 मरीज जिनकी हालात गंभीर होने पर एंबुलेंस से जिला अस्पताल बेमेतरा में भर्ती कराया गया है। पूरे गांव में स्वास्थ्य शिविर का स्कूल में कैंप लगाया गया है और घर-घर सर्वे कराया जा रहा है मुनादी भी गांव में कर दी गई है शनिवार को डायरिया पीड़ित केवल एक ही मरीज मिल पाया है इस तरह से दो दिनों में 61 मरीज डायरिया के पाए गए हैं इलाज जारी है और स्थिति नियंत्रण में है।

## प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार की नेतृत्व में हुई शिवसेना की बैठक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाऊ राम चौहान ने बताया कि शुक्रवार को संध्या 4:00 बजे स्थानीय विश्राम गृह में आवश्यक बैठक रखा गया था उक्त बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, हिमांशु शर्मा रायपुर जिला महासचिव, कमलाकर यादव रायपुर जिला सचिन उपस्थित रहा आगे चौहान ने बताया कि जिला बेमेतरा में पार्टी विस्तार, एवं जिला के नगर व विधानसभा, एवं ब्लॉक स्तरों में पार्टी की मजबूती के लिए पदाधिकारी नियुक्ति व जिले मैं तीनों विधानसभा की संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी मैं सदस्य बनाने के लिए आम जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर आम जनता के हित में छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते रहना है ताकि समय-पर आम जनता की मूलभूत समस्याओं एवं उनकी मांग समय पर पूर्ण किया जा सके एवं साथ ही पार्टी के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रामनवमी मैं विशाल शोभा यात्रा निकलने को लेकर प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने कही है आज की विशेष बैठक में पार्टी के जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान, जिला महासचिव श्यामलाल सेन, जिला प्रभा, मनीष वर्मा, जिला बलौदा बाजार उपाध्यक्ष राजू मानिकपुरी, रमेश वर्मा, भानु महंत, साजा नगर उपाध्यक्ष लोकेश वर्मा, नवागढ़ ब्लाक अध्यक्ष सुंदर पाठक, दीनू, निहित, एवं सैकड़ो की संख्या में शिव सैनिक उपस्थित रहा।

### सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत

**बेमेतरा।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में सार्वजनिक भवन निर्माण विकास कार्य के लिए 5 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद दुर्ग संभाग विजय बघेल की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा बेमेतरा क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है।

## पहली बार ई-बॉयोटोरियम, बायो मैग्नेटिक प्राकृतिक चिकित्सा का डेमो प्रदर्शन दिखाकर दी गई जानकारी



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौण्डी नगर पंचायत के पुलिस मैदान में उत्तम कुमार कोठारी क्षेत्रीय संचालक के नेतृत्व में पहली बार ई-बॉयोटोरियम, बायो मैग्नेटिक प्राकृतिक चिकित्सा का डेमो प्रदर्शन दिखाकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमेश सोरी अध्यक्ष डौंडी नगर पंचायत थे। कार्यक्रम में डौंडी नगर पंचायत के आसपास के विभिन्न ग्रामों के ग्रामीण तथा ई ट्ठबायोटिरियम बायोमैग्नेटिक प्राकृतिक चिकित्सा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उन्होंने ई-बायोटेरियम बायोमैग्नेटिक प्राकृतिक चिकित्सा के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डौण्डी नगर के ई-बायोटोरियम बांयो मैग्नेटिक प्राकृतिक चिकित्सा परिवार के संचालक उत्तम कुमार कोठारी व रामेश्वरी कोठारी ने बताया कि इस सिस्टम का उपयोग करने पर मात्र सोने और पानी पीने और ब्रेसलेट लगाने से शरीर पर अद्भूत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बच्चे-बड़े-बुजुर्ग, स्वस्थ और बीमार सबके लिये फायदेमंद है। बीमार को स्वस्थ होने और स्वस्थ को स्वस्थ बने रहने के लिये फायेदमंद है। यह सिस्टम बिना दवाई, बिना गोली, बिना इंजेक्शन, बिना ऑपरेशन से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को सही करके और ऑक्सीजन लेबल को बढ़ाकर स्वस्थ रहने का आसान तरीका है। किसी भी तरह के दवाई को यह सिस्टम पूरी तरह सपोर्ट करता है। यह सिस्टम पूरी तरह से प्राकृतिक है द्य इसलिए इसे सिर्फ 1 ही बार घर में लाना पड़ता है, दुबारा खरीदने या रीनिवल करने की जरूरत नहीं पड़ती, 25 साल, फुर्सत रहता है। ई-बॉयोटोरियम बायोमैग्नेटिक प्राकृतिक चिकित्सा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उत्तम कुमार कोठारी -9406067866 एवं रामेश्वरी कोठारी 9406067865 से संपर्क कर सकते है।

## सड़को पर बेधड़क और बेटोक दौड़ रहे सड़को को घेर ओव्हरलोड वाहन, बन रहे औरों की जिंदगी का काल

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान बना दिखावा, जागरूकता और कार्यवाही के नाम पर ट्रैफिक विभाग कर रहा खानापूर्ति

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने यातायात विभाग के कार्यप्रणाली की सारी पोल खोल कर रख दी हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान दिखावा बन कर रह गया है। जागरूकता और कार्यवाही के नाम पर ट्रैफिक विभाग सिर्फखानापूर्ति कर रहा है। सड़को पर आज भी ओव्हरलोड भारी भरकम वाहन यमराज बन बेधड़क और बेटोक दौड़ रहे हैं। और ये सब वाहन पुलिस एवं यातायात विभाग के नज़रों के सामने से गुजर रहे हैं। बावजूद उनपर ठोस कार्यवाही करने के बजाय विभाग खानापूर्ति कर रहा है। सड़को पर बेधड़क तेज रफ्तार दौड़ रहे बड़े वाहन लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है, उनके जीवन का काल बन रहे है। बीते 3 दिनों में अलग अलग सड़क हादसों में कुल 6 लोगों की मौत हुई हैं। जिसमें दो सड़क हादसा ग्राम कुसुमकसा में ट्रक और कार की टक्कर से कार सवार की मौत और गुंडरदेही में भूसे से भरी ओव्हरलोड ट्रक की चपेट में आने से दो कालेज छात्राओं की मौत ने यातायात विभाग की कार्यप्रणाली के दावों की सारी पोल खोल दी है।

### घटना से मृत छात्राओं के घर पर छाया मातम

शुक्रवार को गुंडरदेही मुख्यालय में एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार भूसे से भरी ओव्हरलोड ट्रक ने बाइक में सवार 2 युवक ईरागुड़ा निवासी जानू पटेल पिता प्रताप पटेल (21वर्ष) एवं ग्राम मड़ियापार निवासी टूमेंद्र धनकर पिता केतु धनकर (22वर्ष) को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। मृत दोनों युवक कालेज के छात्र थे। बताया गया है कि उक्त दोनों युवक कालेज में प्रवेश पत्र लेने हुए निकले थे। इस बीच मुख्य मार्ग में पीछे से तेज रफ्तार ओव्हरलोड ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएल 4971 ने बाइक में सवार दोनों युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक में ओव्हरलोड भूसा भर हुआ था। जो कि ट्रक के दोनों तरफझूला हुआ था। घटना से दोनों युवकों के घर मे मातम छा गया हैं। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हैं।

### नही थम रहें सड़क हादसे

डौंडी दल्लीराजहरा मार्ग पर एक कार और हाइवा में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों के सामने के हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नही आई। बताया जा रहा है कि हाइवा चालक गलत दिशा की ओर गाड़ी चला रहा था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नही ले रहे है। रोजाना सड़क दुर्घटनाएं और उन हादसों में मौत की खबरे सामने आ रही है। तो कोई सड़क दुर्घटनाओं में अपने शरीर का अभिन्न अंग भी गंवा रहे हैं। लगतार हो रहे सड़क हादसों में परिवार उजड़ रहे हैं। किसी के घर का इकलौता चिराग बुझ रहा है तो किसी के घर का कमाने वाला। सड़क हादसों परिवार तीतर बीतर हो रहा है। यातायात विभाग के जागरूकता अभियान के बाद भी तेज रफ्तार का कहर देखने मिल रहा हैं।

### काल बनकर दौड़ रहे वाहन

यहां यह कहना गलत नही होगा कि जिले की सड़कों पर भारी भरकम वाहन काल बनकर दौड़ रहे है। यातायात नियमों को ताक पर रख वाहनों को दौड़ाया जा रहा है। रेत, गिट्टी, भुसा, धान से भरी ओव्हरलोड हाइवा व ट्रके तेज रफ्तार सड़को पर दौड़ रही है। बसों में भी क्षमता से अधिक यात्रियों को बिठाया जा रहा हैं। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बड़े वाहन ही होते है। ओव्हरलोड वाहनों को तेज रफ्तार सड़को पर दौड़ाना, मनमर्जी कही भी सड़क और वाहन को खड़े कर देना, सड़क को घेर कर चलना, जिसकी वजह से छोटे वाहनों को दिक्क त होती है। बस चालक भी जगह जगह बस को खड़ाकर यात्री को उतारते व बिठाते हैं। कई बार ऐसी परिस्थितियों में जाम की स्तिथि भी निर्मित हो जाती हैं।

### अवैध वसूली में मशगूल विभाग

ऐसे वाहनों पर नियमतः व ठोस कार्यवाही करने के बजाय यातायात विभाग अवैध वसूली में मशगूल हैं। बताया जाता है कि कई ट्रांसपोर्टर अपने वाहनों पर नज़र बनाये रखने और कार्यवाही न करने के एवज में महीना भी देते हैं। यातायात नियमों को ताक पर सड़को पर दौड़ रहे वाहनों पर कार्यवाही करने के बजाय यातायात विभाग जगह जगह चालानी कार्यवाही करना छोड़ अवैध वसूली कर रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचलों से अपने रोजमर्रा के कामो के लिए शहर आ रहे आम जनों को दिक्क तों का समनाया करना पड़ता हैं।

-हमारे द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही हैं। ओव्हरलोड वाहनों पर भी कार्यवाही की जा रही है, चेकिंग जारी हैं। हम सड़क दुर्घटनाओं को रोकने कोशिश कर रहे है, नुक्क ड़ नाटक में माध्यम से और पम्पलेट वितरण भी चल रहा हैं।

**राकेश ठाकुर, यातायात प्रभारी**

# 170 विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हुआ कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com






शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति के सहायक प्राध्यापक सोमेश कुमार घिटोड़े ने दिनांक 22 फरवरी 2024 को शासकीय एमएमआर पीजी महाविद्यालय चांपा में छात्र छात्राओं को "प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कैरियर मार्गदर्शन "को दिया। पीजी कालेज चांपा के साइंस डिपार्टमेंट और कैरियर और गाइडेंस सेल के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ, कार्यक्रम में मुख्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में सोमेश कुमार घिटोड़े (सहायक प्राध्यापक गणित) आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर आर साहू विभागाध्यक्ष गणित द्वारा कैरियर मार्गदर्शन के आयोजन के उद्देश्य को बताया गया कि महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रक्रियाओं को बताना और उन्हें इसके लिए मानसिक रूप से तैयार करना ही इस कायक्रम का उद्देश्य है। शासकीय एमएमआर पीजी कालेज चांपा के प्राचार्य डॉ बी डी दीवान ने सभी छात्र छात्राओं को अपने कैरियर के लिए जागरूक रहने को कहा ।उन्होंने कहा कि आजकल सभी प्रकार की सरकारी नौकरियां परीक्षा पद्धति के द्वारा ही प्राप्त हो रही है इसलिए इन परीक्षाओं की पैटर्न की जानकारी आप सभी को होना चाहिए जिसके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है,उन्होंने कहा की छात्र छात्राओं को लगातार प्रयास करते रहना चाहिए तभी सफ्लता प्राप्त होती है। प्राचार्य ने सभी स्टाफ और छात्र छात्राओं को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक मीनाक्षी चंद्रा (सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र) ने भी सभी छात्र छात्राओं को निरंतर परीक्षा की तैयारी और परीक्षा दिलाने को कहा और अपनी गलतियों को सुधारने को कहा । उन्होंने करेंट अफेयर्स को अपडेट रखने को कहा इसके लिए हमेशा समाचार पत्र,पत्रिका पढ़ते रहने को कहा। मुख्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में सोमेश कुमार घिटोडे (सहायक प्राध्यापक गणित)शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति उपस्थित थे।उन्होंने सीजीपीएसी, व्यापम,द्वारा आयोजित होने वाले समस्त परीक्षाओं की विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा की किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक है कि छात्र छात्राओं को परीक्षा विज्ञापन को पूर्ण रूप से पढ़ना चाहिए उसका पाठ्यक्रम और परीक्षा पद्धति को जानना चाहिए तभी सफलता मिल सकती है। उन्होंने कहा की सभी को पूर्व आयोजित परीक्षाओं के प्रश्नपत्र का अध्ययन करने को कहा। सफलता प्राप्त करने के लिए आपके पास पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तके होनी चाहिए।आपको इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर चुके लोगो से मिलकर मार्गदर्शन लेना चाहिए जिससे रणनीति तैयार करने में आसानी होती है। उन्होंने लैब टेक्नीशियन के पुराने प्रश्न पत्रों को समझाते हुए प्रश्नों का स्तर और पैटर्न को बताया,अंत में क्विज के माध्यम से विजेता छात्र छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तके पुरस्कार के रूप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो मीनाक्षी चंद्रा द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया और उन्हें धन्यवाद देते हुए प्राचार्य की अनुमति से कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में लगभग 170 छात्र छात्राएं और समस्त स्टाफउपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने "विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़" कार्यक्रम अंतर्गत एसईसीएल की तीन एफएमसी परियोजनाओं का किया उद्घाटन

## एफएमसी से पर्यावरण-हितैषी एवं त्वरित कोयला परिवहन को मिलेगा बढ़ावा

- **600 करोड़ की लागत से बनी दीपका, बरौद एवं छाल एफएमसी परियोजनाएँ 41 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता से हैं लैस**

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा सतत विकास को बढ़ाने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप "विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़" कार्यक्रम अंतर्गत एसईसीएल की तीन प्रमुख फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं का वर्चुअल रुप से उद्घाटन किया गया। 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनीं यह परियोजनाएँ तेज, पर्यावरण-हितैषी और कुशल मशीनीकृत कोयला निकासी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। एसईसीएल के दीपका क्षेत्र स्थित दीपका ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट 211 करोड़ रुपये से अधिक लागत की एक प्रमुख परियोजना है। वार्षिक 25 मीट्रिक टन की कोयला हैंडलिंग क्षमता के साथ इस परियोजना में 20,000 टन की ओवरग्राउंड बंकर क्षमता और 2.1 किमी लंबी कन्वेयर बेल्ट है, जो प्रति घंटे 4,500 - 8,500 टन कोयले की तेजी से लोडिंग की सुविधा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त यह परियोजना पिटहेड और रेल साइडिंग के बीच सड़क आधारित कोयले की आवाजाही को कम करके पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुनिश्चित करेगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगेगा। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि रेक लोडिंग का समय एक घंटे से भी कम हो जाएगा और परिचालन दक्षता भी बढ़ेगी। एक अन्य महत्त्वपूर्ण परियोजना एसईसीएल के रायगढ़ क्षेत्र में छाल ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट है। इसे 173 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसमें वार्षिक 6 मीट्रिक टन कोयला प्रेषण की क्षमता के साथ एक ओवरग्राउंड बंकर, 1.7 किमी लंबा एक कन्वेयर बेल्ट और 3,000 टन क्षमता का साइलो शामिल है। इसके अतिरिक्त, तीसरी परियोजना एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र में बरौद ओसीपी कोल हैंडलिंग प्लांट है। इसे वार्षिक रूप से 10 मीट्रिक टन कोयले की हैंडलिंग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसे 216 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। 20,000 टन की ओवरग्राउंड बंकर क्षमता तथा 1.7 किमी कन्वेयर बेल्ट से लैस इस परियोजना में एक रैपिड लोडिंग सिस्टम है। यह प्रति घंटे 5000-7500 टन कोयला लोड करने में सक्षम है, लोडिंग प्रक्रिया को काफी सुव्यवस्थित बनाता है और परिचालन दक्षता में योगदान देता है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान के अनुरूप ये परियोजनाएं पूरे क्षेत्र में मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करने तथा कोयला अवसंरचना को मजबूथ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। इन परियोजनाओं से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे ।

# भिखारीमाल के दो घरों में चोरों का धावा नगदी सहित लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर दूर भिखारीमाल गांव में 20 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने शातिरआना अंदाज में नगदी रकम समेत लाखों रूपये सोनें चांदी के जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मामलों को जांच में लेते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिखारीमाल गांव निवासी गोमती पटेल पति गजानंद पटेल उम्र 45 साल ने चक्रधर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करती है। 20 फरवरी की रात करीब 11 बजे खाना खाकर घर के सभी सदस्य अपने-अपने कमरे में सोने चले गए थे। इसी बीच सुबह करीब 3 बजे वह उठी तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। जिसके बाद महिला के पति ने अपने पिता को जोर-जोर से आवाज लगाकर कमरे का दरवाजा खुलवाया। जिसके बाद उन्होंने बगल का कमरा जिसमें उनका पुत्र सोया था उस कमरे को भी खोला गया। जिसके बाद घर के सदस्यों ने किसी अनहोनी घटना की आशंका को लेकर जब घर की तलाशी ली तो जहां जेवर व नगदी रकम रखते हैं वहां के आलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी के अंदर में रखे जेवर सोने का मंगलसूत्र 01 नग, 01 जोडी कान का झुमका, चांदी का पायल 03 जोडी, 10 नग चांदी का बिछिया, 04 नग चांदी का अंगुठी तथा नगदी रकम 10 हजार रूपये को पार कर दिया है। चोरी गए सोने चांदी की कीमत 30 हजार रूपये बताई जा रही है, वहीं सोने की कीमत 90 हजार रूपये बताई गई है। कुल मिलाकर अज्ञात चोरों ने यहां से 1 लाख 30 हजार रूपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

# शहर में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर होगा शिव बारात का आयोजन

## आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा बारात का न्योता

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर में 8 मार्च की शाम 6:00 बजे से शहर के रेलवे स्टेशन से श्री राधाकृष्ण मंदिर तक भव्य शिव बारात का आयोजन किया जाएगा, शहर में विगत कई दशको से निरंतर महाशिवरात्रि पर्व पर शिव बारात निकाली जाती है,इस वर्ष भी शिव बारात आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष विकास अग्रवाल विक्कू दुल्हन, विनय अग्रवाल किशोरी, निखिल अग्रवाल गोलू डीएम, मयंक अग्रवाल बालाजी, उमंग गोयल केएस, अमन डालमिया भाजपा नेता, अंकित अग्रवाल भाजपा नेता, विकास अग्रवाल पिंटू, अतुल देवांगन, विनय अग्रवाल एमआर, अनुराग अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राजा सोनी, हेमंत अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल, प्रांशु अग्रवाल, ऐश्वर्य सोनी, रोहित अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, आशीष गर्ग, अनीश गोयल, आकाश अग्रवाल, सुधांशु खेतान, श्रेयांश अग्रवाल, कृष्णा गर्ग, केशव अग्रवाल, विनायक अग्रवाल, सारांश अग्रवाल, जयदीप अग्रवाल, देवेश अग्रवाल बाबू, कृष्णा गोयल,आशीष अग्रवाल एवं शिवम अग्रवाल आयोजन समिति के सदस्य हैं,उपरोक्त जानकारी देते हुए शिव बारात आयोजन समिति शक्ति के अध्यक्ष विकास दुल्हन ने बताया कि इस वर्ष शिव बारात के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भी निमंत्रण भेजा गया है, तथा यह बारात शाम 6:00 बजे रेलवे स्टेशन के सामने से निकलेगी, जिसमें देश- प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आकर्षक झांकिया एवं बैंड- बाजे तथा ढोल तमाशा इस शिव बारात का आकर्षण होंगे तथा यह शिव बारात रेलवे स्टेशन से निकलकर अशोक टॉकीज, अग्रसेन चौक, बुधवारी बाजार, हटरी रोड,सोसायटी चौक, कोरबा रोड होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचेगी जहां भव्य रूप से भगवान शिव पार्वती जी के विवाह कार्यक्रम के साथ ही सार्वजनिक भंडारा प्रसाद भी संपन्न होगा।

# गुम बालिका मामले में पुलिस ने दिखाई तत्परता लापता बालिका दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार व जेल दाखिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना पूंजीपथरा में नाबालिक बालिका के पिता द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की 17 फरवरी के दोपहर घर में बिना बताए कहीं चली गई है जिसे अपने रिश्तेदारों और आसपास पता किया, कहीं पता नहीं चला है। नाबालिक बालिका संबंधी अपराध को गंभीरता से लेते हुए थाना पूंजीपथरा में धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम किया गया। गुम बालिका की पतासाजी के क्रम में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा बालिका के परिजनों, सहेलियां व जान पहचान वालों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाया गया जिसमें बालिका के लैलूंगा क्षेत्र के रहने वाले युवक कृष्णा पैंकरा से संपर्क में रहने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस टीम बालिका एवं संदेही कृष्णा पैंकरा की पतासाजी के लिए लैलूंगा रवाना हुई। जहां संदेही कृष्णा पैंकरा द्वारा बालिका को लेकर रायगढ़ की ओर जाने की जानकारी मिली पूंजीपथरा पुलिस ने पूंजीपथरा चैक के पास संदेही को पकड़ा, जिसके साथ बालिका थी। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से विस्तृत कथन कराया गया जिसमें बालिका बताई कि कृष्णा पैंकरा उसे शादी करूंगा कहकर बहला फुसला कर भाग ले जाना और शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई। बालिका के कथन और मेडिकल उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376(2)(छ) आईपीसी और 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी कृष्णा पैंकरा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# खनिज चूना पत्थर व रेत का अवैध परिवहन करते चार वाहन पकड़ाये अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर लगातार होगी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल ने जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु खनि अधिकारी को निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के परिपालन में खनि निरीक्षक आशीष गढ़पाले एवं जिला खनिज जांच दल द्वारा निरीक्षण किया गया। अवैध परिवहन करते हुए खनिज चूनापत्थर (गिट्टी) के 01 ट्रेलर एवं खनिज रेत का 3 हाइवा पकड़ा गया। जिसमें संबंधित वाहनों को सुरक्षार्थ हेतु कलेक्ट्रेट परिसर रायगढ़ में रखा गया है। जिन वाहनों को जप्त किया गया है। इनमें वाहन मालिक राजू अग्रवाल फ्रेंड्स कालोनी रायगढ़ के वाहन क्रमांक सीजी 13 एडी 8111 में चूना पत्थर का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इसी तरह शेखर पटेल औंराभाठा रायगढ़ वाहन क्रमांक सीजी 13 एव्ही 9613, तिलकराम पटेल रायगढ़ वाहन क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 9813 तथा लक्ष्मण सिदार वाहन क्रमांक सीजी 13 एआर 7658 के द्वारा रेत का परिवहन किया जा रहा था। उक्त सभी प्रकरणों में छ.ग.गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 एवं खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना अभिवहन पास खनिज उत्खन्न, परिवहन एवं भंडारण करना दण्डनीय अपराध है।

# मेगा पीटीएम एवं सुपर गर्ल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



शासन के निर्देशानुसार सेजेस बम्हनीडीह विद्यालय ( अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम)में मेगा पी टी एम एवं सुपर गर्ल (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेगा पी टी एम में संस्था के प्राचार्य बजरंग श्रीवास के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं बच्चों को परीक्षा से तनाव मुक्त कैसे रह सकते है, साथ ही साथ बच्चों के स्तर, पढ़ाई का कोना, आज क्या सीखे, घर का वातावरण, पौष्टिक खाना, पुस्तक पठन एवं दान, कबाड़ से जुगाड़, बेगलेस डे, आयुष्मान कार्ड , बोलेगा बचपन, जाति प्रमाण पत्र,आदि के बारे में भी अभिभावकों को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावक ने अपने बच्चों के बारे में जानकारी तथा खुशी जाहिर की। अपने बच्चों का भविष्य कैसे अच्छे बना सकते है उन्हें किस प्रकार पढ़ाई के प्रति आकर्षित कर सकते है उन्हें घर मे कैसे वातावरण दे सकते है। पढ़ाई के साथ बच्चे अन्य क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा सकते है। इस कार्यक्रम में लगभग 600 अभिवावक उपस्थित थे। विद्यालय में सुपर गर्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी पहली से बारहवीं (अंग्रेजी एवम हिन्दी माध्यम) तक के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में नृत्य, गायन, चित्रकला, कविता, भाषण, वाद- विवाद आदि प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने अलग-अलग क्षेत्र में अपनी कला का प्रदर्शन किया। पोस्टर बनाकर बालिकाओं ने समाज में हो रहे रुढ़िवाद की भावना, इसके साथ - साथ बेटी और बेटा एक समान है, बेटियों को भी पढ़ने का अधिकार है, गायन, कविता, भाषण, पोस्टर के माध्यम से संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका तथा बड़ी संख्या में पालक एवम जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा है।

# रेलवे स्टेशन में रेल यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर 26 फरवरी को सौंपेंगे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



कहने को तो भारत सरकार रेल मंत्रालय सर्वाधिक राजस्व देने वाले यात्री स्टेशनों पर रेल यात्रियों को सुविधाएं देने की बात कहता है, किंतु छत्तीसगढ़ प्रदेश का शक्ति रेलवे स्टेशन जो की अभिभाजित मध्य प्रदेश के समय से एवं आजादी के पूर्व से ही शक्ति हावड़ा- मुंबई रेल मार्ग के बीच का एक बड़ा रेलवे स्टेशन है, जहां की अंग्रेजों का ठिकाना होता था, किंतु आजादी के 75 साल बीत जाने के बावजूद शक्ति रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं के नाम में कुछ भी नया नहीं है, आज रेलवे स्टेशन में वर्षों पूर्व जो यात्री प्रतीक्षालय बनाया गया था उस पर भी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के ही जीआरपी एवं आर पी एफ वालों ने कब्जा कर रखा है, तथा रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेनों का इंतजार करने वाले ग्रामीण क्षेत्र या की अन्य क्षेत्रों से आने वाले रेल यात्रियों को भारी दिक्कत होती है,तथा बार-बार रेलवे प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराए जाने के बावजूद शक्ति रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, तथा विगत वर्षों में रेलवे द्वारा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है,तथा इस ब्रिज निर्माण के बाद से बुजुर्ग एवं निशक्तजन रेल यात्रियों को तो रेल की यात्रा करना ही दुभर हो गया है,तथा प्लेटफार्म नंबर- एक पर आने के लिए जहां ऐसे यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है, तो वहीं प्लेटफार्म नंबर- दो पर जाना ऐसे यात्रियों के लिए टेढ़ी खीर है, तथा रेलवे प्रशासन द्वारा शक्ति रेलवे स्टेशन में चौथी रेल लाइन के लिए भी नए प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है, तथा आने वाले दिनों में शक्ति रेलवे स्टेशन में यदि रेल यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी नहीं हुई तो रेल यात्री बड़ा आंदोलन करेंगे, साथ ही शक्ति रेलवे स्टेशन में गर्मी प्रारंभ हो चुकी है किंतु ठंडे पानी के वाटर कूलर की कोई सुविधा नहीं है, रेलवे प्रशासन द्वारा एक नंबर प्लेटफार्म पर एक वाटर कूलर फुटओवर ब्रिज के नीचे लगा हुआ है किंतु उस वाटर कूलर से भी पानी ठंडा निकलने की बजाय उबलता पानी निकलता है, तथा यह वाटर कूलर भी साल भर में 6 महीने खराब ही रहता है।

**सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सब का प्रयास, भाजपा नेताओं ने नवीन राशन कार्ड भी वितरण किया**

# विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ संकल्प यात्रा की उपलब्धियां का बखान

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





जनपद पंचायत स्तरीय विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ संकल्प यात्रा का प्रधानमंत्री का वजुवल को छत्तीसगढ़ के हजारों लोगों ने सुना। हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 3 करोड़ से अधिक जनता को उनके बारे साय-साय गिनाए और डबल इंजन की सरकार होने से उनके लाभार्थी को अवगत कराया जिसमें पीएम आवास योजना, महतारी बंदन योजना, उज्जवला गैस, धान की बोनस 2 वर्ष का बकाया को पूर्ण करने को कहा, सड़के शौचालय, थर्मल पावर,तमाम प्रकार की योजनाओं को बताएं वहीं पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत विकसित को छत्तीसगढ़ में भी विकसित करने की बात कही उन्होंने जानता को अपने उद्बोधन में कहा, कांग्रेस पार्टी को आडे हाथों लेते हुए कहा कि जो गरीबों के पैसा को लूटे हैं उन लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। आम जनता का पैसा को आम जनता के ऊपर ही लगाने का काम हमारे कर रहे हैं जिसमें लोगों के रहने के लिए आवास नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया जा रहा है महिलाओं के लिए किचन में रसोई बनाते समय धुआ से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला गैस, दिशा मैदान में बाहर जाने के लिए शौचालय का निर्माण, उबड खाबड सड़के के स्थान पर डामर एवं सीमेंट का सड़क हमारा देश काफी विकास की ओर बढ़ रहा है कोयला से भी अधिक थर्मल पावर से घरों में रोशनी प्रदान किया जा रहा है। चुनाव के समय छत्तीसगढ़ में जो हम लोगों ने वादा किया था उसे संकल्प यात्रा के तहत आज उनके संकल्प को पूरा करते हुए उन्हें महतारी बंधन योजना से प्रत्येक महिलाओं को 1 वर्ष में 12000 रू दिया जा रहा है वहीं पर हम लोगों ने जो धान खरीदी के समय जो वादा किया था उसके अनुसार में धान खरीदते हैं और हम लोग पंचायत स्तर पर धान खरीदी का पैसा दिया जाएगा। 8 मार्च से सभी महतारी बंधन योजनाओं की राशि मिलना शुरू हो जाएगा जो आपके बैंक खाते में जाएगा । हमने जो वादा किए थे उन सभी वादों को पूरा कर रहे हैं और जो गरीबों का लूटने वाले पैसे को हम उसी को लगा रहे हैं जो दिल्ली से 1 रू भेजा ज्यादा था वह पहुंचते पहुंचते 15 पैसे हो जाता था इसलिए हम लोगों ने अब भ्रष्टाचार को खत्म कर रहे हैं ताकि आम जनता को उनका सही लाभ मिल सके। इस तरह से हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जो हम कहते हैं वह करते हैं इस कार्य को हम पूरे देश में क्रियान्वयन कर रहे हैं सभी छत्तीसगढ़ के निवासी को बधाई दी। इस कार्यक्रम में डॉक्टर कैलाश साहू, अमृत साहू, सुरेश साहू, दिगंबर साहू, सोनसाय देवांगन नगर पंचायत अध्यक्ष जैजैपुर, सत्यनारायण चंद्रा, कीर्तन चंद्रा, नीलकंठ सोनी, परमानंद पटेल, नीलमणि चंद्रा, घासी राम यादव, छोटेलाल भारद्वाज, रंभा भारद्वाज, जानकी चंद्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जैजैपुर वर्षा रानी चिकन जुरी, महेद्र कपूर, मन मेंन लकड़ा प्राचार्य, विजय सिदार विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर,अनुराग भट्ट, मुकुंद कुमार चंद्रा इत्यादि कार्यक्रम का संचालन लीलाधर चंद्रा ने किया।

# भेन्ड्रा नाले के पास नग्न अवस्था में अज्ञात युवक की मिली संदिग्ध लाश

## पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुँच कर जाँच में जुटी



**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र से बड़ी खबर निकल कर सामने आई है घरघोड़ा बाईपास रोड भेन्ड्रा नाला पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शत विक्षत हालत में शव मिला है, सूचना पर थाना प्रभारी शरद चन्द्रा एवं उनके टीम तत्काल मौके पर पहुँच कर शव पंचनामा भरकर शव शिनाख्ती सहित आगे की कार्रवाई में जुट कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बाईपास रोड भेन्ड्रा नाला पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शत विक्षत हालत में शव मिला है, थाना प्रभारी शरद चन्द्रा ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल मौके पर स्वयं थाना प्रभारी शरद चन्द्रा एवं उनके स्टाफपहुंचे। नग्न अवस्था मे मिले शव के मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बताये अनुसार मृतक की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष बताई जा रही है जो बिना कपड़े की अवस्था मे मिला है। शरीर मे कीड़े लगने के अनुमान से शव 3 दिन पहले के होने की आशंका जताई जा रही है। शव की हालत को देखते हुए थाना प्रभारी शरद चन्द्रा के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस हत्या की आशंका मानते हुए जाँच में जुटी है। शव के पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो पायेगा।

# विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए सुनील सोनी एवं शिवरतन शर्मा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 'विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शामिल हुए। भाटापारा नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण से सांसद सुनील सोनी एवं उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भी हजारों लाभार्थीयो के साथ वर्चुअल जुड़े। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' के तहत छत्तीसगढ़ में 34,427 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही यह बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के सशक्तिकरण से होगा। विकसित छत्तीसगढ़ की नींव आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत होगी। लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। छत्तीसगढ़ में अब और नौकरी के रास्ते खुलेंगे। आज एनटीपीसी के 1600 मेगावोल्ट पावर प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया है। इस प्लांट से देशवासियों को बिजली उपलब्ध हो पाएगी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि, मोदी हर घर को 'सूर्य घर' बनाना चाहता है। मोदी हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वही बिजली बेचकर कमाई का एक और साधन देना चाहता है। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। कांग्रेस ने सरकारें बार-बार बनाई लेकिन भविष्य का भारत बनाना भूल गई क्योंकि उनके मन में सरकार बनाना ही था, देश को आगे बढ़ाना उनका एजेंडा ही नहीं था। आज भी कांग्रेस की राजनीति की दशा और दिशा यही है। कांग्रेस परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से आगे सोच ही नहीं पाती। वर्चुअल कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले सांसद सुनील सोनी ने उपस्थित जानो को संबोधित करते हुए कहा कि, डबल इंजन की सरकार अपनी गारंटी को पूरा कर रही है, लोगों को 2 वर्ष का बकाया बोनस दिया जा चुका है। पीएससी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर आदेश दे दिया गया है। बीजेपी जो कहती है वो कहकर दिखाती है, मोदी की गारंटी पूरा होने की गारंटी होती है। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने भी सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी की गारंटी के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ को संवारेंगी। शिवर्तज शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को 34 हजार 427 करोड़ रुपए की 10 परियोजनाओं की सौगात दी हैं। मोदी की गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हमारी प्रदेश सरकार अग्रसर हैं। सरकार बनने के 02 माह के अंदर 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी गई है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया गया। विवाहित महिलाओं को साल का बारह हजार रुपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमारी सरकार ने ले लिया है और उसके आवेदन भी प्राप्त कर लिए गए है शीघ्र ही हमारे प्रदेश की माता बहनों के खाते में पैसे भी डाल दिये जाएंगे। उक्त अवसर पर जिला कलेक्टर चंदन कुमार, राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, मोहन बांधे, महाबल बघेल, योगेश अंनत, राजा कामनानी, धनेश माधवानी, गोवर्धन डहरिया, नीरा साहू, आयशा खान, मधु सोनी, डब्लू ठाकुर, पवन वर्मा, रोशन साहू, उमाशंकर वर्मा, आशिष टोडर, पुरुषोत्तम यदु, सुखदेव यदु, संजय शुक्ला, सजीवन साव, नारायण साहू, चंद्रप्रकाश साहू, प्यारे रजक, मोहम्मद हारून ,सलीम खान सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी सहित लाभार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# उप पंजीयन कार्यालय में भू अंतरण मे हो रही परेशानी

## परिवर्तित नए नियमों को समझाने में अधिकारी नाकाम

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




अनुविभाग का उपपंजीयन कार्यालय हमेशा चर्चा का विषय बना रहता है।। यहां समय-समय पर भूस्वामियों द्वारा भूमि अंतरण में आने वाली परेशानियां की जानकारी प्रशासन को दी जाती है पूर्व में ऑनलाइन प्रक्रिया की जटिलता में अंशतः सुधार हुआ था लेकिन राज्य सरकार द्वारा पंजीयन की प्रक्रिया में संशोधन कर नए नियमों के तहत पंजीयन प्रक्रिया को समझने में संबंधित अधिकारी अक्षम साबित हो रहे हैं जिसके कारण सामान्य रूप से पंजीयन प्रक्रिया में लगने वाली समयावधि अनावश्यक रूप से बढ़ गई है जिसके कारण पंजीयन कर्ताओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।। पहले से समय अधिक लग रहा है लोगों को घंटो अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है,दस्तावेज तैयार करने का खर्च भी अनावश्यक रूप से बढ़ गया है।। एक दिन पूर्व से ही पंजीयन प्रपत्र तैयार करने के बाद ही दूसरे दिन पंजीयन की स्थिति बन पा रही है। किसी भी विभाग में कार्य प्रणाली में, परिवर्तन होने और नए नियमों के आने के बाद कुछ समय तक ऐसी अवस्था बनी रहती है यदि उप पंजीयन कार्यालय में अधिकारी गण आने वाली परेशानियां का शीघ्र निराकरण कर लेते हैं तो जल्द से जल्द व्यवस्था में सुधार हो पाएगा।

### पंजीयन सम्बन्धित नियमो मे हुआ है संशोधन

नये नियमो के अंतर्गत अब पंजीयन के लिए आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पंजीयन के लिए निर्धारित समय स्वय ले सकेंगे। यहाँ शासन को दस्तावेज लेखको की भूमिका भी स्पष्ट किये जाने की आवश्यकता है। नियमो मे परिवर्तन के बाद आवेदको को विभाग द्वारा सहयोग किया जा रहा है, शुरुवाती दिनों मे परेशानी अधिक हो रही थी लेकिन अब निरंतर समस्या कम होती जा रही है।

**देवांगन, प्रभारी, उप पंजीयक भाटापारा**

# विकसित भारत अभियान के तहत् मैट्स विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग तथा स्वावलंबी भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



विकसित भारत अभियान के तहत् मैट्स विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग तथा स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में मैट्स विश्वविद्यालय के पंडरी कैम्पस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वावलंबी भारत अभियान की प्रांत सह समन्नवयक सुमन मुथा ने स्वावलंबी भारत अभियान की विस्तृत भूमिका सबके सामने रखी कि बेरोजगारी दूर करने व उद्यमिता , स्वरोजगार और नवाचार को बढ़ाने के लिए यह अभियान युवाओं को कैरियर हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेगा साथ ही अपने क्षेत्र में वरिष्ठ, अनुभवी और सफल उद्यमियों से परामर्श प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा। डॉ.इला गुप्ता ने स्वावलंबी भारत अभियान स्वयंसेवक के संदर्भ में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया । इसी कड़ी में मोनिका मिश्रा ने बताया कि स्वयंसेवक को क्षेत्रिय टीम से नियमित सामग्री की उपलब्धता, उद्यमी विकास कार्यक्रम में प्रवेश जैसी सुविधाये निशुल्क व निरन्तर मिलती रहेगी। विद्या साहू कार्यक्रम में उपस्थित रही और उन्होंने मैट्स विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शाहिस्ता अंसारी व सभी प्राध्यापको के साथ विस्तृत चर्चा की और अधिक से अधिक छात्रो को स्वयंसेवक बनाने का विश्वास दिलाया। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पण्डा, डीन एकेडमिक डॉ.विजय भूषण ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक कर्तव्यों के निर्वहन की दिशा में सार्थक कदम बताये। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, शोधार्थी तथा विभिन्न विभागो के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# केनो इस्प्रिट में मोक्ष मटियारा ने स्वर्णपदक जीत प्रदेश का नाम रोशन किया



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन केनो एवं कायकिंग एशोसिएशन द्वारा आयोजित 34वीं केनो स्प्रीट चैम्पीयनशीप स्पर्धा का आयोजन साँई अकादमी भोपाल में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश एवं वीर क्षत्रपति शिवाजी इंगलिश मिडियम स्कूल पुरानी बस्ती के छात्र मोक्ष मटियारा पिता कदम मटियारा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग के समूह प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतिस्पयर्धा का आयोजन सांई अकादमी भोपाल म.प्र. में किया गया, जहाँ देशभर के 12 राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 12 फरवरी तक आयोजित की गयी। प्रदेश के छात्र मोक्ष मटियारा का चयन गत वर्ष साँई अकादमी कटक में हुआ जहाँ रहते हुए मोक्ष द्वारा अकादमी के कोच जॉनसन एवं निषाद के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। 7 माह के अथक परिश्रम कर मोक्ष का चयन सब जूनियर कैटिगिरी में 200 मीटर केनो रेस के लिए हुआ जिस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सोमवार 12 फरवरी को प्रतियोगिता आयोजन पश्चात सभी मेडलिस्ट को यु.एस. के नाईक हैकी, अपर पुलिस अधिक्षक विक्रम रघुवंशी, महेन्द्र जैन कुशाल कुशवाहा, पूर्व क्रिकेटर प्रदीप देशमुख, भूपेन्दर सिंह, पी.एस. बुन्देला, मयंक ठाकूर एवं विनोद मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# ऑल–न्यू सैमसंग गैलेक्सी फिट3 के साथ अपनी सेहत का रखें पूरा ध्यान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नए फिटनेस ट्रैकर गैलेक्सी फिट3 को लॉन्च किया। यह सैमसंग की उन्नत स्वास्थ्य-निगरानी तकनीक को सबके लिए सुलभ बनाता है, जो हर किसी को अपना सर्वश्रेष्ठ महसूस करने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। गैलेक्सी फिट3 सैमसंग का सबसे लेटेस्ट वियरेबल डिवाइस है और इसमें व्यापक डिस्प्ले के साथ एक एल्यूमीनियम बॉडी है, जो यूजर्स को अपने स्वास्थ्य और सेहत से संबंधित डेटा पर नजर रखने की सुविधा देती है, जिसमें रोजाना की कसरत से लेकर शांतिपूर्ण नींद तक की चौबीसों घंटों की निगरानी शामिल है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर, आदित्य बब्बर ने कहा, सेहत के इस नए युग में यूजर अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक व्यापक जानकारी चाहते हैं और सैमसंग यूजर्स को उनकी सेहत यात्रा में मदद करने के लिए उन्नत स्वास्थ्य निगरानी उपकरण मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारे नए फिटनेस ट्रैकर के रूप में, गैलेक्सी फिट3 आसान संसाधन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को जाहिर करता है जो रोजमर्रा की सेहत को प्रोत्साहित करते हुए हर किसी को अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करता है। गैलेक्सी फिट3 को एल्यूमीनियम बॉडी और 1.6-इंच डिस्प्ले के साथ डिजाइन किया गया है, जो पिछले मॉडल की तुलना में 45 प्रतिशत चौड़ा है।

# बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में हुआ निशुल्क नेत्र जांच शिविर



**महासमून्द।** बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र मे निशुल्क नेत्र जांच शिविर एवं नाडी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था इस शिविर में बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिक एवं बिरकोनी ग्रामवासी तथा आसपास के गांव के सैकड़ो लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया एवं संघ के द्वारा बुजुर्ग लोगों का नेत्र परीक्षण के पश्चात उसको निशुल्क चश्मा वितरण किया गया, इसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर संजय चंद्राकर डॉक्टर यादव जी एवं नाडी विशेषज्ञ डॉक्टर एस एन गुप्ता जी, श्री थॉमस जी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी गण ने अपना सेवा दिया। इस कार्य म में औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष जितेन्द्र चंद्राकर, कैलाश राठी, धीरेंद्र लोनारे, योगेश प्रजापति एवं अन्य उद्यमी गण उपस्थित रहे।

# भारत का समृद्ध इतिहास ही विकसित भारत का आधार : गोलोक बिहार राय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, रायपुर चैप्टर एवं रक्षा अध्ययन विभाग, शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारतञ्च2047 भारत का समृद्ध इतिहास लेखन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता गोलोक बिहार राय राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, मुख्य अतिथि धीरेन्द्र नशीने, विभाग संघचालक रायपुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी सी चौबे ने किया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती एवं मां भारती के तेलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। रक्षा अध्ययन विभाग के प्राध्यापक डॉ. पी के कडवे ने उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत करते हुए परिचय कराया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता गोलोक बिहार राय ने बताया कि इस अमृत काल में बदलते हुए भारत को विकसित बनाने के लिए हमें अपने गुलामी के प्रतीकों से मुक्त होना होगा। सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विकास के साथ ही भारत के समृद्ध इतिहास की पहचान एवं लेखन भी जरूरी है। भारतीय इतिहास वसुदेव कुटूबकम को महत्व देता है। यही कारण है कि यूक्रेन-रुस युद्ध के समय भारत सरकार ने अपने भारतीय नागरिकों के साथ ही साथ पाकिस्तान के लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाला। सामरिक क्षेत्र में तेजस और ब्रम्हओस जैसे लड़ाकू विमानों की मांग दूनिया में बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर वैश्विक महामारी कोरोना काल में भारत ने दुनिया के सैकड़ों देशों को वैक्सीन सप्लाई किया। यही कारण है कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि दुनिया में मानवता के लिए भारत ज़रुरी है। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि धीरेन्द्र नशीने ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करती है। वही व्यक्ति समाज और राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है। प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपने समृद्ध इतिहास पर गर्व होना चाहिए। सत्य, करुणा, सूचिता तथा तप इन चारों तत्वों से मिलकर सम्पूर्ण जीवन का निर्माण होगा। जो विकसित भारत के लिए जरूरी है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन सचिव, छ.ग.शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### // सार्वजनिक सूचना //

प्रकरण क्रमांक 202111220800011/अ-82 गरियाबंद, दिनांक /02/2024

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित ग्राम बरबहली प.ह.नं. 06 तहसील देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.) की निजी भूमि का सार्वजनिक प्रयोजन यथाः- चलनापदर व्यपवर्तन योजनांतर्गत मुख्य एवं शाखा नहर निर्माण कार्य के लिये आवश्यकता है। अतएव राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की ''आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016'' के प्रावधानों के तहत् अनुसूची में वर्णित भूमि को छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन संभाग, गरियाबंद के पक्ष में क्रय किये जाने हेतु विचार किया जा रहा है।

**अनुसूची**

(क्रय की जाने वाली भूमि/भू-धारकों का विवरण) सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन चलनापदर व्यपवर्तन योजना के मुख्य एवं शाखा नहर

| स.क्र. | भूमि स्वामी का नाम/पिता या पति का नाम | क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि (हेक्टेयर में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | खसरा | रकबा | प्रभावित रकबा |
| (01) | (02) | (03) | (04) | (05) |
| 1 | हिराधर पिता रामचंद जाति कलार सा.दे.भूमि स्वामी | 391 | 0.45 | 0.12 |
| 2 | गिरधारी पिता भवरसिंह रतनी बे.भवरसिंह सा.दे.भूमि स्वामी | 392/1, 392/2 | 0.56 | 0.08 |
| 3 | हुनर पिता कमल जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 389/1 | 0.23 | 0.02 |
| 4 | अरूण पिता कमल जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 389/2 | 0.24 | 0.01 |
| 5 | सुधीर पिता कमल जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 389/3 | 0.32 | 0.04 |
| 6 | गुन्जोबाई पिता आशाराम सा. दे. भूमि स्वामी | 393 | 0.60 | 0.14 |
| 7 | हाफु पिता अर्जुन जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 387/4 | 0.90 | 0.13 |
| 8 | किर्तन पिता अर्जुन जाति रावत सा. दे. भ ूमि स्वामी | 387/3 | 0.86 | 0.12 |
| 9 | गुनधर पिता गोवर्धन जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 386/3 | 0.72 | 0.20 |
| 10 | चित्रसेन पिता छिनू जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 386/4 | 0.40 | 0.08 |
| 11 | विश्वनाथ पिता बंशी जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 386/8 | 0.20 | 0.05 |
| 12 | लालुराम पिता दुल्लुराम सा. दे. भूमि स्वामी | 399/1 | 0.69 | 0.02 |
| 13 | मोहन पिता दुल्लुराम सा दे. भूमि स्वामी | 399/2 | 0.68 | 0.13 |
| 14 | जैदुराम, डोमन, टिकेमनी, सुमित्रा पिता दिगसन बुंदाबाई पति दिगसन जाति गोड सा.दे.भूमि स्वामी | 400/2 | 0.54 | 0.12 |
| 15 | दुर्योधन, टिहलु, छततरसिंह, हरि, रायमनी पिता भुवनलाल, बिमला पति भुवनलाल, टेकराम पिता गजरा जाति गोड सा. दे. भूमि स्वामी | 400/1 | 0.45 | 0.07 |
| 16 | गोविन्द सिंह अकील पिता उधव जाति गोड सा. दे. भूमि स्वामी | 402/8 412 | 0.70 | 0.16 |
| 17 | किर्तन पिता हरिश्चन्द्र जाति गोड सा. दे. भूमि स्वामी | 413 | 0.48 | 0.01 |
| 18 | सुधीर, महेन्द्र, शिवरात्री, मालती, दशमती पिता जयसिंह, फनस पति जयसिंह जाति गोड सा. दे. भूमि स्वा | 414 | 1.09 | 0.10 |
| 19 | पदुसिंह सोमवारु दुर्ज न पिता डिंगर बासमती बेवा डिंगर सोमनाथ पिता डिंग जाति गोड सा. दे. भूमि स्वा | 420 | 3.95 | 0.15 |
| 20 | चैनसिंह पिता कार्तिक जाति गोड सा. दे. भूमि स्वा | 332, 430, 426 | 1.03 | 0.29 |
| 21 | जयलाल पिता भोको जाति गोड सा. दे. भूमि स्वा | 429 | 0.34 | 0.07 |
| 22 | नोहरलाल च ु म ु कलाल पिता लोचन स ु मित्रा बे. लोचन जाति गोड सा. दे. भूमि स्वामी | 431/1 | 0.13 | 0.02 |
| 23 | डमरुधर पिता घेनुराम सा. दे. भूमि स्वामी | 431/2 | 0.16 | 0.06 |
| 24 | टेकराम, लिंगेश्वर पिता जगतराम, दुरपती पति जगतराम जाति गोड सा. दे. भूमि स्वामी | 431/3 | 0.20 | 0.03 |
| 25 | फगनी जौ. बुधूराम जाति गोड सा. दे. भ ूमि स्वामी | 331, 333 | 0.81 | 0.03 |
| 26 | तोरणसिंह पिता कोंदाराम सा. दे. भूमि स्वामी | 446 | 1.24 | 0.08 |
| 27 | दिलकुमार, रामसिंह, रायसिंह, मधुराम, बिरसिग, पिता डोकरी, कोशलिया पति डोकरी, सुमना पति उदेसिंह सा. देभूमि स्वामी | 328 | 0.32 | 0.15 |
| 28 | भिखारी पिता मारु मांझी सा. दे. भूमि स्वामी | 327/3 | 0.80 | 0.14 |
| 29 | धनेश्वर पिता लच्छीराम सा. दे. भूमि स्वामी | 447 | 0.46 | 0.05 |
| 30 | भुवितराम, भोलाराम, खगेश्वर पि सुजन दुतियाराम सुबेराम पि. सुजन, रजो बाई पति सुजन सा. दे. भूमि स्वामी | 326/4 | 0.60 | 0.18 |
| 31 | तुलसिंह, सभ्या, सुकंती, मांगो, मुक्ता पिता मोहन सा. दे. भूमि स्वामी | 448 | 1.93 | 0.12 |
| 32 | सुधीर पि. केदारनाथ शंकुन्तला बे. केदारनाथ जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 444/1 | 0.79 | 0.12 |
| 33 | तिरनसिंह पि. केदारनाथ जाति रावत सा. दे. भूमि स्वामी | 444/2 | 0.45 | 0.03 |
| 34 | दयानिधी पिता लुदरराम, सावित्री पति लुदर राम जाति गाडा नि ग्रा भू स्वामी | 340/3 | 0.44 | 0.08 |
| 35 | जयचंद पिता परखितो जाति गांडा सा.दे.भूमि स्वामी | 427 | 0.28 | 0.06 |
| 36 | जयचंद, पिता परखितो जाति गांडा सा.दे.भूमि स्वामी | 428 | 1.13 | 0.21 |

**क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि :- कुल प्रभावित खसरा नंबर 41 कुल प्रभावित रकबा 3.47 हेक्टेयर**

02/- यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई दावा/आपत्ति हो, तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर आधार सहित लिखित में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवभोग के समक्ष स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है।

**कलेक्टर गरियाबंद
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

G-08001/2


# उप पंजीयन कार्यालय में भू अंतरण मे हो रही परेशानी

## विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com

बसना नगर स्थित सिटी ग्राउंड दशहरा मैदान में एलईडी लगाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाजपा के विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, मां भारती एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी छाया चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर एवं छत्तीसगढ़ की राजकीय गीत गाकर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों का फुलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहन प्रस्तुति दी गयी। मंच संचालन तरुण दास एवं विवेक दास ने किया। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा- छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार अपनी गारंटियों को पूरा कर रही है. छत्तीसगढ़ के 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपए 2 साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। डबल इंजन सरकार ने तेंदुपत्ता संग्राहकों को 4000 रुपए पारिश्रमिक से बढ़ाकर 5500 रुपए करने का निर्णय लिया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना में भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10000 वार्षिक सहायता देने का निर्णय लिया गया है। 50 लाख ग्रामीण परिवारों को निशुल्क नल जल योजना का लाभ दिलाने 4500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही सीजीपीएससी परिक्षा में अनियमितता की शिकायतों की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। 18 लाख परिवारों को निशुल्क प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रति वर्ष 12000 रुपए प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। डॉ.सम्पत अग्रवाल ने आगे कहा पहले की कांग्रेस सरकार गरीबों के घर बनाने के काम को रोक रही थी। जबकि भाजपा सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख गरीब परिवारों के लिए घरों के निर्माण के लिए 8369 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही 69.92 लाख परिवारों को 5 साल तक निशुल्क राशन वितरित करने व युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में उद्यम क्रांति योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। 1 करोड़ 84 लाख लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाया गया। 78 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। जिसमें प्रतिवर्ष 12000 रुपए डीबीटी के मिलेंगे। प्रतिमाह 400 युनिट तक आधे दाम पर बिजली प्रदाय का निर्णय लिया गया है। पुलिस विभाग सहित विभिन्न शासकीय भर्तियों में युवाओं को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्ष की छुट का निर्णय लिया गया है। अयोध्या यात्रा के लिए निशुल्क रामलला दर्शन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। नीलांचल सेवा समिति के द्वारा 26 जनवरी से 26 मार्च तक अयोध्या में भण्डारा लगाया गया है। जिसका लाभ आप सभी श्रद्धालुजन ले सकते हैं। विकसित भारत बनाने के लिए हम सभी को सर्वप्रथम ग्राम को विकसित बनाने होंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में बसना विधानसभा में 51000 वोट से अपने प्रत्याशी को जीत दिलाना है। अबकी बार छत्तीसगढ़ से पुरे 11 लोकसभा सीट नरेन्द्र मोदी जी के झोली में डाल कर छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हु कि कोई भी भ्रष्टाचार नहीं होगा। हमारे विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराबबंदी करने का काम सफलता पूर्वक हो रहा है।

### विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने फ्लड लाइट का उद्घाटन किया

विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने सीटी ग्राउंड दशहरा मैदान में 40 लाख रुपए के लाइट से सुसज्जित फ्लड लाइट का उद्घाटन किया। इस लाइट के लगने से रात्रिकालीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकता है।

### ना खाऊंगा ना खाने दूंगा

विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार से नरेन्द्र मोदी देश से भ्रष्टाचार खत्म कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार बसना विधानसभा क्षेत्र से भ्रष्टाचार खत्म करने का संकल्प लिया है जनता के साथ न्याय होगा,गलत करने वालों के लिए कोई जगह नहीं, ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, क्षेत्र में विकास और खुशहाली होगी।

### लाभार्थियों का किया सम्मान

विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना,कौशल्या मातृवंदन योजना,प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना,पशुधन योजना लाभार्थियों को सम्मानित किया।

### हंसराज पटेल का निधन

**रायपुर।** हंसराज हरजी पटेल अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में 24/02/2024 शनिवार को लीन हो गए है। जिनकी अंतिम यात्रा 25/02/2024 रविवार के प्रातः 9:30 बजे निवास स्थान पोकार भाई एण्ड ब्रदर्स, न्यू टिंबर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर से देवेंद्रनगर मुक्तिधाम में संपन्न होगी।


## न्यायालय नायब तहसीलदार खरोरा

### मामले की श्रेणी–राजस्व

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-खरोरा, प.ह.न.-00037 अमलीतालाब ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक :- CT202324440110200001

### // ईश्तहार //

तहसील खरोरा के प.ह.न. 00037 के अंतर्गत ग्राम **अमलीतालाब** के वर्तमान भूमिस्वामी **शांति बाई पिता/पति-मूलचंद पता-सरफोंगा, गंगा बाई पिता/पति-मूलचंद पता-जारा, जमुना पिता/पति-मूलचंद पता-खरोरा** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 91/1(0.1010), 71/2(0.0040), 148/2(0.2350) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामकुमार यादव पिता/पति-बिरसिंग यादव पता-सरफोंगा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 28/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार, खरोरा** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/02/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार
SANDEEP SINGH RAJPUT
खरोरा**

# 907 करोड़ की लागत वाले 9 गांवों के 451 एकड़ तैयार सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का पीएम ने किया लोकार्पण

- 0 देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र किया गया स्थापित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव जिले के ग्राम अर्जुनी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने राजनांदगांव जिले को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय अंतर्गत 907 करोड़ रूपए की लागत से राजनांदगांव जिले के 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पारीखुर्द, डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलकसा, खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के गैंदाटोला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पीएम सूर्योदय योजना शुरू की गई है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी, तो सरकार बिजली खरीद लेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रूपए की कमाई होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है, वह प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। महतारी वंदन योजना लाखों महिलाओं को लाभ होगा। निःशुल्क राशन, सस्ती दवाएं, गरीबों के लिए घर, घर-घर नल कनेक्शन, साफ जल, हर घर टायलेट ये सारे काम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि आपकी गारंटी के सारे कामों को पूरा करने के लिए हम अग्रसर हुए हैं। 18 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। 3716 करोड़ रुपए की दो साल की बोनस राशि किसानों को दी है। साथ ही 3100 रुपए धान की कीमत देने का वायदा था इसे पूरा किया। विवाहित महिलाओं को साल का 12 हजार रूपए देने का वायदा पूरा करने का निर्णय भी हमने लिया है। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि राजनांदगांववासी सौभाग्यशाली है कि यहां की बंजर जमीन में 9 गांवों के 451 एकड़ क्षेत्र में निर्मित 100 मेगावाट एसी/155 मेगावाट डीसी सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। यह देश का सबसे बड़ा सोलर प्लांट होगा और लगभग 500 एकड़ भूमि में यह प्लांट बना है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव ब्लॉक के 9 गांव में यह परियोजना फैली हुई है। सौर ऊर्जा से जिला लाभान्वित होगा। यह देश का पहला ऑनग्रिड सोलर सिस्टम है, जिसमें 100 मेगावॉट का सोलर संयंत्र स्थापित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव दिनेश गांधी, भरत वर्मा, सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव इंदुमती साहू, सदस्य जिला पंचायत जागृति चुन्नी साहू, सरपंच द्रोपती साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में जनसामान्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## नागरिक ए व नागरिक सी और पुलिस व प्रशासन के बीच सेमीफायनल मुकाबला

### प्रेस क्लब ने प्रतियोगिता में सर्वाधिक रन बनाकर डॉक्टरों को 37 रन से हराया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 के पहले सेमीफायनल में नागरिक इलेवन ए व नागरिक इलेवन सी तथा दूसरे सेमीफायनल में प्रशासन इलेवन व पुलिस इलेवन की टीमें फायनल में पहुंचने के लिए जोर-आजमाईश करेंगी। प्रतियोगिता का फायनल मैच व समापन समारोह 25 फरवरी को संध्या 7 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में खेला जायेगा। पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में लीग राउण्ड के अंतिम दिवस शुक्रवार रात्रि खेले गये पहले मैच में टैक्स बार एसोशिएशन ने नगर निगम को 5 रन से पराजित किया। टैक्स बार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुमित चौरसिया के 27 रन व धनेश साहू के 11 रन की बदौलत 7 विकेट पर 70 रन बनाये थे, जिसके जवाब में नगर निगम की टीम 6 विकेट पर 65 रन ही बना पाई। दूसरे खेले गये संघर्षपूर्ण मैच में पुलिस इलेवन को नागरिक इलेवन के हाथों 4 रन से हार का सामना करना पड़ा। नागरिक इलेवन ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 55 रन बनाये, जिसमें ईश्वर सिन्हा के 15 रन रहे। जिसके जवाब में पुलिस इलेवन की टीम 8 ओवर में धीमे बल्लेबाजी के चलते 3 विकेट पर 51 रन ही बना पाई, जिसमें संजय बरेठ ने 17 रन बनाये। नागरिक इलेवन इस जीत के साथ पूल ए में टॉप पर व पुलिस इलेवन दूसरे नंबर पर रही। तीसरे खेले गये मैच में प्रशासन इलेवन को आज नागरिक सी के हाथों 11 रन से हार का सामना करना पड़ा। नागरिक इलेवन सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 59 रन बनाये, जिसमें तहजीब खान 13 व शिवम चौधरी के 11 रन शामिल है।

## खजुराहो नृत्य महोत्सव में युवा रूपेश की प्रस्तुति, गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में नृत्य दल से शामिल



**डोंगरगांव नगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा खजुराहो नृत्य महोत्सव आयोजित हुआ। महोत्सव के 50वें स्वर्ण जयंती अवसर पर आयोजित उक्त महोत्सव में देशभर के 1484 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कथक नृत्य विद्या पर नगर के होनहार छात्र इंदिरा गांधी कला विश्वविद्यालय में प्रशिक्षित रूपेश कुमार ने भी अपनी प्रस्तुति दी। खजुराहो नृत्य महोत्सव के 50 वे स्वर्ण जयंती के अवसर पर आयोजित कथक कुंभ के नृत्य में देशभर के लगभग 1484 कलाकारों ने प्रस्तुति देकर गिनीज बुक ऑफरिकॉर्ड में दर्ज करवाया। नगर के छात्र रूपेश कुमार भी इस नृत्य दल का हिस्सा रहे। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से नगर सहित का परिजनों को गौरवान्वित किया है। रूपेश कुमार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का भी सदस्य रहे हैं।

## राजनांदगांव को 6-0 से हराकर कोरबा पश्चिम बना सरताज

### पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 का समापन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव स्थित इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ मैदान में खेले जा रहे पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता का विजयी खिताब कोरबा पश्चिम के नाम रहा। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कोरबा पश्चिम ने राजनांदगांव क्षेत्र को 6-0 से हराकर एकतरफा जीत हासिल की। कोरबा पश्चिम की ओर इस प्रतियोगिता शानदार फार्म में चल रहे सुशांत कटकवार ने विप रक्षापंक्ति को भेदकर पहला गोल करते हुए अपनी टीम को मजबूती प्रदान की। फर्स्ट हाफ में कोरबा पश्चिम ने मैच में जबरदस्त आक्रामण करते हुए लगातार 4 मैदानी गोल दागे और मेजबान राजनांदगांव की टीम को संभालने का मौका ही नही दिया, जिससे उन्होने 4-0 की बढ़त बनाई। सेकेण्ड हाफमें कोरबा पश्चिम ने विप टीम की रक्षापंक्ति को भेदते हुए दो और गोल कर दिये। मैच के फर्स्ट हॉफऔर सेकण्ड हॉफमें राजनांदगांव क्षेत्र की टीम ने मैदानी एवं पेनाल्टी कॉर्नर से कई अवसर बनाये परन्तु वे मौके को गोल में तब्दील नही सके। जिससे कोरबा पश्चिम की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब पर 6-0 कब्जा कर लिया। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र के तत्वाधान में 21 से 23 फरवरी 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता कोरबा की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही राजनांदगांव की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के. मेश्राम द्वारा विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## शाख कर्तकों ने सीखा बेहतर बूटा कटाई के गुर

### तेंदूपत्ता शाखकर्तकों का कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.comर



वनविभाग के खुज्जी परिक्षेत्र में वर्ष 2024 सीजन का तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला का आयोजन परिक्षेत्र कार्यालय डोंगरगांव नगर में किया गया। कार्यशाला में वन परिक्षेत्र खुज्जी, परिक्षेत्र अंबागढ़ चौकी एवं परिक्षेत्र राजनांदगांव के जन प्रतिनिधिगण, पोषक अधिकारीगण, फड़ मुंशीगण, फड़ अभिरक्षकगण सहित समिति अध्यक्ष व सदस्यगण सम्मिलित हुए। कार्यशाला में मुख्यतः शाख कर्तन या बूटा कटाई के बारे में बताते हुए बूटा कटाई करते समय ध्यान देने वाली सावधानियों, तेंदूपत्ता तोड़ाई के महत्व एवं शाखकर्तकों एवं संग्राहकों को होने वाले लाभ के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में विशेषकर जनप्रतिनिधियों, पोषक अधिकारियो, फड़ मुंशीयों, फड़ अभिरक्षकों एवं समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विशेष चर्चा की गई। कार्यशाला में क्षेत्रीय जनपद अध्यक्ष मती किरण रविन्द्र वैष्णव, नरेश शुक्ला, भूपेंद्र नायक, मती मीना कंवर, मती मोनी साहू, द्वारिका साहू, मूलचंद चौधरी, देवारु मालेकर, संगीता यादव, एसडीओ आरके गजभिये, रेंजर भूपेंद्र उइके, सिन्हा अंबागढ़ चौकी सहित शाखकर्तक ग्रामीणजन शामिल थे।

## सफाई ठेका बंद करे निगम, वरना आंदोलन : गोलू नायक

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सफाई कर्मचारी संघ ने निगम को अल्टीमेटम देते हुए वार्डों में सफाई ठेका बंद करने की मांग की है। उन्होंने सफाई ठेका बंद न होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर पालिक निगम सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने विसंगतियों को गिनाते हुआ कहा कि, निगम के सफाई कर्मियों को नियमित रूप से वेतन नहीं मिल पाता। सफाई कर्मचारियों का इपीएफभी नहीं काटा जाता। सफाई का कार्य ठेका पद्धति से कराने से निगम को नुकसान ही उठाना पड़ता है। वहीं कर्मचारियों को भी बड़ा नुकसान होता है। गोलू ने कहा कि - ठेका पद्धति की प्रक्रिया पारदर्शिता से इतर होती है और अपने चहेतों को ठेका दिलवाकर और सांठगांठ कर निगम की राशियों का दुरूपयोग किया जाता है। सफाई कर्मियों को कलेक्टर दर पर वेतन नहीं दिया जाता। जिस भी ठेकेदार को वार्ड में सफाई ठेका दिया जाता है। ज्यादा मुनाफे के चक्कर में कम सदस्यों से सफाई का कार्य कराता है। जिसके चलते ही वार्ड की सफाई व्यवस्था चरमरा जाती है। इतना ही नहीं ठेकेदार अपना धौंस जमाते हुए कर्मचारियों को काम से निकाल देने की भी धमकियां आये दिन दी जाती है। इन सभी विसंगतियों का ठीकरा निगम पर फोड़ते हुए गोलू नायक ने निगम को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि, यदि वार्डो को ठेके में दिया जाता है तो सभी सफाई कर्मचारी मिलकर उसका बहिष्कार करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे।

## मनगटा पहुंचे भालू का वन विभाग ने किया रेसक्यू



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वन चेतना केंद्र मनगटा के करीब वन विभाग ने भालू का रेसक्यू किया है। भालू को सुबह ग्रामीणों ने रेलवे लाईन पार करते हुए देखा था। सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया। रेसक्यू के लिए रायपुर से ट्रेंकुलाइजर एक्सपर्ट को बुलाया गया था। बेहोश करने के बाद भालू को रायपुर ले जाया गया जहां उसे जू एरिया में रखे जाने की जानकारी है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग को सुबह क्षेत्र में भालू की मौजूदगी की खबर मिली। वह ग्राम मनगटा एवं मुढ़ीपार के करीब मौजूद था। वन कर्मी पहले तो किसी तरह भालू को आबादी से दूर रखते हुए एक सुरक्षित स्थान की ओर लेकर आए। यहां स्थित चौहान क्रेशर एवं दीपक चावला के खदान के बीच एक्सपर्ट ने उसे ट्रेंकुलाईज किया। दोपहर तकरीबन एक बजे भालू के बेहोश होने के बाद उसे पिंजरे में बंद किया गया और टीम उसे लेकर रायपुर रवाना हो गई। इधर, भालू की मौजूदगी की खबर से क्षेत्र के ग्रामवासी दहशत में थे।

वन विभाग के रेसक्यू से राहत मिली है। वन विभाग के ऑपरेशन के दौरान बड़ी तादाद में यहां भीड़ भी जुटी रही। कई लोगों की मदद से वन कर्मियों ने भालू को पिंजरे में डालकर गाड़ी में लादा।

## उठाई गिरी से अलर्ट रहने की समझाईश, पुलिस ने की बैंकों की जांच, बाहरी गिरोह के सक्रिय होने पर होती है घटनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बैंकों में आए दिन बढ़ते उठाईगिरी के मामलों को देखते हुए पुलिस ने अलग-अलग बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। निरीक्षण में कुछ बैंकों में गंभीर चूक सामने आई है। पुलिस के मुताबिक कई जगहों पर सीसीटीवी नहीं लगाया गया है और गार्ड की तैनाती नहीं की गई है। इसमें सुधार लाने बैंक प्रबंधन को कहा गया है। पुलिस प्रशासन ने बैंकों में किसी संदिग्ध के दिखने पर तत्काल सूचना देने कहा है। दरअसल, बीते कुछ समय में उठाईगिरी के मामले बढ़े हैं। बुजुर्ग और महिलाएं उनके निशाने पर रहते हैं। ऐसी वारदातों को अंजाम देने वालों का एक पूरा गिरोह सक्रिय होता है। कई बार वे रेकी कर भी घटना को अंजात देते हैं। पुलिस ने बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सीसीटीवी कैमरे, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि की बारीकी से जांच की। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई। सभी बैंको को निर्देशित किया गया की अपने ग्राहकों को ऑनलाइन फ्राड के संबद्ध में जागरूक करे अवश्यकतानुसार पोस्टर आदि एटीएम, बैंक के ऑफिस में लगाने हेतु कहा गया।

## गांजा तस्कर गिरोह का मुख्य आरोपी को किया गया गिरफ्तार, पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से 39.45 किलो गांजा किया गया था जप्त

**राजनांदगांव।** पुलिस ने नेशनल हाईवे में चेकिंग पाईंट लगाकर उड़ीसा से राजनांदगांव बागनदी होते हुए नागपुर की ओर की जा रही गांजे की तस्करी पर कार्रवाई की थी। इस मामले में पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना चारामा निवासी संतोष पाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिलहाल रायपुर से यह अवैध कारोबार कर रहा था। इस मामले की पिछली कार्रवाई में कार से 39.45 किलो गांजा बरामद किया गया था। तब आरोपी झारखण्ड निवासी टिंकु कुमार यादव (33) को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आरोपी पर धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि संतोष पाल के कहने पर ही आरोपी ड्राइवर टिंकु कुमार बरमपुर उड़ीसा से गांजा लोड कर बरमपुर उड़ीसा से नागपुर की ओर ले जा रहा था।

## ब्रह्मलीन जैन आचार्य विद्यासागर जी को आज दी जाएगी विनयांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दिगंबर जैन आचार्य 108 विद्यासागर महा मुनिराज 18 फरवरी 2024 को रात्रि 2.30 बजे जैन आगम की श्रेष्ठचर्या को अंगीकार करते हुए समाधिस्त होकर ब्रह्मलीन हो गए, जिनकी विनयांजलि सभा 25 फरवरी, रविवार को सकल जैन संघ द्वारा दिगंबर जैन मंदिर के सामने गंज लाइन में शाम 7 बजे आयोजित की गई है। तत्पश्चात आचार्य भक्ति की जावेगी। जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, आचार्य 36 मूल गुणों के धारी ने छत्तीसगढ़ की धरा पर अपने सारगर्भित जीवन से मृत्यु को महोत्सव बनाने का उत्कृष्ट संदेश देते हुए रत्नत्रय का पालन करते हुए यम संलेखना समतापूर्वक धारण की। तीन दिनों के उपवास उपरांत अरिहंत भगवान का स्मरण करते हुए ओम शब्द के उच्चारण के साथ ब्रह्मलीन हुए। आचार्य ने समस्त मानव समाज के लिए धर्म प्रभावना की, वही राष्ट्रहित में इंडिया नहीं भारत बोलो का नारा भी बुलंद किया। उन्होंने बताया कि आचार्य जी ने अपनी संलेखना के पूर्व निर्यापक मुनि 108 योग सागर जी महाराज एवं अन्य मुनियों के समक्ष आगामी आचार्य पद हेतु आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के प्रथम शिष्य निर्यापक मुनि 108 समय सागर जी महाराज को योग्य मानते हुए आगामी आचार्य पद देने का अंतिम आदेश दिया। 22 फरवरी को बालाघाट से पैदल विहार करते हुए मुनि समय सागर जी महाराज ससंघ चंद्रगिरी पहुंचे। उन्होंने आचार्य भगवन को विनियांजलि देने के लिए पूरे भारत में एक ही दिन एक साथ 25 फरवरी, दिन रविवार को विनयांजलि देने का निर्देश भारत के सभी जैन समाज एवं आचार्य भगवन विद्यासागर जी महा मुनिराज के अनुयायियों को दिया है।

## लोक महोत्सव में शामिल हुई जपं अध्यक्ष



**छुरिया।** जनपद पंचायत छुरिया क्षेत्र के ग्राम जयसिंग टोला में लोक महोत्सव की समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव इसमें शामिल हुई। कार्य म की अध्यक्षता किसून साहू ने की। जपं अध्यक्ष मती वैष्णव ने उत्कृष्ट आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी व लोक महोत्सव में आये हुए मंडलियों का उत्साहवर्धन किया। आये हुए मंडलियों द्वारा झांकी के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर भेष बाई साहू, देवारु मालेकर, हेमिन साहू, चंपा बाई चंद्रवंशी, विष्णु साहू, सुधीर चंद्रवंशी, हरिराम चंद्रवशी, मोहनीश साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ठाकुरटोला में सीआरसी सेंटर का शुभारंभ वरदान : संजय सिन्हा



**छुरिया।** सीआरसी-ठाकुरटोला राजनांदगांव की स्थापना दिव्याँगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार 25 जून को राजनांदगाँव में की गई थी। यह राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्याँगजनों के सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी), सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। संजय सिन्हा ने कहा कि इस सेंटर का संचालन दिव्यांगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि सांसद संतोष पांडेय के प्रयासों से यह बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने बताया कि, सीआरसी, राजनांदगांव का नया भवन ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवंटित 4151.38 वर्ग मीटर भूमि पर किया गया है।

### लाभार्थी संपर्क अभियान की लोकसभा स्तरीय कार्यशाला संपन्न

## लाभार्थियों तक पहुंचेंगे भाजपा के 11 हजार कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




लोकसभा क्षेत्र की सभी 11 सीटों पर लोकसभा स्तरीय लाभार्थी संपर्क योजना का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन भाजपा कर रही है। राजनांदगांव भाजपा कार्यालय में कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा एवं दिनेश गांधी ने बताया कि लाभार्थी संपर्क योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की उपलब्धियां के बारे में लाभार्थियों से संपर्क कर चर्चा की जाएगी, लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत 24 फरवरी से हुई है। लगातार 5 मार्च तक यह अभियान चलता रहेगा। संपर्क अभियान के प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा के 11 हजार कार्यकर्ता जिले के 5 लाख 22 हजार लाभार्थियों से संपर्क करेंगे और राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की योजनाओं को बताएंगे तथा फीडबैक लेंगे। जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां को बताएंगे केंद्रीय योजनाओं के लाभ ले रहे लोगों का वीडियो बनाएंगे और राज्य सरकार की नई योजनाओं के बारे में भी जनता को अवगत कराएंगे। इसके पूर्व लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी सौरभ कोठारी ने स्वागत प्रतिवेदन देते हुए कहा कि लोकसभा के सभी 34 मंडलों में आगामी तीन दिवसों के अंदर इस अभियान की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न होगी। अभियान के लोकसभा संयोजक सौरभ कोठारी ने संपर्क अभियान की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि जनता जनार्दन होती है, इसलिए कार्यकर्ता लाभार्थी जनता से मिल कर मोदी जी का पत्र सौपेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक द्वय सियाराम साहू, खेदूराम साहू, मदन साहू, घम्मन साहू, रवीन्द्र वैष्णव, खम्मन ताम्रकार, मती नम्रता सिंह, सीताराम साहू एवं 34 मंडलों के मंडल अध्यक्ष मंडल संयोजक सह संयोजक सहित आईटी सेल के गिन्नी चावला, मनीष गोलछा, शशांक ताम्रकार, सूर्यकांत शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिले भोलापुर के ग्रामीण



**छुरिया।** बीते दिनों ग्राम भोलापुर के ग्रामीण जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना के नेतृत्व में ग्राम की विभिन्न समस्याओं को लेकर विधानसभा भवन में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मिले। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व मानव संसाधन (पद सेटअप), बैरागीभेड़ी से भोलापुर मार्ग निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने, हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक की कमी, सर्व समाज के लिए सर्व सुविधायुक्त सामुदायिक भवन व भोलापुर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा खोलने की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा विधानसभा भवन में ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री व लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर ग्राम बैरागीभेडी से भोलापुर मार्ग सडक् निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति की मांग रखी। ग्रामीणों ने बताया कि बैरागीभेड़ी से भोलापुर सड़क निर्माण के लिए लगातार चार बार बजट में शामिल किया जा रहा है लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं मिलने के कारण सड़क का निर्माण कार्य अब तक नहीं हुआ है।

# विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का जशपुर जिले में हुआ भव्य आयोजन

## प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की 34 हजार 427 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का जशपुर जिले की तीनो विधानसभा जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव में आयोजित हुआ ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबाकर 34 हजार 427 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके तहत भिलाई के जंजगिरी में रेलवे के 50 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट को राष्ट्र के नाम समर्पित किया। इस मौके पर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय, स्कूल शिक्षा बृजमोहन अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम रायपुर से वर्चुअल मध्यम से जुड़े। जशपुर विधायक मती राय मुनि भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय से जुड़े। पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कहा कि आज हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आपके बीच आये हैं। गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के सशक्तिकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा। यह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से बनेगा। हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा हब बनाना चाहते हैं। आज राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी। भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पॉवर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। हर घर को सूर्यघर बनाएंगे। हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वहीं बिजली बेचकर आय का एक और साधन देंगे। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्योदय योजना शुरू की है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें सरकार घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी तो सरकार बिजली खरीदेगी।। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रुपए की कमाई होगी. इस अवसर पर जशपुर विधायक मती रायमुनि भगत ने जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों और हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित होने की बधाई एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस दौरान जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारियों को भी प्रशस्ति भी प्रदान किए। विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय, जिला पंचायत अध्यक्ष मती शांति भगत, ओम प्रकाश सिन्हा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राय मुनि भगत ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है। शिविर लगाकर राशन कार्ड, सिकल सेल जांच, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य सुविधाओं का लाभ हितग्रहियो को दिया गया। उन्होंने कहा कि जशपुर सहित पूरे राज्य विकास कर रहा है। जशपुर सुंदर स्वच्छ जशपुर बनाना है।

# दो साल के मासूम रेहान का होगा निशुल्क इलाज

## मेडिकल कॉलेज रायपुर से इलाज करा, वापस घर लौटी सुकान्ति

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सीएम कैंप बगिया के निर्देश पर कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने 2 साल के मासूम रेहान तिर्की के निःशुल्क इलाज के लिए पहल की है। जिले के कांसाबेल ब्लाक के ग्राम पंचायत कोगाबहरी केआश्रित ग्राम नरियरडांड़ निवासी रिहान के पिता ईश्वर तिर्की ने,अपने बेटे के इलाज में सहायता के लिए,सीएम कैम्प में आयोजित जनदर्शन में सहायता मांगी थी। ईश्वर तिर्की ने बताया कि उसके बेटे के मुंह में जन्म से ही समस्या है। इस कारण वह बोल पाने में असमर्थ है। स्थानीय स्तर पर उन्होनें बहुत इलाज कराया। लेकिन, कोई फायदा नहीं हुआ। डाक्टर उसे इलाज के लिए बड़े अस्पताल में दिखाने की सलाह दी थी. इस पर स्वजनों ने रायपुर के एक निजी अस्पताल मे उसका इलाज कराया. इसके बाद भी रेहान बोल नहीं पा रहा है.सीएम कैम्प के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम ने रेहान की जांच की है। टीम ने मासूम रेहान को क्लीफ्ट लिप पैलेट नामक बीमारी से पीड़ित के रूप में चिन्हाकिंत किया है। चिरायु टीम के प्रभारी डॉ अरविन्द रात्रे ने बताया कि कलेक्टर डा रवि मित्तल के निर्देश पर रेहान का रायपुर में इलाज कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है.उन्होंने बताया कि रेहान का इलाज रायपुर के निजी चिकित्सालय मे निशुल्क कराया जाएगा. इसके लिए, उसे स्वजनों और चिरायु टीम के साथ रायपुर भेजा जाएगा।

**मेडिकल कालेज से घर पहुंची सुकांति-** भोजन पकाने के दौरान, दुर्घटनावश आग से झुलस कर, दिव्यांगता का शिकार हुई महिला सुकांति चौहान पति नंदकुमार चौहान, रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उपचार के बाद वापस अपने घर आ गई है। आग में सुकांति का दोनों पैर बुरी तरह से झुलस गया था। स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद वह स्वस्थ तो हो गई थी,लेकिन चल फिर नहीं पा रही थी। 3 फरवरी को सुकांति और उसके पति नंदकुमार चौहान ने इलाज में सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुकांति को एंबुलेंस से रायपुर ले जा कर डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।यहां चिकित्सकों ने सुकांति के पैरों का सफल आपरेशन किया है। आपरेशन के बाद,15 दिनों तक सुकांति डाक्टरों की निगरानी में रही। अब वह वापस अपने घर पहुंच कर,आराम कर रही है। आशा की जा रही है कि जल्द ही वह सामान्य लोगों की तरह चल फिर सकेगी।

मेडिकल कालेज में उपचार की व्यवस्था के लिए सुकांति और उसके पति नंदकुमार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बगिया मे सीएम कैम्प कार्यालय के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फोन पर डीकेएस अस्पताल मे उपचार के दौरान सुकान्ति से बात की थी और उसका हालचाल पूछ कर, जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनायें दी थी.

# अमृत भारत योजना का कार्यक्रम का रेलवे स्टेशन में वार्ड पार्षद टी ज्योति द्वारा किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

अमृत भारत योजना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद मोहन मंडावी द्वारा दल्लीराजहरा में मॉडल स्टेशन के लिए 15 करोड़ राशि योगदान के लिए टी.ज्योति वार्ड पार्षद द्वारा किया गया आभार व इस कार्यक्रम में नगर की जनता को आमंत्रित करने के लिए किया गया अपील। बताया गया कि अमृत भारत योजना के तहत छत्तीसगढ़ में भी 7 रेल्वे स्टेशनों का होगा कायाकल्प। वीडियो कांफ्रेंसिंग के ज़रिए जुड़ेंगे मोदी, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होंगे सांसद मोहन मंडावी व समस्त रेलवे आधिकारी,इस कार्यक्रम के तहत भारतीय रेल्वे उन सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को बेहतर बनाने की कोशिश करेगा जिसमें आम आदमियों को अब तक कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था ।इस योजना के तहत मुख्यतः यात्रियों को स्टेशन पहुंचने वाली असुविधाओं को दूर करना, मुफ्त वाईफाई उपलब्ध, कराना वेटिंग रूम की सुविधा और शौचालयों जैसी जगहों को बेहतर बनाने में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हाल ही में रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के आधुनिकीकरण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इस अमृत भारत स्टेशन योजना की नई नीति तैयार की जिसमे कुल 1275 स्टेशनों में प्रथम चरण के लिए 508 रेल्वे स्टेशनों का चयन किया गया है।

## अग्निवीर वायु सेना भर्ती : जिला प्रशासन द्वारा सेना भर्ती के लिए दिया जा रहा है निरूशुल्क कोचिंग, मॉक टेस्ट में जिले से अभ्यार्थियों ने भाग लिया

**जशपुरनगर।** अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जिले के पात्र अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु निरूशुल्क कोचिंग प्रदान किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया की अग्निवीर वायुसेना में फॉर्म भरने वाले ज़िले के अभ्यर्थियों को ब्लॉकवार आत्मानंद स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से ज़िला प्रशासन द्वारा 17 मार्च को आयोजित लिखित परीक्षा की तैयारी निःशुल्क् कराया जा रहा जिसके अनुक्रम में प्रति शनिवार रायपुर से मॉक टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है 24 फरवरी को आयोजित मॉक टेस्ट में जिले से अभ्यार्थियों ने भाग लिया।

# हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत, उज्ज्वला योजना के तहत किया गया निःशुल्क गैस वितरण

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन आज स्थानीय नई मंडी प्रांगण में किया गया। शिविर में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी उपस्थित थे। इस दौरान प्रमुख रूप से विपिन उबोवेजा, संजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, बिहारी अग्रवाल, स्वर्ण सिंह सलूजा, अमर बग्गा, प्रदीप साहू, गुंजन अग्रवाल, फूड इंस्पेक्टर सुशीला उपस्थित थे। अतिथि द्वारा शिविर के उद्देश्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करने और दैनिक जीवन यापन को सहज बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थितथे। जिनके द्वारा नागरिगणों की जरूरत, समस्याओं के लिए स्टॉल लगाए गए थे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से चिवराकुटा इंडेन गैस एजेंसी के द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 42 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन निशुल्क वितरण किया गया।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर 23 फ़रवरी को चार सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक एस के सिंह ,महेंद्र पाल,एवं सहसंयोजक अवधेश शुक्ला ने कहा कि मोदी के गारंटी अनुसार केन्द्र के समान 4प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से,एरियर्स राशि का जीपीएफ खाते में समायोजित करने तथा, सातवें वेतनमान की अंतिम एरियर्स राशि का भुगतान किया करने एवं पिंगवा कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने सहित विभिन्न मांगों के संबंध में राज्य शासन को समय-समय पर ज्ञापन देकर निराकरण करने अनुरोध किया गया है लेकिन आज तक निराकरण के लिए किसी भी प्रकार कि कार्यवाही नहीं होने के कारण प्रदेश के कर्मचारी अधिकारी काफी आक्रोशित हैं। उक्त मांगों को लेकर आज ज्ञापन देने के अवसर पर जिला अध्यक्ष बिन्दु भास्कर, प्रभाकांत शर्मा।

# मॉडल ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर में रक्तदान का आयोजन किया गया





पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अनंत विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज स्व स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल जिला रायपुर के तत्वावधान में रायपुर के मॉडल ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर में रक्तदान का आयोजन किया गया। इस शिविर में 52 यूनिट रक्त का दान किया गया। यह आयोजन जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज के आह्वान पर पूरे देश भर में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर का आयोजन 10 फरवरी से 25 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें पूरे भारतवर्ष में लगभग 1 लाख यूनिट रक्त का दान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तारतम्य में स्व स्वरूप संप्रदाय जिला रायपुर के द्वारा भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए 72 अनुयायियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 52 भक्तो ने रक्त दान किया। इस अवसर पर मॉडल ब्लड बैंक में का हार रायपुर के डॉक्टर अविरल के साथ उनके पूरे स्टाफ का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर के आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ स्व स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छत्तीसगढ़ के पीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, रायपुर के जिला अध्यक्ष धन्नू लाल देवांगन, रायपुर महिला अध्यक्ष राधा जायसवाल, पीठ व्यवस्थापक देवेंद्र पांडे, आशा बोतकावार, अनीता संघानी, संदीप गभने, येनीराम राम शिवनकर, पुरुषोत्तम तरोने, राघव तरोने, अपर्णा चौहान, अथर्व माहेश्वरी, माहेश्वरी यादव, माधुरी खांजोडे, बलवंत सिंह ठाकुर, सुनील शर्मा आदि भक्तगण उपस्थित थे।

# मुख्य महाप्रबंधक खदान के सभागार में बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया मुख्य महाप्रबंधक खदान के सभागार में एक बैठक आयोजित हुई थी जिसमें बीएसपी प्रबंधन, यूनियन प्रतिनिधि गण , शहीद अस्पताल और ज्योति अस्पताल के प्रतिनिधि, खदान के ठेकेदार और ठेका श्रमिक उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ठेका श्रमिकों को परिवार सहित ओपीडी मेडिकल सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में था। इस बैठक में खदान के कुछ ठेका श्रमिकों को मेडिकल बुक मुख्य महाप्रबंधक खदान और यूनियन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदान कर मेडिकल सुविधा का शुभारंभ किया गया। खदान मजदूर संघ भिलाई के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने आगे बताया कि ठेका श्रमिकों को मेडिकल सुविधा मिले इसकी मांग सभी यूनियन अपने अपने स्तर पर प्रबंधन से करते आ रहे हैं और जिसका सार्थक परिणाम सबके सामने है कि इतने वर्षों बाद ठेका श्रमिकों को परिवार सहित ओपीडी मेडिकल सुविधा मिल रही है जिसके सभी बधाई के पात्र हैं क्योंकि सामूहिक प्रयास कभी विफल नहीं होता है। संघ ने बैठक में प्रबंधन के सामने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रबंधन का यह कदम बहुत ही सराहनीय है पर अगर श्रमिकों को मेडिकल सुविधा परिवार सहित पूर्ण रूप से मिले तो उसके लिए संघ के कुछ सुझाव आपके समक्ष रखतीं हैं कि ठेका श्रमिकों को परिवार सहित ओपीडी मेडिकल सुविधा सही तरीके से मिले उसके लिए सबसे पहले एक कमेटी बनाई जाए जो समय समय पर मेडिकल सुविधा का आंकलन करें और इसे सही तरीके से क्रियान्वित करने के लिए प्रयास करें और संघ ने यह भी कहा कि अभी वर्तमान में ठेका श्रमिकों को परिवार सहित ओपीडी मेडिकल सुविधा दिया जाना है। इसमें आईपीडी (रिफर) को भी शामिल किया जाए जिससे गंभीर रूप से बीमार ठेका श्रमिकों को इसका लाभ मिल सके और तब ही इस मेडिकल सुविधा को पूर्ण मान सकते हैं, क्योंकि वर्तमान में अभी माइनिंग ठेका श्रमिकों को इससे अच्छी मेडिकल सुविधा मिल रही है जिसमें ओपीडी और आईपीडी रिफर की सुविधा भी शामिल हैं इसलिए पूरे खदान में एकरूपता लाने के लिए सभी ठेका श्रमिकों को परिवार सहित ओपीडी मेडिकल सुविधा के साथ साथ आईपीडी रिफर सुविधा भी मिलें क्योंकि ओपीडी की सुविधा तो सभी के लिए शासकीय अस्पताल में अभी भी उपलब्ध है ।

# जिला अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य और परामर्श शिविर का जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान द्वारा आयोजित जशपुर जिला अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य और परामर्श शिविर का शुभारंभ जशपुर विधायक मती रायमुनि भगत के द्वारा किया गया। इस दौरान कृपाशंकर, रजनी प्रधान, सुरेश राम भगत, सन्तोष सिंह, दीपू मिश्रा, राहुल गुप्ता, देवासिश मोहन, सीएमएचओ और सीएस उपस्थित थे। स्वास्थ विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार ब्लॉक स्तर पर 24 स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया है। शिविर में हृदय, किडनी और कैंसर रोग के लिए कुल 486 व्यक्ति का स्क्रीन, डीएच स्तर पर मेगा कैंप के लिए कुल 180 संदिग्ध और रेफरल, हृदय, किडनी, कैंसर एवं रक्त रोग के कुल 132, हृदय रोग की आशंका के 48, हृदय रोग की पुष्टि के 28, गुर्दे की बीमारी की आशंका के 46, किडनी रोग की पुष्टि 21, कैंसर रोग की आशंका के 38, कैंसर रोग की पुष्टि के 21, बीपी रोगी के 52, मधुमेह के 17 का परीक्षण किया गया।

## ई एनटी विशेषज्ञ व प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक निलंबित

**जशपुरनगर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव ने जिला चिकित्सालय जशपुर ई. एन. टी. विशेषज्ञ व प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर. एन. केरकेट्टा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। ई. एन. टी. विशेषज्ञ व प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर. एन. केरकेट्टा द्वारा जिम्मेदार चिकित्सक के पद पर पदस्थ रहते हुए अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती है जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम - 3 का स्पष्ट उल्लंघन है। जिस हेतु राज्य शासन, एतद्द्वारा, डॉ. आर. एन. केरकेट्टा (ई.एन. टी. विशेषज्ञ) प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय जशपुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। निलंबन अवधि में डॉ. आर. एन. केरकेट्टा का मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, सरगुजा, अंबिकापुर निर्धारित किया जाता है।

## छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की

# लोरमी के मानस मंच में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आज नगर पंचायत लोरमी के मानस मंच में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री का जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री साव ने मंच प्रांगण में स्थित मंदिर में रामलला की पूजा-अर्चना की तथा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाने ''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हो रहा है। यह सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता को 34 हजार करोड़ रूपए से अधिक की परियोजनाओं का सौगात दिया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प के साथ आज हर घर में शौचालय, गैस कनेक्शन, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, गरीबों को पक्का मकान दिलाने पीएम आवास, गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ गांव, गरीब और आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की प्रत्येक गारंटी को पूरा किया जा रहा है। सरकार बनते ही हमने सबसे पहले 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने का निर्णय लिया, किसानों को 2 साल का बकाया बोनस का वितरण किया और महतारी वंदन योजना के तहत आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ की विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 01 हजार रूपए दिया जाएगा। सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर, एवं सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ''विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़'' अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की मंशानुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए विधानसभा लोरमी में 41 दिवस तक शिविर का आयोजन किया गया और जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, पीएम पोषण अभियान आदि योजनाओं से गांव, गरीब व आम जनता को लाभान्वित किया गया। उन्होंने कहा कि यह अभियान निश्चित रूप से गांव, गरीब और आम जनता तक शासन की विभिन्न योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने कारगर सिद्ध होगा।

# जुआ-सट्टा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जुआ-सट्टा के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसको देखते हुए जुआ सट्टा खिलाने वालो में हडकंप मचा हुआ है, नगर में ही कुछ कार्यवाही को अंजाम दिया गया था वही पुलिस अधिक्षक के निर्देश पर जिले से सभी थानो में कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। इसी कडी में 24 फरवरी को सरगांव पुलिस द्वारा जुआ चलने की सूचना पर ग्राम मोतिमपुर में दबिश देकर जुआ खेल रहे 04 आरोपियों 1) नितिन पांडेय, 2) हृदय पटेल, 3) मोहन पाल, 4) प्रशांत यादव, के कब्जे से राशि 74520/- रूपये नकद एवं 01 नग मोटरसाइकिल तथा 52 पत्ती ताश जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु मुंगेली पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जायेगी।

# पायनियर हलचल...

## अरूण साव और बृजमोहन के बीच दूरी तो नहीं?




उपमुख्यमंत्री अरूण साव और कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने एक-दूसरे से दूरी बना ली है। दरअसल में यह दूरी निर्माण कार्य को लेकर बनाई गई है। बृजमोहन और अरूण साव के राजनीतिक संबंध कैसे हैं यह तो वह दोनों ही जानेंगे। लेकिन बृजमोहन ने साव के पास ना जाने का फैसला लिया है, वह भी कानूनी रूप से। अब स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग स्वयं निर्माण कार्य कराएंगे। अभी तक स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी और आरईएस विभाग के माध्यम से होते थे, जो वर्तमान में अरूण साव के पास है। बृजमोहन अग्रवाल ने यह काम साव के विभाग से छीनकर खुद करने का फैसला लिया है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधान सभा में बताया कि अब उनके विभाग में इंजीनियरिंग शाखा का गठन किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के निर्माण कार्य इसी के माध्यम से किये जाएगें।

### पहली सलाह और टेबल छोटा

सीएम बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी के पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने शुक्रवार की सुबह नास्ते के साथ राजधानी के पत्रकारों से मुलाकात कर खास चर्चा की। आम तौर पर राजा का दरबार बड़ा होता है, लेकिन साय का दरबार बहुत सिकुड़ा हुआ दिखाई दिया। पहली सलाह में राजधानी के चुनिंदा पत्रकारों को ही न्योता दिया गया। कहते हैं कि टेबल छोटा था, इसलिए संख्या भी टेबल अनुरुप तय की गई। टेबल का मेंजरमेन्ट किसने लिया, यह अभी भी राज है। सीएम नये हैं, स्वभाव भी सरल, लेकिन यह सिस्टम पुराना है। राजधानी के पत्रकारों, संपादकों, मालिकों से पूर्व के सीएम भी मुलाकात करते रहे हैं। लेकिन पहुना रेस्ट हाउस का टेबल छोटा है, इसलिए पत्रकारों, संपादकों की संख्या कम कर दी गई यह बात अन्य पत्रकारों को हजम नहीं हो रही। खास बात यह है कि विष्णुदेव सरकार के शपथ लेते ही एक बात की हवा उड़ाई जा रही है, कि सब कुछ ऊपर से तय हो रहा, संघ तय कर रहा। यह बात अफसरों के ट्रांसफर लिस्ट के बाद अब पत्रकारों के लिए भी झूठी निकली। क्योंकि विचारधारा से जुडे कुछ खास समाचार पत्र के संपादकों को भी सीएम हाउस (पहुनां) के टेबल में जगह नहीं मिल पाई।

### पर्सनल बाडीगार्ड

दर्द जब होता है तो चीख बाहर आ ही जाती है। सत्ताधारी दल के एक विधायक ने अपनी ही सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत की पराकाष्टा है। इस विभाग के अफसर इतना अफोर्ड कर सकते है, उनकी आय इतनी है कि वह पर्सनल बाडीगार्ड लेकर चल सकते हैं। विधायक जी ने कहा कि प्रदूषण का स्तर ऐसा है कि जो बच्चा गोरा पैदा होता है, वह सांवला हो जाता है। प्रदूषण का प्रकोप अब इतना है कि पक्षियां भी दिखाई नहीं देते। दुल्हन गोरी ब्याह के आती है, लेकिन उसका रंग काला पड़ जाता है। यहां तक कि सत्ताधारी दल के सदस्य ने इन्हें मानवता का दुश्मन भी कह डाला। दरअसल में पूर्व की सरकार में यह विभाग वसूली का एक केन्द्र बना हुआ था। इस विभाग को मलाईदार विभाग माना जाता है। पहले यहां पर आरजी का सीधा दखल था, आरजी के जाने के बाद उद्योग से नाता रखने वाले एक रिटायर्ट आईएएस अफसर के चेहते को जिम्मेदारी सौंप दी गई। सरकार बदली लेकिन व्यवस्था नहीं बदली, जिससे सत्ताधारी दल की पीड़ा चीख-चीखकर बाहर आ ही जाती है।

### माया मिली न राम



वाइल्ड लाइफ की जिम्मेदारी सम्भाल रहे पीसीसीएफ सुधीर अग्रवाल का हेड ऑफ फारेस्ट बनने का सपना अब सपना ही रह जाएगा। दरअसल में अग्रवाल ने सरकार बदलते ही इसके लिए लाबिंग शुरु कर दी थी। वह सबसे पहले अपने एक चहेते अधिकारी को वन मंत्री का ओएसडी बनवाने के जुगाड़ में थे। ओएसडी बनते ही सुधीर की पकड़ मजूबत हो जाती। कहते हैं सुधीर के इस चहेते अधिकारी की फाइल ओएसडी के लिए मंत्रालय तक पहुंच चुकी थी, लेकिन विवादों से नाता देख मंत्री केदार कश्यप ने मना कर दिया। इस दरम्यान सुधीर अग्रवाल की भद्द पिट गई, विधानसभा से लेकर हर जगह वन्यजीवों की मौत का मामला गूंजता रहा, पहली दफा विधानसभा में पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ पर कार्रवाई की मांग की गई। यहीं नहीं बाघ की मौत के मामले में वन मंत्री केदार को अधिकरियों द्वारा झूठी जानकारी दी गई, जिसके कारण मंत्री भी सदन में घिरते नजर आए। बजट सत्र में वन विभाग वन्य जीवों की मौत को लेकर सुर्खियों में रहा। ऐसे में उनका हेड ऑफ फारेस्ट बनने का सपना शायद ही पूरा हो पाये। कुल मिलाकर सुधीर के लिए कहा जा सकता है माया मिली न राम।

### भरोसेमंद सिसोदिया



विक्रम सिसोदिया को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का सचिव नियुक्त किया गया है। सिसोदिया का कार्यकाल रमन के अध्यक्षीय कार्यकाल तक रहेगा। विक्रम सिसोदिया रमन सिंह के साथ उस दौर से है जब रमन केन्द्र का हिस्सा हुआ करते थे। रमन के 15 साल मुख्यमंत्री रहते हुए भी सिसोदिया के पास अहम जिम्मेदारी रही। अब एक बार फिर डॉ. रमन सिंह ने विक्रम सिसोदिया पर भरोसा जताया है। सिसोदिया को सचिव बनाने के बाद यह माना जा रहा है कि वह आज भी रमन के सबसे भरोसेमंद हैं। हालांकि इसके लिए अरुण बिसेन का नाम भी प्रमुखता से उभर कर सामने आया था।

### पीछे छूटा कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा से जीतकर राजधानी पहुंच चुके हैं। शायद जिम्मेदारी बड़ी है, इसलिए कवर्धा पीछे छूटता जा रहा है। वह भाजपा कार्यकताओं के साथ कितना न्याय कर पा रहे हैं, इसका मूल्याकंन उन्हें स्वयं करना है। कवर्धा कभी अकबर का गढ़ रहा। 2018 का विधानसभा चुनाव अकबर ने तकरीबन 60,000 मतों से जीता। कुछ आईएएस, आईपीएस अफसर तो अकबर के मुरीद थे ही। जो विभाग अकबर के पास था, उस विभाग से खास अफसरों को चुनकर कवर्धा भेजा जाता था, चुनाव दरम्यान अफसर कितना निष्पक्ष रहे यह भला विजय शर्मा और उनके कार्यकताओं से जादा कौन जानेगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने किन कठिनाइयों से कवर्धा में चुनाव लड़ा और जीता यह जगजाहिर है। अकबर दरबार के खास अफसर कवर्धा डीएफओ आईएफएस चूड़ामणि की शिकायत भी चुनाव आयोग से हुई। दिलराज प्रभाकर जिन्हें अकबर दरबार का मैनेजर कहा जाता रहा वह आज भी प्रमुख पदों में काबिज हैं। भाजपा का अपने कार्यकर्ताओं के साथ यह कैसा न्याय है? यह तो विजय शर्मा ही जानेंगे।

### कैसे रुकेगा लीकेज?

हम उस देश में रहते हैं जहां गरीबों को पूरा मकान बनाने के लिए अधिकतम डेढ़ लाख रुपये दिये जाते हैं। जरा सोचिए के डेढ़ लाख में मकान कैसे बनाया जा सकता है? यहीं नहीं यह डेढ़ लाख हॉसिल करने के लिए गरीब के जूते घिस जाते हैं। सरकारी सिस्टम और आखिरी किश्त पाने तक गरीब के हाथ एक लाख रुपये ही लगते हैं। उसी देश में उन्हीं के राज्य में उनके प्रतिनिधियों, मंत्रियों के लिए एक कमरा बनाने में तकरीबन डेढ़ करोड रुपये खर्च किए जाते हैं। भला इस व्यवस्था में लीकेज कैसे रुकेगा?

editor.pioneerraipur@gmail.com

# प्रधानमंत्री ने जन-जन के लिए योजनायें बनाकर गरीबों को लाभान्वित किया: उद्योग मंत्री देवांगन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संवाद कार्यक्रम में कोरबावासी भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। कोरबा विधानसभा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ को 34 हजार 400 करोड़ राशि के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। इससे हमारा छत्तीसगढ़ विकास की राह में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन-जन के लिए कल्याणकारी योजनाएं बना रहे हैं। उनकी योजनाओं से गरीबो को फायदा हुआ है। दुनिया में भारत का नाम बढ़ा है। आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने के साथ ही अधोसंरचना के क्षेत्र में भी तेजी से विकास हुआ है। उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार है। इससे केंद्र सहित राज्य की योजनाओं का लाभ आसानी से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के लोगों की चिंता की और 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के निर्माण हेतु केबिनेट में स्वीकृति प्रदान की। दो साल का बकाया धान बोनस की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को लाभान्वित करने प्रति बोरा मानक दर को 04 हजार से 5500 किया गया है। इसके साथ ही संग्राहकों को चरण पादुका, साड़ी भी दी जाएगी। विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा सभी महिलाओं के खातों में महतारी वंदन योजना के माध्यम से साल में 12000 देने की शुरूआत होने वाली है। इसके लिए फॉर्म भी भरा लिए गए हैं। जल्द ही पात्र महिलाओं के खातों में राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लगातार शिविर का आयोजन करके जरूरतमन्द हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड सहित पीएम विश्वकर्मा योजना आदि से लाभान्वित किया गया। कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में धुंए से मुक्ति के लिए प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन बहुत से परिवारों के लिए लाभदायक सिद्ध हुआ। गरीबों को निःशुल्क चांवल उपलब्ध कराने, कोरोना काल में मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराने का काम भी किया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन को कोरबा जिले में घंटाघर आडिटोरियम परिसर मैदान में, रामपुर विधानसभा के कोरकोमा में, पाली विधानसभा के पोड़ी, कटघोरा विधानसभा के भिलाईबाजार में बड़ी संख्या में आम नगारिकों और जनप्रतिनिधियों ने सुना इस मौके पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# नगरीय निकायों के लिए 70.51 करोड़ रुपए स्वीकृत

## 21 नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत राशि मंजूर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के 21 नगरीय निकायों के लिए 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कुल 70 करोड़ 50 लाख 76 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। इनमें 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत पांच करोड़ 11 लाख 62 हजार रुपए और 15वें वित्त आयोग के तहत 65 करोड़ 39 लाख 14 हजार रुपए की राशि शामिल हैं। नगरीय निकायों में विकास कार्यों में तेजी लाने उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने ये राशि मंजूर की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत सरिया नगर पंचायत के लिए 32 लाख 26 हजार रुपए, रायगढ़ नगर निगम के लिए दस करोड़ 62 लाख 81 हजार रुपए, जगदलपुर नगर निगम के लिए नौ करोड़ 31 लाख 30 हजार रुपए, कवर्धा नगर पालिका के लिए एक करोड़ 21 लाख 18 हजार रुपए और खरसिया नगर पालिका के लिए 34 लाख 78 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। विभाग द्वारा नगरी नगर पंचायत के लिए 62 लाख 96 हजार रुपए, माना कैंप नगर पंचायत के लिए 12 लाख 66 हजार रुपए, लवन नगर पंचायत के लिए 48 लाख 58 हजार रुपए, लैलुंगा नगर पंचायत के लिए दस लाख रुपए, लोरमी नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 44 लाख 84 हजार रुपए, बिलासपुर नगर निगम के लिए आठ करोड़ 73 लाख 61 हजार रुपए, कोरबा नगर निगम के लिए 11 करोड़ 56 लाख 25 हजार रुपए, रायपुर नगर निगम के लिए 17 करोड़ 28 लाख 11 हजार रुपए, सरायपाली नगर पालिका के लिए 70 लाख 52 हजार रुपए, कुंरा नगर पंचायत के लिए एक करोड़ 15 लाख 78 हजार रुपए, डभरा नगर पंचायत के लिए 26 लाख रुपए तथा मुंगेली नगर पालिका के लिए एक करोड़ सात लाख 50 हजार रुपए की स्वीकृति 15वें वित्त आयोग के तहत प्रदान की गई है।

# सरिया नगर पंचायत में मांगलिक भवन और उद्यान निर्माण के लिए 1.2 करोड़ रुपए स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया नगर पंचायत में मांगलिक भवन और उद्यान के निर्माण के लिए एक करोड़ 20 लाख 13 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद दोनों कार्यों के लिए स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने दोनों कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा सरिया नगर पंचायत में डॉ. बी.आर. अंबेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन के लिए 73 लाख 73 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। विभाग द्वारा सरिया में उद्यान निर्माण के लिए 46 लाख 40 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

## राज्य में 116 लाख 26 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसानों से 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की जा चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 125 लाख 9 हजार 281 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 116 लाख 26 हजार 141 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

# फंड के अभाव में चुलमाटी, मंडप और मेहंदी के बाद विवाह रद्द हो गया : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार की लापरवाही और असंवेदनशीलता के कारण सामूहिक कन्या विवाह में लोगो की भावनाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लोगो की शादी कार्ड बंट गये, चुलमाटी से लेकर मंडप और मेंहदी तक की रस्में हो गई लेकिन सरकार द्वारा फंड जारी नहीं करने के कारण विवाह कैंसिल करना पड़ा। भिलाई के चरौदा में 14 और 22 फरवरी को 90 से अधिक जोड़ो के विवाह फंड के अभाव में घोषित तिथि के दिन रद्द कर दिया गया। कमोबेश पूरे प्रदेश में यही हालात है। सरकार की असंवेदनशीलता के कारण गरीबो की कन्याओं और उनके परिजनों को अपमानित होना पड़ रहा है। आवेदन स्वीकृत करने के बाद विवाह कैंसिल हो रहा है। राजधानी में हरदिहा साहू समाज के द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन होना है। जिसमें 100 जोड़ो का पंजीयन हुआ है। लेकिन सरकार द्वारा आर्थिक सहायता स्वीकृत नहीं किया जा रहा। यही हालत सभी समाजो के साथ है लोगो के आवेदनों पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री निर्धन कन्या विवाह योजना गरीब वर्ग के परिवारों की बेटियों के विवाह के लिये चलाई जाने वाली संवेदनशील योजना है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस योजना की राशि 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार किया था, यह दुर्भाग्यजनक है कि साय सरकार की प्राथमिकता में यह योजना नहीं है और धनाभाव में गरीब बेटियों की शादियां रद्द हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक निर्धन कन्या योजना सिर्फ एक योजना नहीं, सरकार का सामाजिक दायित्व है।

# स्टेट जीएसटी ने तीन दिनों में की पूरे प्रदेश में बड़ी कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्टेट जीएसटी विभाग ने प्रदेश के कई स्थानों पर पिछले तीन दिनों में औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने सभी संभागों के कई स्थानों पर छापा मारकर करोड़ों रूपयों के टैक्स की चोरी पकड़ी है। विभाग द्वारा न केवल आई टी टूल्स का प्रयोग कर चोरी पकड़ने में किया जा रहा है बल्कि ई-वे-बिल की जांच से प्राप्त सूचनाओं, फील्ड से एकत्र की जा रही सूचनाओं के आधार पर भी कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि इस बार छत्तीसगढ़ के बजट में राज्य कर विभाग के अंतर्गत बिज़नस इंटेलिजेंस यूनिट के गठन का भी उल्लेख किया गया है इसमे आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर टैक्स चोरी रोकने के साथ ही पारदर्शिता भी बढ़ाने पर भी काम किया जाएगा। स्टेट जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर, दुर्ग, रायगढ़, जांजगीर और मनेन्द्रगढ़ में 11 व्यापारियों आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर, ए. एस. माइनिंग मनेन्द्रगढ़, स्काइ अलोय एंड पावर लिमिटेड रायगढ़, केंडिड सिक्योरिटी रायपुर, पिलानिया स्टील दुर्ग, पिलानिया इंडस्ट्रीज़ दुर्ग, रेफेक्स इंडस्ट्रीज जांजगीर, अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर, श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़ रायपुर, ईश्वर इस्पात, रायपुर एवं ईश्वर टीएमटी के यहाँ छापा मार कर लगभग 7 करोड़ 60 लाख रूपए का टैक्स मौके पर ही पकड़कर उसे सरेंडर करवाया। जीएसटी विभाग कर चोरी रोकने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उनके द्वारा एडवांस आईटी टूल्स का उपयोग किया जा रहा है। उनके द्वारा ईवे बिल जांच की कार्रवाई भी नियमित रूप से की जा रही है, जिसके लिए विभिन्न टीमें गठित की गई है। केवल फरवरी माह में ही अब तक टीमों द्वारा रायपुर संभाग में 33, बिलासपुर संभाग मे 34 और दुर्ग संभाग में 9 गाड़ियों को ई वे बिल मे अनियमितता पाये जाने पर जब्त किया गया है। इनमे से 28 गाड़ियों से लगभग 57 लाख रु की पेनाल्टी भी वसूल की जा चुकी है। शेष गाड़ियों पर कार्रवाई अभी जारी है। बोगस फर्मे बनाकर उनके नाम से माल परिवाहित करने वालों पर विभाग की विशेष नजर है। आरएआईएस पेट्रोलियम रायपुर के ठेकेदारों का बिटुमिन सप्लाई करने और ट्रांसपोर्ट का भी व्यवसाय है। इनके द्वारा आईटीसी का बोगस क्लेम अपने रिटर्न मे किया गया था। इन्होने लगभग ढाई करोड़ रूपए कम टैक्स जमा करना स्वीकार करते हुये 1 करोड़ रूपए मौके पर ही सरेंडर किया है। रायपुर के ही केंडिड सिक्योरिटी सर्विसेस ने भी अपने रिटर्न मे टैक्स जमा नहीं किया था। छापा मारे जाने पर इनके जाने पर लगभग 3.5 करोड़ रु का टैक्स नहीं जमा किया जाना स्वीकार करते हुए 1 करोड़ रूपए मौके पर ही जमा किया गया। ए. एस. माइनिंग द्वारा परिवार के अन्य सदस्यों के नाम पर फर्म बनाकर सर्क्युलर ट्रेडिंग करते हुये टैक्स की देनदारी छिपाई जा रही थी। इनके मनेन्द्रगढ़ और रायपुर स्थित कार्यालयों मे अधिकारियों द्वारा छापा मारे जाने पर इन्होंने मौके पर ही 30 लाख रूपए जमा किए। अग्रवाल स्टील एंड पाइप रायपुर पर भी अधिकारियों द्वारा छापा मार कर 30 लाख रूपए जमा कराया गया। स्काइ अलोय एंड पावर लि. रायगढ़ में जांच पर स्टॉक में अंतर, टर्नओवर छिपाने और गलत आई टीसी लेना पाया गया। व्यवसायी द्वारा 60 लाख रूपए टैक्स तुरंत जमा कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी आगे दस्तावेजों की जांच से टैक्स की राशि और बढ़ेगी। दुर्ग के पिलानिया इंडस्ट्रीज़ और पिलानिया स्टील्स पर भी छापेमारी की गई यहाँ भी टर्नओवर कम दिखा कर कम टैक्स जमा किए जाने की बात सामने आई है। श्याम स्टील इंडस्ट्रीज़, ईश्वर इस्पात एवं ईश्वर टीएमटी द्वारा कच्चे मे स्क्रैप की खरीदी कर सरिया बनाया जा रहा था और जी एस टी की चोरी की जा रही थी।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403